* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

14 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 264

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली






### चुनाव आयोग की तरफ से किया गया दावा

# बिहार के वोटर लिस्ट में विदेशी भी

## ■ गहन पुनरीक्षण अभियान में बांग्लादेश, म्यांमार और नेपाल के नागरिक मिले

## ■ सभी के पास वोटर आइडी आधार और राशन कार्ड मौजूद होने का भी दावा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले जारी मतदाता सत्यापन अभियान (एसआइआर) में बड़ा खुलासा हुआ है। चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि बिहार के वोटर लिस्ट में बड़ी संख्या में विदेशी नागरिकों के नाम हैं, जिनमें नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश के नागरिक शामिल हैं। घर-घर जाकर सत्यापन में यह भी पता चला है कि इन विदेशियों के पास वोटर कार्ड, आधार कार्ड और राशन कार्ड भी मौजूद है। आयोग की ओर से कहा गया है कि अंतिम वोटर लिस्ट में इनका नाम नहीं होगा। एसआइआर का मकसद ही अवैध मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर करना है। मतदाता सत्यापन के नाम पर जारी राजनीति के बीच यह तथ्य उजागर होने से सियासी हलके में खलबली मच गयी है, क्योंकि कांग्रेस समेत महागठबंधन के सभी दल इस अभियान का विरोध कर रहे हैं।

आयोग के अफसरों ने बताया कि उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए घर-घर जाकर दौरे किये। इस दौरान उन्हें नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से आये लोग बड़ी संख्या में मिले हैं। अफसरों के मुताबिक एक अगस्त के बाद ऐसे लोगों की जांच होगी। वोटर लिस्ट पुनरीक्षण का काम 24 जून को शुरू हुआ था और 25 जुलाई, 2025 तक गणना फॉर्म जमा कराया जा सकता है। चुनाव आयोग ने कहा है कि 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची से इन सबका नाम हटा दिया जायेगा।

आयोग ने दावा किया है कि शनिवार तक बिहार में जारी एसआइआर के तहत 80.11 प्रतिशत मतदाताओं ने अपना फॉर्म जमा करा दिया है। निर्धारित समय सीमा (25 जुलाई) तक फॉर्म जमा लेने का काम पूरा कर लिया जायेगा। बिहार में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने वाला है। इसके मद्देनजर देश के राजनीतिक गलियारे में मतदाता पुनरीक्षण का मामला चर्चित बन गया है। विपक्षी दल इसे रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक गये। कोर्ट ने चुनाव आयोग को कुछ निर्देश देते हुए रोक लगाने से इनकार कर दिया।




### अगले माह से देश भर में एसआइआर की तैयारी

चुनाव आयोग ने अगले महीने से पूरे भारत में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआइआर) की तैयारी शुरू कर दी है। यह पुनरीक्षण बिहार में चल रहे विशेष पुनरीक्षण जैसा होगा। चुनाव आयोग की तरफ से यह कदम उस समय उठाया गया है, जब पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने इसे संविधानिक दायित्व करार दिया और चुनाव आयोग को बिहार में इस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी। अब कुछ राज्य चुनाव अधिकारियों ने उन राज्यों में आखिरी बार किये गये विशेष पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को सार्वजनिक कर दिया है। चुनाव आयोग ने कहा है कि 28 जुलाई को बिहार मामले की सुनवाई के बाद वह देशव्यापी पुनरीक्षण पर अंतिम निर्णय लेगा। इस प्रक्रिया के तहत विदेशी अवैध प्रवासियों को उनके जन्मस्थान की जांच करके हटाया जायेगा।

### कपिल सिब्बल और मनोज झा ने उठाया सवाल

इधर चुनाव आयोग के खुलासे पर पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल और राजद सांसद मनोज झा ने सवाल उठाये हैं। राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि चुनाव आयोग हमेशा से मोदी सरकार की कठपुतली रहा है। बिहार में वोटर लिस्ट में किया जा रहा स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआइआर) असंवैधानिक है। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि बहुसंख्यक सरकारें सत्ता में बनी रहें। सिब्बल ने यह भी कहा कि हर चुनाव आयुक्त सरकार से तालमेल बैठाने में अपने पूर्ववर्ती से आगे निकल गया। नागरिकता का फैसला लेना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। चुनाव आयोग के दावे पर राजद सांसद मनोज झा ने कहा, यह सूत्र कौन है, यह मुझे समझ नहीं आता। अगर बिहार में एक भी विदेशी है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है। यह सवाल देश के गृह मंत्री से होना चाहिए। मनोज झा ने इसे 'प्लांटेड स्टोरी' बताते हुए कहा कि इसके जरिये नफरत के बीज बोये जा रहे हैं।

## पहली सोमवारी आज, उमड़ेंगे शिवभक्त

पवित्र सावन माह की पहली सोमवारी 14 जुलाई को है। झारखंड समेत पूरे देश के शिवालयों में इस मौके पर शिवभक्तों की भीड़ उमड़ेगी। इसके मद्देनजर तैयारियां पूरी कर ली गयी है। शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और श्रद्धालुओं की सुविधा के सभी उपाय किये गये हैं। झारखंड के प्रसिद्ध बाबा वैद्यनाथ धाम में कांवरियों का रेला देर शाम से ही उमड़ने लगा है। पूरी बाबा नगरी 'बोल बम' के जयकारों से गूंज उठी है। प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।



### उज्जैन की तर्ज पर पहाड़ी बाबा का भव्य श्रृंगार

रांची (आजाद सिपाही)। श्रावण मास के तीसरे दिन रविवार को पहाड़ी बाबा मंदिर रांची नीचे महाकाल मंदिर में उज्जैन की तर्ज पर पहाड़ी बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। उज्जैन की तर्ज पर भव्य आरती का आयोजन किया गया। आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। बता दें कि समिति ने तय किया है कि प्रत्येक रविवार को बाबा उज्जैन स्वरूप में भव्य दर्शन देंगे। 14 को पहली सोमवारी के मौके पर जलाभिषेक के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ेगा।

# राज्यसभा के लिए चार हस्तियों का मनोनयन

### राष्ट्रपति ने चर्चित वकील उज्ज्वल निकम, इतिहासकार मीनाक्षी जैन, पूर्व राजनयिक हर्षवर्धन श्रृंगला और समाजसेवी सदानंदन को संसद के उच्च सदन में भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के उच्च सदन, यानी राज्यसभा के लिए चार सदस्यों को मनोनीत किया है। इनमें पूर्व सरकारी वकील और लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार रहे उज्ज्वल निकम शामिल हैं। निकम 26/11 के मुंबई हमला समेत कई हाइ-प्रोफाइल मामलों में सरकारी वकील रहे हैं। इनके अलावा केरल के वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद सी सदानंदन मास्टर, भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और इतिहासकार और शिक्षाविद मीनाक्षी जैन भी राज्यसभा जायेंगी। यह मनोनयन उन सीटों के लिए किया गया है, जो पहले के नामित सदस्यों के सेवानिवृत्त होने से खाली हुई थीं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80(3) के तहत राष्ट्रपति को राज्यसभा में 12 सदस्यों को मनोनीत करने का अधिकार है। ये सदस्य कला, साहित्य, विज्ञान, सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान के लिए चुने जाते हैं। वर्तमान में राज्यसभा की कुल सदस्य संख्या 245 है, जिनमें 233 निर्वाचित और 12 मनोनीत सदस्य शामिल हैं।



उज्ज्वल निकम




मीनाक्षी जैन



हर्षवर्धन श्रृंगला



सदानंदन







## सऊदी अरब में हादसे में मृत धनंजय महतो का पार्थिव शरीर स्वदेश आया


रांची (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ निवासी अप्रवासी कामगार धनंजय महतो का पार्थिव शरीर रविवार को स्वदेश लाया गया। धनंजय महतो की मौत सऊदी अरब में हो गयी थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल और उनके निर्देश पर राज्य सरकार के श्रम विभाग के अधीन बनाये गये राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के प्रयास से सऊदी अरब के तबूक से वापस लाया गया। धनंजय विष्णुगढ़ के बंडखड़ी गांव के निवासी थे। जानकारी के अनुसार 29 वर्षीय धनंजय महतो लार्सन एंड टुब्रो कंपनी में कार्यरत थे। सऊदी अरब के तबूक में कार्य के दौरान 24 मई को उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गयी थी। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा कंपनी एवं परिजनों के साथ समन्वय स्थापित कर मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जायेगा।

# झामुमो का आधिकारिक 'एक्स' हैंडल हैक, सीएम ने दिये जांच के आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' (पहले ट्विटर) हैक हो गया है। इस घटना की जानकारी स्वयं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने 'एक्स' हैंडल से एक पोस्ट के माध्यम से दी। उन्होंने झारखंड पुलिस को इस मामले की तुरंत जांच करने और आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पोस्ट में लिखा है कि झामुमो का आधिकारिक हैंडल असामाजिक तत्वों द्वारा हैक किया गया है। झारखंड पुलिस संज्ञान लेकर इस मामले की जांच करे और शीघ्र कार्रवाई करे। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने एक्सकॉर्प इंडिया (एक्स की मूल कंपनी) से भी इस मामले में संज्ञान लेने का आग्रह किया है। जानकारी के अनुसार झामुमो के आधिकारिक एक्स हैंडल से शनिवार की आधी रात के करीब एक अजीब सी गिलहरी की तस्वीर साझा की ग/१ थी, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह तस्वीर असामाजिक तत्वों द्वारा ही पोस्ट की गयी होगी। इस घटना के सामने आते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मामले की जांच के आदेश दिये, ताकि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कदम उठाये जा सकें।








आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 14 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# कभी अफसरों-वैज्ञानिकों की फैक्ट्री नेतरहाट आवासीय विद्यालय की गिरती जा रही साख

- पहली बार इस स्कूल के बच्चों ने जाना कि परीक्षा में कोई फेल भी करता है
- नियमों के मकड़जाल में फंस कर रह गयी है झारखंड की प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालय
- फिर से परंपरा, प्रतिष्ठा और अनुशासन को वापस हासिल करना होगा इस विद्यालय को
- छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए संजोना होगा नेतरहाट आवासीय विद्यालय को

**आजाद सिपाही विशेष**

नेतरहाट, यानी छोटानागपुर का खूबसूरत पर्यटक स्थल, लेकिन इसके अलावा छोटानागपुर की इस रानी का नाम दुनिया भर में जिस चीज के लिए चर्चित है, वह है यहां का आवासीय विद्यालय। नेतरहाट के बारे में कहा जाता है कि नेतरहाट एक संस्कृति है। एक जीवन दर्शन है नेतरहाट। शिक्षा जगत में विशिष्ट प्रयोग और भारी उपलब्धियों का नाम है नेतरहाट। सम्मेलन का मंच हो या आश्रम का बरामदा, निरंतर सीखने की प्रक्रिया का दर्शन है नेतरहाट। जैसे साहित्य मे बारहमासा का विशिष्ट वर्णन मिलता है, वैसे ही नेतरहाट में शिक्षण-प्रशिक्षण का बारहमासा है। गुरुकुल की गुरु-शिष्य परंपरा का आधुनिक परिसंस्करण-नेतरहाट विद्यालय ने शिक्षकों एवं माताओं से प्राप्त अनुभूति के अनुरूप अपने विद्यार्थियों के सामाजिक, भावात्मक, संस्कारित आचरण का उत्तरोत्तर विकास करते हुए उन्हें स्वयं के प्रकाश की ओर उन्मुख करता है आवासीय विद्यालय नेतरहाट। लेकिन अफसरों-वैज्ञानिकों की फैक्ट्री के रूप में देश-दुनिया में चर्चित इस प्रतिष्ठित स्कूल की साख लगातार गिर रही है। अव्यवस्था और नियमों के मकड़जाल में झारखंड के इस धरोहर को ऐसा फंसा दिया गया है कि इस बार पहली बार इस स्कूल के पांच बच्चे बोर्ड की परीक्षा में फेल कर गये। कभी बोर्ड की परीक्षा में टॉप 10 की सूची में केवल नेतरहाट आवासीय विद्यालय का नाम रहता था, लेकिन अब अपनी गरिमा लगातार खोती रही। नेतरहाट आवासीय विद्यालय की इस बदहाली के क्या हैं कारण और झारखंड की इस धरोहर को बचाने के लिए क्या उपाय किये जा सकते हैं, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

नेतरहाट पूरी दुनिया में दो कारणों से चर्चित है। पहला है यहां का प्राकृतिक सौंदर्य और दूसरा यहां का आवासीय विद्यालय, जिसे अफसरों-वैज्ञानिकों की फैक्ट्री भी कहा जाता है। कभी इस स्कूल में नामांकन होना प्रतिष्ठा का विषय माना जाता था, लेकिन अव्यवस्था और नियमों के मकड़जाल में उलझ कर इस विद्यालय ने इस साल पहली बार जाना कि परीक्षा में बच्चे फेल भी करते हैं। इस साल 10वीं-12वीं की परीक्षा में इस स्कूल के पांच बच्चे फेल कर गये, जिससे इसकी साख पर गंभीर चोट पहुंची है।

परंपरा, प्रतिष्ठा और अनुशासन के तीन मजबूत स्तंभों पर टिका मशहूर नेतरहाट आवासीय विद्यालय कभी झारखंड और अखंड बिहार का गौरव था। मनोरम और शांत वादियों के बीच बसा यह विद्यालय अपनी उत्कृष्ट शिक्षा और अनुशासित माहौल के लिए न केवल बिहार-झारखंड, बल्कि देश-विदेश में भी जाना जाता था। लेकिन आज यह प्रतिष्ठित संस्थान बदहाली की कगार पर है। शिक्षकों की भारी कमी के कारण विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जिसका असर छात्रों के परिणामों पर भी साफ दिखाई दे रहा है।

## 2012 में स्वायत्तता मिली

झारखंड सरकार ने 2012 में नेतरहाट स्कूल को स्वायत्त बना दिया, ताकि इसकी विशिष्ट व्यवस्था बनी रहे। लेकिन अधिकारियों को यह व्यवस्था रास नहीं आयी और उन्होंने नियमों-परिनियमों का ऐसा मकड़जाल बुना कि उसमें फंस कर यह स्कूल तड़प रहा है। सबसे अचरज की बात यह है कि नेतरहाट स्कूल के खिलाफ की गयी किसी भी शिकायत की जांच विभागीय बाबू करते हैं। यहां तक कि प्राचार्य और शिक्षकों को परेशान करने की नीयत से शिकायतें की जाती हैं और अधिकारी इसकी जांच करने लगते हैं।

## बदली बोर्ड व्यवस्था गायब हुए टॉपर

शिक्षा व्यवस्था में बदलाव के तहत विद्यालय को स्टेट बोर्ड से हटाकर सीबीएसइ बोर्ड से जोड़ा गया। इस बदलाव के बाद टॉपरों की सूची में नेतरहाट के छात्रों का नाम लगभग गायब हो गया है। शिक्षकों की कमी और बोर्ड परिवर्तन ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और प्रभावित किया है।

## शिक्षकों की कमी से जूझ रहा विद्यालय

नेतरहाट आवासीय विद्यालय में कुल 47 नियमित शिक्षकों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में मात्र 20 शिक्षक ही कार्यरत हैं। इस कमी ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को गहरी चोट पहुंचायी है। कभी मैट्रिक परीक्षा में राज्य में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले इस विद्यालय के छात्रों का नाम अब टॉपरों की सूची में दिखाई नहीं देता। झारखंड के गठन के बाद वर्ष 2019 तक इस विद्यालय के छात्र नियमित रूप से स्टेट टॉपर बनते थे और टॉप 10 में कम से कम आठ स्थान नेतरहाट के ही होते थे, लेकिन अब स्थिति उलट चुकी है।



## गुरुकुल पद्धति पर भी संकट

नेतरहाट आवासीय विद्यालय अपनी गुरुकुल पद्धति के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां छात्र हॉस्टल की बजाय आश्रम में रहते हैं, जहां प्रत्येक आश्रम का एक शिक्षक अभिभावक की भूमिका निभाता है और उनकी पत्नी को आश्रम की माता माना जाता है। यह व्यवस्था बच्चों को पारिवारिक माहौल प्रदान करती है, लेकिन शिक्षकों की कमी के कारण इस अनूठी व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने में भी कठिनाई हो रही है। विद्यालय में कार्यरत सभी नियमित शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए आश्रम में ही आवास की व्यवस्था है और उनके बच्चों का नामांकन भी इसी विद्यालय में होता है।

## गौरवशाली इतिहास है इस विद्यालय का

वर्ष 1954 में बिहार सरकार द्वारा स्थापित नेतरहाट आवासीय विद्यालय का उद्देश्य होनहार बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना था। इस उद्देश्य में विद्यालय काफी हद तक सफल रहा। अपनी स्थापना से लेकर अब तक इस विद्यालय ने सैकड़ों छात्रों को आइएएस, आइपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर और बड़े अधिकारियों के रूप में देश-विदेश में ख्याति दिलायी। स्वायत्तता के कारण यहां प्रवेश से लेकर शिक्षण तक में किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं होता था, जिसने इसकी गुणवत्ता को और बढ़ाया।

## जेएफ पीयर्स की परिकल्पना है यह विद्यालय

नेतरहाट में स्कूल स्थापित करने की परिकल्पना भारत में पब्लिक स्कूलों के जनक कहे जानेवाले अंग्रेज शिक्षाविद् जेएफ पीयर्स ने की थी। तत्कालीन बिहार के शिक्षा सचिव जगदीश चंद्र माथुर से उन्होंने 1951 में नेतरहाट के रास्ते में कहा था, 40 बरस से बच्चों को पढ़ाने और उनकी शिक्षा का प्रबंध करने का मौका विभिन्न परिस्थितियों और हैसियत से मुझे मिलता रहा है। एक शिक्षक, या कहिए कि शिक्षाविद की यह यात्रा, यह सफर, मानो एक निरंतर खोज रही है। बीसियों स्कूलों के नक्शे बनाये, उनकी कार्यविधि निश्चित की, अध्यापकों को चुना, विकास की योजनाएं चालू की, समस्याएं पैदा की और सुलझायी। लेकिन सच पूछिये, तो वह सफर न पूरा हुआ और न होगा। जिस चीज की खोज थी, वह तो मृग की कस्तूरी की भांति मेरे ही पास थी। हजारों की शिक्षा के मंसूबे बांधना और उसका प्रबंध करना श्रेयष्कर है, किंतु ह्यशिक्षकह्ण, यह शब्द तो उसी के लिए सार्थक है, जो बच्चों की छोटी-सी जमात, दस-पंद्रह छात्रों की एक कक्षा में से प्रत्येक के विकासशील व्यक्तित्व की विशेषताओं को समझ कर, मानो अपनी वाणी, विचारों और व्यवहार की खाद द्वारा एक छोटी क्यारी के पौधों को पनपता देख सके। शिक्षक तो माली है, वनस्पति-विज्ञानवेत्ता या मुगल गार्डन के नक्शे बनानेवाला इंजीनियर या स्थपति नहीं।


पीयर्स ने यह बात नेतरहाट के रास्ते में कही थी, जब माथुर उन्हें लेकर वहां जा रहे थे। बाद में उनकी संकल्पना और बिहार के तत्कालीन मुख्य सचिव लल्लन प्रसाद सिंह की विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर 1954 में इस स्कूल की शुरूआत हुई। अपनी स्थापना के बाद से यह आवासीय स्कूल लगातार उपलब्धियों के शिखर पर चढ़ता गया। अनुशासन, समर्पण और सर्वश्रेष्ठ को हासिल करने की उत्कंठा ने यहां के छात्रों और शिक्षकों को ऐसी प्रेरणा दी कि यह स्कूल पूरी दुनिया में चर्चित हो गया। गुरुकुल और गुरु-शिष्य की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस स्कूल ने दुनिया को वह रोशनी दिखायी, जिसके लिए मानवता तरसती है। लगातार साल-दर-साल इस स्कूल का रिजल्ट बेहतर होता गया और एक समय स्थिति यह थी कि मैट्रिक की मेरिट लिस्ट में पहले 10 स्थान पर यहां के बच्चे होते थे। इस स्कूल के विद्यार्थी जीवन के हर क्षेत्र में चमकते रहे और अपने साथ नेतरहाट का नाम भी दुनिया भर में फैलता गया।

## भविष्य को लेकर गंभीर आशंका

लेकिन आज यह स्कूल अपने गौरवशाली अतीत पर गर्व तो करता है, लेकिन भविष्य को लेकर बेहद आशंकित है। बोर्ड परीक्षा में पांच बच्चों के फेल होने से यह विद्यालय आज खुद पर शर्म महसूस कर रहा है। लोग कहते हैं कि यह नेतरहाट स्कूल का नहीं, बल्कि झारखंड का दुर्भाग्य है। सरकारी व्यवस्था के मकड़जाल में फंसे झारखंड का यह गौरव अपने भविष्य को लेकर आशंकित है। स्कूल में अवस्थित दर्जन भर आश्रम में रहनेवाले बच्चे अध्ययन में लीन रहते हैं और शिक्षक भी अपना कर्तव्य पूरा कर रहे हैं, लेकिन उनके सामने इस स्कूल की प्रतिष्ठा को बचाने की चुनौती है। इस चुनौती का सामना करने के लिए वे तैयार हैं, बस उन्हें समर्थन-सहयोग चाहिए।

---

# तेजस्वी यादव के मंच पर पहुंचने से पहले आपस में भिड़े कार्यकर्ता



### पुलिस को करना पड़ा बीच-बचाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार प्रदेश चौरसिया महासभा का एक राजनीतिक सम्मेलन आज पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में होना था। इसका उद्देश्य अतिपिछड़े चौरसिया समाज को आगामी विधानसभा चुनाव में संगठित करना है। इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव थे। नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव के 'चौरसिया राजनीतिक चेतना सम्मेलन' में पहुंचने से पहले मंच पर कथित तौर पर मंच व्यवस्था को लेकर आंतरिक झड़प हो गई। कार्यकर्ता किसी बात को लेकर आपस में ही भिड़ गए। वहीं, कई अन्य नेताओं ने बीच-बचाव किया, तब जाकर मामला शांत हुआ।

# हर बुजुर्ग को 2000 रुपये पेंशन और बच्चों को मुफ्त शिक्षा : प्रशांत किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**सौरबाजार (सहरसा)।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने रविवार को नगर पंचायत सौर बाजार में आयोजित बिहार बदलाव सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जनता से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि बिहार में अधिकारी और नेता राशन कार्ड बनाने से लेकर जमीन की रसीद कटाने तक के लिए रिश्वत ले रहे हैं। जनता इस बात से संतुष्ट है कि उसे पांच किलो अनाज, सिलेंडर और बिजली मिल रही है। लेकिन जनता यह नहीं सोचती कि उसके बच्चों को शिक्षा और रोजगार नहीं मिल रहा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि यदि हमारी सरकार बनती है तो दिसंबर 2025 से 60 साल से अधिक उम्र के हर पुरुष और महिला को 2000 रुपये मासिक पेंशन दी



जायेगी। उन्होंने कहा कि इस साल छठ के बाद सहरसा के युवाओं को 10-12 हजार रुपये की मजदूरी करने के लिए अपना घर-परिवार छोड़कर नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने बड़ा एलान किया कि जब तक सरकारी विद्यालयों में सुधार नहीं हो जाएगा, तब तक आप अपने 15 साल से कम उम्र के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाएं और उनकी फीस सरकार भरेगी ताकि गरीब का बच्चा भी अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पढ़ सकें।

राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने जनता से अपील की कि उन्हें और उनके बच्चों को लूटने वाले नेताओं को वोट न दें। अगली बार अपने बच्चों के लिए वोट दें और बिहार में जनता का राज स्थापित करें। चुनाव अभियान समिति अध्यक्ष व पूर्व विधायक किशोर कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बिहार में बदलाव निश्चित है। लोग अब लालू और नीतीश से पूरी तरह ऊब चुके हैं। अब तक विकल्प के अभाव के कारण उन्हें एनडीए या महागठबंधन में से किसी एक को चुनना पड़ता था, लेकिन इस बार लोगों के पास जन सुराज का एक मजबूत और ईमानदार विकल्प है।

कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष ललनजी, जिला अध्यक्ष नवल किशोर सिंह, जिला महासचिव इरफान, अभियान समिति संयोजक प्रभात अस्थाना, युवा प्रभारी सोहन झा, जिला उपाध्यक्ष श्रवण कुमार, संगठन जिला महिला अध्यक्ष रजनी बाला, महिला नेत्री नूतन कुमारी, कहरा प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र खां, पतरघट प्रखंड अध्यक्ष रूपेश मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

# मुजफ्फरपुर में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किया श्रावणी मेले का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** प्रसिद्ध श्रावणी मेले का जिले के प्रभारी मंत्री सह उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को डीएन उच्च विद्यालय मैदान में उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिले के सभी जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी व श्रद्धालु उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ स्मारिका का भी विमोचन किया गया। मेले का उद्घाटन करने से पहले उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बाबा गरीबनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.9 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.11 बजे |



# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास दिल्ली दौरे पर हैं ' आज नई दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। बाबा बैद्यनाथ से कामना है कि गुरुजी जल्द स्वस्थ हों और झारखंड की सेवा में फिर से जुट जाएं।



# बच्चों की साइकिल चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा साधा है। उन्होंने कहा, ‍‍राज्य सरकार में चौतरफा भ्रष्टाचार व्याप्त है। स्कूली छात्रों को दी जाने वाली साइकिल भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। कल्याण विभाग द्वारा सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं को कबाड़ साइकिलें वितरित की जा रही हैं। साइकिलें या तो पहले से पंचर थीं, या उनके टायर-ट्यूब ही फटे हुए थे। कुछ के हैंडल ढीले तो कुछ की चेन जाम। मजबूरन बच्चे साइकिलें कंधे पर ढोते या हाथ में थामे पैदल लौटे। उन्होंने आगे कहा, प्रदेश में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि हर बच्चों की योजनाएं तक इससे अछूती नहीं रही। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को खराब हो चुकी सारी साइकिलें वापस लेकर बच्चों को अच्छी गुणवत्ता वाली साइकिल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।



# 16 और 17 अगस्त को मनाया जायेगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

**दही हांडी प्रतियोगिता उत्सव के साथ भजन संध्या सहित देश भक्ति के गीतों का कार्यक्रम भी होगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के सानिध्य में अलबर्ट एक्का चौक, मेन रोड पर 16 और 17 अगस्त 2025 को दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जायेगा। वर्तमान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के संरक्षक, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, संरक्षक सीपी सिंह, संरक्षक अजय मारू एवं समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा हैं। रविवार को समिति की बैठक में संरक्षक, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, अजय मारू एवं अध्यक्ष मुकेश काबरा सहित समिति के सदस्यों की उपस्थिति में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन 16 एवं 17 अगस्त को मनाने का निर्णय लिया गया।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और मुकेश काबरा ने बताया कि 16 एवं 17 अगस्त को श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची की ओर से अलबर्ट एक्का चौक में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जायेगा। 16 अगस्त को झांकी प्रतियोगिता के साथ महोत्सव का उद्घाटन किया जायेगा। दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष गोविंदा टीम एवं महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगे। इसका रजिस्ट्रेशन समिति में गोबिंदाओ की टीम को करवाना अनिवार्य होगा। अगली बैठक में समिति के पदों एवं कार्यो के लिए सदस्यों के नाम के साथ समिति का विस्तार किया जायेगा।

मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत ने बताया कि बैठक में आयोजन समिति केसंरक्षक सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, संरक्षक अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा, कुणाल अजमानी, रविंद्र मोदी, रमेंद्र कुमार, जवाहर तनेजा, ऐश्वर्या सेठ, प्रमोद सारस्वत, कमलजीत सिंह शंटी, सतीश सिन्हा, नीरज चौधरी, राज वर्मा, सत्येंद्र सिंह गुड्डू, संजय पोद्दार, पवन बजाज, भीष्म सिंह, मनोज कुमार, राजीव सहाय, नीतू सिंह, राजू रजक, संजीव साहू, भीष्म सिंह, प्रेमचंद श्रीवास्तव, प्रकाश धेलिया, मनोज साहू, मनोज महतो, रामलगन राम आदि उपस्थित थे।




## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल

# भारतीय तटरक्षक बल में करियर पर आज चार जगहों पर कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह आह्वान है कि देश के अधिक से अधिक युवा देश की सुरक्षा में अपनी भागीदारी निभायें। इस आलोक में माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में रक्षा मंत्रालय देश के विभिन्न हिस्सों में जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी उद्देश्य के साथ रांची में भारतीय तटरक्षक बल के द्वारा एक ऐसे अभियान की शुरुआत की जा रही है, जो पहले कभी नहीं हुआ। 14 जुलाई को रामटहल चौधरी विद्यालय ओरमांझी में 10 बजे, एसएस मेमोरियल कॉलेज कांके में 12 बजे, लाला लाजपत राय स्कूल पुनदाग में एक बजे, गोसनर कॉलेज क्लब रोड में दो बजे से संगोष्ठी आयोजित की गयी है। इस अवसर पर देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।



भारतीय तटरक्षक बल द्वारा देश के युवा विद्यार्थियों को आकर्षित करने हेतु एक जागरूकता एवं भर्ती अभियान चलाया जा रहा है, जो रांची के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित किया जायेगा। यह अभियान रांची में पहली बार शुरू हुआ है, जो 20 जुलाई, 2025 तक आयोजित होगा। यह बल रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। भारत के समुद्री हितों की रक्षा, समुद्री कानूनों का प्रवर्तन, तटीय सुरक्षा, खोज एवं बचाव कार्य, समुद्री पर्यावरण संरक्षण और समुद्री कानून प्रवर्तन शामिल हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच भारतीय तटरक्षक बल को एक आकर्षक करियर विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना है।

# रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव 27 जुलाई को

**मुख्य चुनाव अधिकारी ने निर्वाचन हेतु कार्यक्रमों की घोषणा की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र 2025- 27 के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव जिला मारवाड़ी सम्मेलन के निर्णयानुसार 27 जुलाई को महाराजा अग्रसेन भवन में होगा। मुख्य चुनाव पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया ने निर्वाचन हेतु कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 15 जुलाई से मारवाड़ी भवन में नामांकन पत्र उपलब्ध रहेगा। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 18 जुलाई को अपराह्न 4 बजे तक रहेगा। नामांकन पत्र जांच एवं वैध उम्मीदवारों की सूची 18 जुलाई को ही संध्या 5 बजे प्रकाशित कर दिया जायेगा। नामांकन पत्र वापसी की तिथि 20 जुलाई शाम 4 बजे तक है। उम्मीदवारों की अंतिम सूची 20 जुलाई को ही शाम 5 बजे प्रकाशित कर दिया जायेगा। मतदान (आवश्यक होने पर) 27 जुलाई को अपराह्न 1 बजे से संध्या 4 बजे तक महाराजा अग्रसेन भवन में होगा। निर्वाचन हेतु संपूर्ण कार्य 15 जुलाई से 20 जुलाई तक प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से संध्या 4 बजे तक मारवाड़ी भवन में होगा। मतदान हेतु सभी सदस्यों को भारत सरकार द्वारा निर्गत अपना सरकारी पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। उम्मीदवारों को नामांकन पत्र दो सौ रुपया शुल्क देकर स्वयं लेना होगा।



# पासवा का पर्यावरण जागरूकता सप्ताह आज से : आलोक दुबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने ग्रीन झारखंड की संकल्पना को साकार करने के लिए निजी विद्यालयों को आगामी 14 जुलाई से 20 जुलाई तक पर्यावरण जागरूकता सप्ताह मनाने का निर्देश दिया। पासवा की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के दिन से ही ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह और पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के दिशा निर्देश पर एक लाख पौधे लगा कर पर्यावरण जागरूकता अभियान की शुरुआत की गयी थी। साथ ही इस अभियान के तहत झारखंड में स्कूली विद्यार्थियों की ओर से 50 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही पौधों को संरक्षित करने का भी संकल्प लिया गया है।

अपने इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए तथा झारखंड में पर्यावरण के प्रति जन जागृति फैलाने के लिए आगामी 14 जुलाई से 20 जुलाई तक पासवा पर्यावरण जागरूकता सप्ताह मनायेगा। इसके तहत पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने रविवार को राज्य के प्रत्येक जिले के निजी विद्यालयों के प्राचार्य और डायरेक्टर्स को निर्देश दिया कि वे 14 से 20 जुलाई तक अपने-अपने विद्यालयों में पर्यावरण पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर संपूर्ण झारखंड में पर्यावरण के प्रति जन जागृति फैलायें।



## रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल की बड़ी कार्रवाई

# मानव तस्करी की शिकार नौ लड़कियों को किया रेस्क्यू, तीन आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा रविवार को मानव तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन एएएचटी के तहत बड़ी कार्रवाई की गयी। आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर चलाये गये इस विशेष अभियान में प्लेटफॉर्म नंबर-1 के फुटओवर ब्रिज के पास 9 लड़कियां और दो पुरुष संदिग्ध अवस्था में पाये गये। पूछताछ में संतोषजनक जवाब न मिलने पर सभी को आरपीएफ पोस्ट लाया गया। गहन पूछताछ के बाद यह स्पष्ट हुआ कि श्रुति देवी, कुंदन कुमार और रणधीर करमाली नामक तीनों आरोपी इन लड़कियों को तमिलनाडु में नौकरी दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर ले जाने की साजिश में शामिल थे। पूछताछ में सामने आया कि ये लोग प्रत्येक लड़की से 2000-3000 रुपये तक की राशि कमीशन के रूप में वसूलते थे। साथ ही, वे 20 रुपये प्रतिदिन प्रति लड़की की दर से भी पैसा कमाते थे। आरोपियों के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं था।




## अनुसूचित जाति समन्वय समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

# राजभवन के समक्ष राज्यस्तरीय महाधरना 2 को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति समन्वय समिति की प्रमुख लोगों की बैठक पूर्व कमिश्नर डीसी दास के अध्यक्षता में मोराबादी रांची में संपन्न हुई। बैठक के संचालन संतोष कुमार रजक ने किया बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि 2 अगस्त को रांची में राजभवन के पास राज्य स्तरीय महाधरना दिया जाये। मौके पर उपेंद्र कुमार रजक ने कहा कि झारखंड राज्य में रह रहे 50 लाख अनुसूचित जाति के लोगों के समस्या पर राज्य सरकार का ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति आयोग में नियुक्ति, अनुसूचित जाति के लोगों को जाति /आवासीय प्रमाण पत्र, जीपीएस जैसे संस्थानों में अनुसूचित जाति का प्रतिनिधित्व देने, नया विधानसभा एवं उच्च न्यायालय में बाबा साहब के प्रतिमान स्थापित करने, जनसंख्या के आधार पर कर्मचारी पदाधिकारी को निमित्त पदोन्नति देने आदि मांगों को लेकर महाधारना दिया जायेगा। साथ-साथ अन्य मुद्दों पर महाधरना के साथ-साथ जिलों में जन आंदोलन चलाया जायेगा।

बैठक को संबोधित करते हुए डीसी दास, संतोष रजक, टिंकू राम, शिव टहल नायक, राजू पासवान ने कहा कि महाधारना से पूर्व अनुसूचित जाति के वर्तमान विधायक पूर्व विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों को अनुसूचित जाति का सवाल एवं समस्याओं से अवगत कराया जायेगा। साथ ही उन्हें सदन में विषयों को उठाने एवं धरना में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के संवैधानिक अधिकारों के लिए अनुसूचित जाति समन्वय समिति पूरे राज्य में समाज के संविधानिक अधिकारों को लेकर धरना प्रदर्शन करेगा।

बैठक में शिव टहल नायक, टिंकू राम, जगदेव राम वीरन, मुकेश नायक, अशोक रजक, दिलीप भुईयां डॉ जयप्रकाश, करण नायक, विनोद राजन, ई अरुण कुमार, जगदीश दास, गोविंद वाल्मीकि, राजू पासवान, इंद्रजीत मिर्धा, महानंद चौधरी, जीवन राम आदि उपस्थित थे।



# भारत में आजादी के 100 साल पूरे होने के पूर्व डायन प्रथा जैसी अमानवीय कुरीति को समाप्त करे केंद्र सरकार : प्रेमचंद

**अभिजीत अधरजी**

**झारखंड/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर के फ्री लीगल ऐड कमिटी/डायन प्रथा उन्मूलन मिशन के अध्यक्ष प्रेम चंद ने देश के 12 राज्यों में डायन प्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए केंद्र सरकार से ठोस पहल करने की मांग की। रविवार को आजाद सिपाही से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा देश 2046 में आजादी की शताब्दी मनाने जा रही है। ऐसे में जनजातीय समाज के सामाजिक और मानसिक सशक्तिकरण के लिए दीर्घकालीन योजना बनाकर उसे सख्ती से लागू किया जाना चाहिए, ताकि डायन प्रथा जैसी अमानवीय कुरीति को जड़ से समाप्त किया जा सके। प्रेम चंद ने कहा बीते 6 जुलाई की रात बिहार के पूर्णिया जिले में डायन के नाम पर एक ही परिवार के पांच लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। मृतकों में तीन पीढ़ियों के लोग शामिल थे। जिन्हें पहले लाठी-डंडों से पीट-पीटकर आत्मारा किया गया उसके बाद मकई के पत्तों के ऊपर पेट्रोल डालकर जला दिया गया।लेकिन घटना के दौरान गांव वालों में किसी ने भी विरोध नहीं किया। बाद में शवों को ट्रैक्टर से तालाब में फेंक दिया गया। निर्मम हत्या में परिवार का एकमात्र जीवित 14 वर्षीय लड़का किसी तरह भागकर ननिहाल पहुंच कर घटना की जानकारी दी।उसके बाद ननिहाल वालो ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।जानकारी मिलते ही पुलिस ने गांव में छानबीन कर तालाब से सभी का शव बरामद कर लिया। लेकिन गांव वालों ने चुप्पी साधे रखी।प्रेम चंद्र ने दुख प्रकट करते हुए कहा बिहार देश का पहला राज्य है जहा डायन प्रथा के खिलाफ पहला कानून बनाया गया था। लेकिन फिर भी आज ऐसी घटनाएं हो रही हैं।प्रेम चंद्र ने कहा देश के 12 राज्यों में डायन प्रथा की समस्या विकराल है, लेकिन अब तक केवल 7 राज्यों में ही कानून बन पाया।उन्होंने बताया उनकी संस्था फ्री लीगल ऐड कमिटी/डायन प्रथा उन्मूलन मिशन 1995 से डायन प्रथा के खिलाफ काम कर रही है।कई बार सफलता हासिल की। बिहार सरकार ने 1999 में डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 1999 बनाने में मदद भी की थी।उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा देश के 7 राज्य के सरकारों ने कानून तो बनाए लेकिन कानून पर अमल नहीं किया। आज भी निर्दोष लोगों को डायन बताकर हत्या, उत्पीड़न जैसे जघन्य अपराध की शिकार होना पड़ रहा हैं। उसके बावजूत डायन प्रथा के मुद्दे पर रोक लगाने के लिए सभी राजनीतिक दल और सरकारें चुप्पी साधे हुए हैं।जबकि पीड़ितों में 80 प्रतिशत लोग जनजातीय समाज से जुड़े होते हैं। अंत में प्रेम चंद्र ने कहा अब समय आगया है केंद्र सरकार इस मुद्दे पर राष्ट्रीय स्तर से दीर्घकालीन योजना के माध्यम से मजबूत नीति बनाए और सभी राज्यों को सख्ती से लागू करने का निर्देश दे,ताकि आजादी के 100 साल पूरे होने तक देश को इस अमानवीय कुरीति से मुक्ति मिल सके।


प्रेम चंद

# रिंग रोड में विदेशी शराब से लदा वाहन पलटा, बोतल लूटने की होड़



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र स्थित रिंग रोड में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब विदेशी शराब से लदा एक वाहन पलट गया। वाहन के पलटते ही उसमें लदी शराब की बोतलें और पेटियां सड़क पर बिखर गयी। घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में लोग जुट गए और शराब लूटने की होड़ मच गयी। इस दौरान कई बोतलें टूट गयी, जिससे सड़क पर शराब फैल गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद वहां मौजूद लोग मौके से भाग गये।

## शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी लेने दिल्ली पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने दिल्ली में सर गंगा राम हॉस्पिटल पहुंचकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य का हालचाल जाना। विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे गुरुजी का कुशलक्षेम जानने के लिए सांसद जायसवाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। सांसद मनीष जायसवाल ईश्वर से प्रार्थना भी किया कि गुरुजी शीघ्र ही पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर हम सबके बीच लौटें ।

## नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन




**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजन ने 11 और 12 जुलाई को प्रखंड स्थित बिरहोर टोला, पगार में दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। यह पहल विशेष रूप से बिरहोर समुदाय के लिए की गई थी जो कि परियोजना क्षेत्र के समीप निवास करने वाला एक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTG) है। यह स्वास्थ्य शिविर पूर्व में किये गये बेसलाइन सर्वेक्षणों और समुदाय के साथ हुई बातचीत के आधार पर आयोजित किया गया जिनमें बिरहोर समुदाय में कुपोषण और नियमित चिकित्सा परीक्षणों की कमी जैसे गंभीर स्वास्थ्य मुद्दे सामने आए थे। इस शिविर का उद्देश्य समुदाय में विशेष रूप से बुजुर्गों के बीच एनीमिया,कुपोषण, संक्रमण और अन्य सामान्य बीमारियों की रोकथाम के लिए परीक्षण एवं स्वास्थ्य मूल्यांकन के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना था। हालांकि प्रारंभ में समुदाय में झिझक और आशंका देखी गई, फिर भी कुल 103 लोगों में से 48 लोगों (41 वयस्क और 7 बच्चे) ने दो दिवसीय शिविर में स्वास्थ्य जांच करवाई। यह पहल बिरहोर समुदाय को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा है जिसकी सफलता का श्रेय एनटीपीसी के सीएसआर विभाग द्वारा समुदाय में लगातार चलाए गए जागरूकता अभियानों और परियोजना की चिकित्सा टीम के सहयोग को जाता है।

## झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की महिला जिला कमेटी का हुआ विस्तार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की महिला जिला कमेटी की बैठक स्थानीय भाग्यमणि विवाह भवन में 13 जुलाई 2025 को आयोजित की गयी। विश्वकर्मा समाज की महिला जिला कमेटी की बैठक की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज की हजारीबाग जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा ने किया और मंच संचालन महिला जिला महासचिव कौशल्या देवी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित थे और विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग जिला अध्यक्ष यदु राणा, जिला महासचिव बृजलाल राणा और जिला सचेतक महावीर राणा शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से विश्वकर्मा समाज की हजारीबाग महिला जिला कमेटी का विस्तार किया गया और 27 जुलाई 2025 को भाग्यमणि विवाह भवन हजारीबाग महिला जिला कमेटी द्वारा सावन महोत्सव आयोजित किया जायेगा जिसमें हजारीबाग जिला के सभी प्रखंडों से विश्वकर्मा समाज की महिला सैकड़ों की संख्या में भाग लेगी। महिला जिला कमिटी का विस्तार किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष – मनोरमा राणा, जिला उपाध्यक्ष – सुनीता राणा, देवंती देवी, पूर्णिमा राणा, कविता राणा, निर्मला राणा, जिला महासचिव – कौशल्या देवी, जिला सचिव –पूनम राणा, अंजली राणा, सबिता देवी, बसंती देवी, जिला संयुक्त सचिव –सोनी देवी, रूमा राणा, रिंकी राणा, सुषमा राणा, जिला संगठन सचिव –बबीता राणा, कविता विश्वकर्मा, जंयती देवी, जिला कोषाध्यक्ष – कंचन शर्मा, जिला सहायक कोषाध्यक्ष –संगीता देवी, जिला प्रवक्ता – चंचला कुमारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य – ममता देवी, सरस्वती देवी,पूर्णिमा राणा,पूनम राणा, बिजुल देवी, आशा देवी,ममता देवी, अनिता देवी, सुनीता राणा, पिंकी राणा को हजारीबाग महिला जिला कमेटी का पदाधिकारी नियुक्त किया गया। बैठक में मुख्य रूप से काजल देवी, रेखा देवी, रीना राणा, पूर्णिमा राणा, पूनम राणा, रेखा देवी, आशा देवी, बिजली देवी, ममता देवी आदि शामिल हुई ।

## सुभाष प्रजापति बड़कागांव पुलिस की गिरफ्त में, भेजा गया जेल

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** लापता दिनेश प्रजापति के कुएं में शव मिलने और आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा आरोपी सुभाष प्रजापति के पिता महेश प्रजापति की पीट पीटकर हत्या किये जाने के बाद बड़कागांव पुलिस के लिए सर दर्द बना हुआ था। जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़कागांव पुलिस ने आरोपी सुभाष प्रजापति को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया तथा पूछताछ के दौरान कई अहम खुलासे हुए। जिसमें मृतक दिनेश प्रजापति का मोबाइल व चप्पल बरामद किया गया। साथ ही साथ अभियुक्त सुभाष प्रजापति के मोबाइल भी बरामद किये गये जिससे कई अहम सुराग मिलने के आसार हैं। जानकारी के अनुसार लापता मृतक दिनेश प्रजापति की पत्नी संगीता देवी द्वारा 8 जुलाई को बड़कागांव थाना में आवेदन देकर गुहार लगायी गयी थी। जिस पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 180/25 धारा 140(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गयी। हालांकि बीच में ग्रामीणों द्वारा सुभाष प्रजापति को पकड़कर थाने को सुपुर्द किया गया था लेकिन इलाज का बहाना बनाकर उसे छोड़ दिया गया जिसको लेकर बड़कागांव पुलिस को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। और जब दिनेश प्रजापति का शव सुभाष प्रजापति के घर के निकट कुम्हारडीहा के एक कुएं से मिला तो पिपराडीह के ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया और दिनेश प्रजापति के परिजन समेत ग्रामीणों के आक्रोश का शिकार आरोपी सुभाष प्रजापति के 65 वर्षीय पिता महेश प्रजापति हो गये और महेश प्रजापति को आक्रोशित ग्रामीण पीट पीटकर जान ले ली।

# लूट का वाहन बरामद, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत फरेंदा के समीप शनिवार को सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के प्रचार प्रसार में निकले वाहन को कुछ अज्ञात अपराधियों द्वारा जबरन लेकर भाग जाने के मामले का पुलिस ने 8 घंटों के अंदर उद्भेदन कर लिया है। मामले का उद्भेदन करते हुए एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि शनिवार को जिले के सूचना और जनसंपर्क विभाग के प्रचार प्रसार की एक गाड़ी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमणशील था। उक्त वाहन कोडरमा थाना क्षेत्र के फरेंदा गांव जा रही थी। इसी बीच चालक व उसके सहयोगी द्वारा भोजन करने हेतु वाहन को मरियमपुर गांव के सरहुल मैदान के पास रोका गया। इसी बीच एक टेंपो में सवार 4 लोग वाहन के पास पहुंचे और वाहन चालक व उसके सहयोगी के साथ गाली-गलौज करने लगे। इसके पश्चात उनके द्वारा चालक व उपचालक के साथ मारपीट करते हुए उनका मोबाइल छीन लिया गया और उक्त वाहन को जबरन छीन कर वहां से फरार हो गये। उक्त घटना की सूचना वाहन के चालक द्वारा कोडरमा पुलिस को दी गयी थी। जिसके आलोक में तुरंत कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष दल का गठन किया गया। अपराधियों द्वारा चालक से लूटे गये मोबाइल के लोकेशन को तकनीकी शाखा के मदद से ढूंढा गया और 8 घंटे के भीतर घटना को अंजाम देने वाले 3 अपराधियों को वाहन और मोबाइल के साथ रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्रान्तर्गत से गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि मामले में लिप्त एक अन्य अपराधी की तलाश जारी है।




### इनकी हुई गिरफ्तारी

**इस घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तों की पहचान कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत लखीबागी निवासी संदीप कुमार, पिता स्व. रामरतन राम, दिलीप कुमार, पिता अशोक यादव तथा राहुल कुमार, पिता बिरेन्द्र राम के रूप में की गई है। उक्त सभी अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि उक्त सभी अभियुक्तों का पूर्व में भी अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आपराधिक इतिहास रहा है।**

**पुलिस पदाधिकारी व पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित:** एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि मामले की त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 8 घंटे के भीतर इसका उद्भेदन करने वाले पुलिस पदाधिकारियों व पुलिसकर्मियों को नगद राशि देकर सम्मानित किया गया है। जिसमें विशेष दल के पदाधिकारियों को 15 सौ रुपए जबकि मामले के उद्भेदन में शामिल पुलिसकर्मियों को 1 हजार रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया है। मौके पर एसडीपीओ अनिल सिंह, कोडरमा थाना प्रभारी विकास कुमार, एसआई नवीन कुमार आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना अंतर्गत कोडरमा-जयनगर रोड के पथलडीहा लोहासीकर मोड़ के समीप रविवार की शाम एक सड़क हादसा में एक युवक की मौत हो गयी। घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान कोडरमा थाना क्षेत्र के बेकोबार निवासी 23 वर्षीय संदीप कुमार (पिता राजू रजक) के रूप में की गयी है। जबकि घायल युवक की पहचान बेकोबार निवासी 23 वर्षीय रोनित कुमार उर्फ रंजन कुमार (पिता सोभा रजक) के रूप में की गयी। जानकारी के अनुसार उक्त दोनों युवक आपस में चचेरे भाई हैं। दोनों युवक अपने बाइक पर सवार होकर जयनगर से घर की ओर आ रहे थे। इसी बीच कोडरमा-जयनगर मुख्य मार्ग के पथलडीहा के समीप जयनगर की ओर से आ रहे एक पिकअप वैन की चपेट में आ गये।**

# धनंजय का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

बंटी मिश्र

**विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत जोबर पंचायत के बंदखारो निवासी धनंजय महतो का शव 50 दिनों बाद रविवार को विमान से रांची पहुंचा।बता दें कि धनंजय महतो (32) पिता बैजनाथ महतो की मौत सऊदी अरब में काम के दौरान छत से गिरकर हो गयी थी। वे करीब एक वर्ष पूर्व कमाने के लिए सऊदी अरब गये थे। वहां एलएंडटी कंपनी के ट्रांसमिशन लाइन में हेल्पर के रूप में काम कर रहे थे। काम के बाद ताबुक शर्मा रोड स्थित तमामी कैंप परिसर स्थित डेरा की बालकनी में मोबाइल पर बात करने के दौरान



चक्कर खाकर वे नीचे गिर पड़े थे। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी थी। अपने पीछे पत्नी गीतांजलि देवी, पुत्र संजय कुमार, सुनील कुमार छोड़ गए हैं। वही धनंजय महतो का शव को लेने प्रवासी श्रमिक हित में कार्य करने वाले समाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली रांची एयरपोर्ट पहुंचकर संवेदना प्रकट करते हुए कहा है कि हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिले के बड़ी संख्या में श्रमिक देश-विदेश में कार्यरत हैं। ऐसे में उनके साथ आए दिन अनहोनी के बाद शव लाने की पीड़ा और मुआवजा एक बड़ी समस्या होती है। वहीं राज्य और विदेश जाने वाले अधिकांश प्रवासी श्रमिकों की मौत जोखिम वाले काम करने से हुई है। अगर सरकार कंपनियों के लिए यह नियम सख्ती से लागू करती कि श्रमिकों की मौत के बाद एक निश्चित रकम मुआवजा के रूप में कंपनियों को देना ही पड़ेगा,तो गरीब मजदूरों के परिवारों को कुछ राहत मिल पायेगी। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# पति पर लगाया लड़कियों से देह व्यापार कराने का आरोप

**पीड़ित महिला सोनी ने बताया कि उसके इस तरह के धंधे को लेकर जब ज्यादा विरोध किया गया तो उसने पति शुभम ने उसे प्रताड़ित करते हुए घर से निकाल दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के चित्रगुप्त नगर की रहने वाली एक शादी शुदा महिला ने अपने पति पर अन्य युवतियो का देह व्यापार कराने का आरोप लगाया है। अपने पति पर इस तरह के कई गंभीर आरोप लगाते हुए महिला सोनी कुमारी ने थाने में लिखित आवेदन देकर अपने पति शुभम सिंह पिता राजीव सिंह पर मामला दर्ज कराया है। पीड़ित महिला ने बताया कि प्यार के झांसे में फंसा कर शुभम ने 2013 में उससे शादी रचाई। फिलहाल उनके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। न्याय की आस लेकर तिलैया थाना सोनी देवी ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि पैसों की भूख ने उसके पति शुभम को इतना नीचे स्तर पर गिरा दिया कि बड़ा आदमी बनने का शौक पाले शुभम लड़कियों से धंधा कराने पर उतर आये। वे हर दो-तीन महीना पर डेरा बदल बदल कर वह अपना कारोबार चल रहा था। जिसका पत्नी सोनी ने बराबर विरोध किया करता था। उसने बताया कि शादी के इन 4 वर्षों में अलग-अलग इलाकों में घर बदलकर बाहर से लड़किया लाकर देह व्यापार कराता था। उसने यह भी बताया कि उसकी पहली पत्नी रजनी सिंह भी उसे इन्ही कारणो से छोड़ दिया। पीड़ित महिला सोनी ने बताया कि उसके इस तरह के धंधे को लेकर जब ज्यादा विरोध किया गया तो उसने पति शुभम ने उसे प्रताड़ित करते हुए घर से निकाल दिया। और अब सोनी अपने दो बच्चो के साथ न्याय की आस लेकर थाना प्रभारी से गुहार लगायी है।

## विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग शुरू




**जयनगर(आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित एक्सलेंट पब्लिक स्कूल पावरहाउस डंडाडीह में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग कार्यक्रम का उद्घाटन प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, हजारीबाग विभाग संगठन मंत्री कौलेशवर टुडु, हजारीबाग विभाग मंत्री अनूप यादव, जिला मंत्री पंकज दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। प्रणव उच्चारण, एकात्मकता मंत्र और विजय मंत्र के द्वारा अभ्यास वर्ग की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप प्रखंड अध्यक्ष महादेव शर्मा और संचालन विहिप प्रखंड मंत्री सतीश पांडेय ने किया। तत्पश्चात मंचासीन अधिकारियों का परिचय कराया गया। वहीं प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने अभ्यास वर्ग में बताया कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सर संघ चालक परम पूज्यनीय गुरुजी के नेतृत्व में स्थापना महाराष्ट्र के सांदीपनि आश्रम में 1964 में की गयी। भारत के स्वतंत्र होने के पश्चात हिंदू समाज की स्थिति वही थी जो आजादी के पूर्व थी। इसलिए समाज के महानुभाव लोगों ने चिंतन मंथन करते हुए हिंदू समाज के उत्थान के लिए विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की। वहीं हजारीबाग विभाग संगठन मंत्री कोलेशवर टुडु ने वर्ग गीत और मंत्रों का अभ्यास उपस्थित जिला और प्रखंड के कार्यकर्ताओं को कराया। हजारीबाग विभाग मंत्री अनूप यादव के द्वारा कार्यकर्ता की भूमिका और संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा किया गया। मौके पर बजरंग दल विभाग संयोजक प्रशांत सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र प्रसाद मोदी, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख विनोद कुमार बर्णवाल, उपाध्यक्ष सदानंद सिंह, रामस्वरूप यादव, बजरंग दल प्रखंड संयोजक अजय यादव, सत्संग प्रमुख दिगंबर पांडेय, खंड कार्यवाह सुनील कुमार, शंकर दयाल पांडे, चेतन साव, राजू पंडित, सकलदेव राम, कैलाश लाल बर्णवाल, दयानंद शर्मा, राजेश राम, बिनोद मोदी, राधे श्याम यादव, राजेंद्र साहु, राजेंद्र ठाकुर, महेश साव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरौनी में लगायी चौपाल

# ग्रामीणों की समस्याएं सुन त्वरित कार्रवाई का दिया भरोसा

**जनता की समस्या का समाधान मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है, सड़क मरम्मत का कार्य जल्द शुरू होगा : प्रदीप प्रसाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को सदर प्रखंड के चुटियारो पंचायत अंतर्गत सरौनी गांव का दौरा कर ग्रामीणों के बीच चौपाल का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए और अपनी समस्याओं को खुलकर रखा।

चौपाल में सबसे बड़ी समस्या गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले केसुरा से सरौनी तक के जर्जर सड़क और जलजमाव की रही। ग्रामीणों ने बताया की सड़क पर



गड्ढे व कीचड़ के कारण आवागमन में भारी तकलीफ होती है, विशेषकर बरसात के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। विद्यार्थियों, मरीजों और किसानों को आवागमन में भारी दिक्कत होता है विधायक प्रदीप प्रसाद ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित विभागीय पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर समस्या से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया की प्राथमिकता के आधार पर सड़क मरम्मत, जल निकासी और स्थायी समाधान की दिशा में तुरंत कार्य प्रारंभ किया जाए। विधायक ने कहा कि जनता की समस्या का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता है

विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया की विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा की क्षेत्र में जो भी अधूरे कार्य हैं, उन्हें पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष रामचन्द्र कुशवाहा, भाजपा नेता और पूर्व जिप सदस्य कौलेश्वर रजक, रामअवतार शर्मा, बिरजू रवि, मुखिया प्रतिनिधि सुरेश रजक, पंचायत समिति सदस्य सतीश दास, प्रभु राम, सोनेलाल ठाकुर, अर्जून केसरी, शंकर सिन्हा, उपेन्द्र सिन्हा, अर्जुन रविदास, विपिन सिंह, प्रेम कुमार, सुबाश कुमार, मनोज यादव, सुरेश कुशवाहा, अमृत पासवान, राजू प्रसाद समेत पंचायत के कई जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हाथियों के झुंड ने जमकर मचाया उत्पात



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलगडीहा में शनिवार की रात दुर्गा मंदिर परिसर लक्ष्मण राणा, और श्याम मोदी का बाउंड्री को हाथियों के द्वारा बीती रात क्षतिग्रस्त किया गया है। वहीं लोगों ने मुखिया प्रतिनिधि रामजीत रजक को अवगत कराते हुए मुवाबजा दिलाने का आग्रह किया है।

## ट्यूशन टीचर ने छात्रा से रचा ली शादी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया में एक प्रेमी जोड़े की लव स्टोरी रविवार को काफी चर्चा में है। यह कहानी एक ट्यूशन टीचर और उसकी छात्रा की। जिनका रिश्ता ट्यूशन क्लास से शुरू हुआ और एक दिन शादी के मुकाम तक पंहुच गया। मामला तिलैया थाना क्षेत्र के विद्यापुरी का है। जहां एक प्राइवेट ट्यूशन टीचर उपेंद्र यादव ने अपनी छात्रा के साथ शादी रचा ली। इधर इस बात की भनक जब ट्यूशन टीचर उपेंद्र यादव की पहली पत्नी काजल देवी को लगी तो उसने तिलैया थाने में अपने पति उपेंद्र यादव के खिलाफ लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति उपेंद्र यादव पिता मदन यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पति को जेल भेजे जाने का दर्द लिए जब पत्नी काजल देवी अपने दो बच्चों के संग थाने परिसर से बाहर निकली तो मीडिया से रूबरू होते हुए उसने बताया कि उसकी शादी उपेंद्र यादव से 2021 में हुई थी, और उसके दो छोटे–छोटे बच्चे हैं। वही दुसरी ओर आरोपी उपेंद्र यादव ने बताया कि ट्यूशन पढ़ाने के दौरान उन्हें अपने ही छात्रा से प्रेम हो गया था। जिसके बाद दोनों ने एक दूसरे की रजामंदी से शादी रचा ली।

## पूर्व विधायक ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक जय प्रकाश भाई पटेल रविवार को विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत–कुसुम्भा के ग्राम–बरहमोरिया में 100 के0वी0 का नया ट्रांसफार्मर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पूर्व विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको जब भी हमारी जरूरत महसूस हो याद करे आपकी सेवा के लिए हरदम तैयार है। हमे लोगों ने कहा कि ट्रांसफार्मर जल गया है तुरत संबंध विभाग से उपलब्ध कराया। उद्घाटन कार्यक्रम में मौके पर जगरनाथ महतो, बासुदेव महतो, हिरामन महतो, दामोदर महतो, सुरेश महतो, देव नारायण महतो, महेन्द्र महतो, कांशी नाथ महतो, सुनील कुमार, प्रकाश महतो, छोटू कुमार, फ्लेन्दर, तारकेश्वर महतो, दुबे जी सहित अन्य महिला और पुरुष उपस्थित रहे।

## 'बोल बम' के उद्घोष के साथ क्रेक बम मंडली बाबाधाम रवाना



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** क्रेक बम मंडली ने बुढ़वा महादेव मंदिर, ग्वाल टोली चौक श्री हरि हनुमान मंदिर और कैलाश धाम में विधिवत पूजा–अर्चना कर बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के लिए कांवर यात्रा को रवाना हुआ। ढोल – नगाड़ों की गूंज और बोल बम, ॐ नमः शिवाय, बाबा एक सहारा है जैसे गगनभेदी नारों के बीच कांवरियों का उत्साह देखते ही बनता था। भक्ति के रंग में रंगे कांवरियों ने हजारीबाग की फिजाओं को बाबा भोलेनाथ के जयकारों से गुंजायमान कर दिया। कांवरिया संघ में शामिल श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए गाजे–बाजे के साथ देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए कूच किया। मंडली के सदस्यों ने बताया की वे पिछले कई वर्षों से लगातार सावन मास में यह यात्रा कर रहे हैं और बाबा नगरी पहुंचकर विधिवत पूजा–अर्चना और जलाभिषेक कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस पावन अवसर पर सुनील सिंह, सुनील गुप्ता, अरुण यादव, संजय वर्मा, सुबोध सिंह, परमजीत वर्मा, वकील यादव, सुरेश चौधरी, बिट्टू यादव और शांतनु यादव यात्रा मंडली में शामिल है।

## नाबालिगों को बाइक चलाने से नहीं रोक रहे अभिभावक : टिंकू



**बरही (आजाद सिपाही)।** स्कूलों के खुलने के बाद सड़कों पर नाबालिग बच्चों द्वारा बाइक चलाने की घटनाएं बढ़ गयी है। अभिभावक भी बच्चों को स्कूल और कोचिंग जाने के लिए बाइक की चाभी थमा दे रहे है। नाबालिग बच्चे सड़कों पर तेज गति से बाइक चलाते हुए देखे जा सकते है। खासकर बरही में यह समस्या अधिक गंभीर होते जा रही है, कई युवक का में इयरफोन लगाकर बाइक चलाते हुए नजर आते है। यह दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रहा है। मोटर वाहन अधिनियम के तहत नाबालिगों का बाइक चलाना गैरकानूनी है। 16 से 18 वर्ष के किशोरों को केवल बिना गियर की दोपहिया वाहन चलाने का लाइसेंस मिलता है, और नियम तोड़ने पर लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। कई अभिभावकों का मानना है कि दुर्घटनाओं के लिए बच्चों से ज्यादा अभिभावक जिम्मेदार है। जिसको लेकर बरही पश्चिमी मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम ने अभिभावकों से अपील किया कि नाबालिग को बाइक चलाने की अनुमति बिलकुल भी नहीं दें। साथ ही उन्होंने बरही पुलिस प्रशासन से नाबालिग बच्चों को वाहन चलाते पकड़े जाने पर वाहन मालिक और उनके अभिभावक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## चाउमिन सेंटर में छापामारी कर शराब बरामद




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा पुलिस ने चाउमिन सेंटर में छापामारी कर अवैध शराब को बरामद किया। इस बाबत थाना प्रभारी गौतम उरांव ने बताया कि शनिवार की संध्या गस्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम चुगलामो स्थित भोला प्रसाद पिता श्याम सुंदर चौधरी के चोउमीन सेंटर और इनके घर में छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में इनके चोउमीन सेंटर से स्टारलिंग रिसर्व बी7 375 एमएल का–20 पीस, रॉयल स्टैग 375 एमएल का–05 पीस, बेड मंकी बोतल बियर 650 एमएल का12 पीस एवं भोला प्रसाद के घर से बेड मंकी बोतल बियर 650 एम एल का 11 पेटी बियर जिसमें प्रत्येक पेटी में 12–12 पीस बियर को बरामद किया गया है जिसे विधिवत जप्त कर थाना लाया गया है। इस संबंध में बरकट्ठा थाना कांड संख्या–74/25, धारा– 274/ 275/292 बीएनएस और 47ए उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत कांड अंकित किया गया है। समाचार लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाया।

## हाथियों ने घर किया ध्वस्त, फसलों को रौंदा



गोला (आजाद सिपाही)। सुतरी पंचायत अंतर्गत धोरधो रिया गांव में शनिवार की देर रात को जंगली हाथियों ने चरका बेदिया का पूरा घर गिरा दिया। साथ ही घर में रखे चावल, धान, आटा को चट कर दिया। हाथी पास के जंगल से करीब ग्यारह बजे रात को गांव में प्रवेश किये थे। इस घटना से चरका बेदिया का पूरा परिवार बेघर हो गया है। उसके दो छोटे छोटे बच्चे है। जो मां बाप के साथ बेघर हो गये है। बताया गया कि आठ हाथियों के झुंड में तीन छोटे छोटे बच्चे है। इसके अलावे बिरसाय बेदिया का चाहर दिवारी तोड़कर घर का दरवाजा तोड़ दिया। इसके बाद घर में रखे धान को बाहर निकाल कर खा गए। इस दौरान बिरसाय घर के छज्जा में चढ़ कर अपना जान बचाया। इसी गांव निवासी धर्मेंद्र बेदिया का दरवाजा, करमु बेदिया का लौकी, नंदलाल बेदिया का धान का बिचड़ा खा गये। सभी पीड़ित लोगों ने वन विभाग से मुआवजा की मांग की है। घटना की जानकारी के बाद समाजसेवी आनंद बेदिया ने पीड़ित परिवार से मिलकर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का विकास कार्य निरंतर होता रहेगा : विधायक



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। चितरपुर प्रखंड अंतर्गत मायल पंचायत क्षेत्र के शमशान घाट में डीएमएफटी योजना से लगभग 65 लाख की लागत से चहारदीवारी व शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जिसके मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी व विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल द्वारा शीलापट्ट का अनावरण कर किया गया। मौके विधायक ममता देवी ने कही की रामगढ़ विधानसभा में विकास को लेकर मैं पूरी तरह से कृतसंकल्पित हूं। विकास कार्य निरंतर चलता रहेगा मायल श्मशान घाट पर चहारदीवारी के निर्माण होने से एसटीएससी समाज के लोगों को काफी सुविधा होगा। साथ ही वे यहां सुरक्षित ढंग शवों को मिट्टी देने का कार्य कर सकते है। वहीं विशिष्ट अतिथि ने संवेदक को ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत बुके देकर किया गया।मौके पर चितरपुर उत्तरी क्षेत्र पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी, मायल मुखिया फिरोज अंसारी, राजेन्द्नाथ चौधरी, अमित महतो, संवेदक हर्ष चौधरी, लक्ष्मण महतो, लुमनाथ महतो, दिनेश महतो, प्रदीप महतो, मानिक पटेल, गौरीशंकर महतो सहित कई मौजूद थे।

## एनसीओइए ने किया शोकसभा का आयोजन



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। सीटू के राज्य अध्यक्ष सह भाकपा माले के केंद्रीय समिति सदस्य कॉमरेड मिथिलेश सिंह के आकस्मिक निधन पर एनसीओइए बरकाकाना शाखा ने सीसीएल कॉलोनी स्थित कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉमरेड दिलेंद्र सिंह व संचालन केंद्रीय समिति सदस्य नेपाल विश्वकर्मा ने किया। शोक सभा के दौरान उपस्थित यूनियन प्रतिनिधियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।मौके पर उपस्थित केंद्रीय समिति सदस्य नेपाल विश्वकर्मा ने कहा की श्रमिक नेता मिथिलेश सिंह सभी मजदूरों के दिल में बसते हैं। मजदूर हित में उनके द्वारा किया गया कार्य को लोग कई दशकों तक स्मरण रखेंगे। वहीं शाखा अध्यक्ष दिलेंद्र सिंह ने कहा कि श्रमिक नेता की आकस्मिक निधन से कोयला मजदूरों का निजी क्षति है, जो कभी भी पूरी नहीं की जा सकती है। मौके पर शाखा सचिव खिरोधर महतो, भरत विश्वकर्मा, एन सी विश्वास, ओमप्रकाश रजवार, रामलाल, रामप्रीत बेदिया, मनोज राम सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## करमा से अवैध कोयला लदी बाइक जब्त, तोपा में फिर मुहानों की डोजरिंग

कुजू (आजाद सिपाही)। करमा कोलियरी खदान हादसा बाद सीसीएल प्रबंधन और सुरक्षा विभाग काफी अलर्ट मोड में है। रविवार को सीसीएल प्रबंधन, करमा ने खदानों पर पैनी नजर बनाए रखा है। इसी बीच गश्ती दल ने ओबी डंप से दो बाइक पर लदे अवैध कोयला को जब्त कर लिया। साथ ही, बाइक को कुजू पुलिस को सुपर्द कर दिया। इसी दौरान गश्ती दलों द्वारा कोयला चोरों को खदेड़े जाने पर गाली गलौज कर मारपीट की धमकी देते हुए फरार हो गया। जब्त बाइक पर करीब दो टन कोयला लदा है। इधर, सीसीएल तोपा प्रबंधन करमा खदान हादसा के बाद रविवार को दूसरी बार डोजरिंग अभियान के तहत 6 अवैध मुहानों को बंद कराया। सीसीएल प्रबंधन की डोजरिंग कार्रवाई से कोयला तस्करों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## पीवीयूएनएल अफसरों के साथ असम विधानसभा समिति की बैठक संपन्न



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के परिसर में असम विधानसभा की सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गयी। समिति का नेतृत्व सभापति रमेंद्र नारायण कलीटा और विधायक सिबामोनी बोरा ने किया। बैठक में झारखंड ऊर्जा संचरण निगम, झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम, झारखंड बिजली वितरण निगम, ऊर्जा विभाग और पीवीयूएनएल के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान पीवीयूएनएल की ओर से सीइओ अशोक कुमार सहगल के नेतृत्व में परियोजना की प्रगति की जानकारी दी गयी और बताया गया कि 800 मेगावाट उत्पादन लक्ष्य की दिशा में कार्य तेजी से चल रहा है। समिति ने पतरातू थर्मल पावर और ग्रिड का भी भ्रमण किया। झारखंड में बिजली आत्मनिर्भरता और 200 यूनिट मुफ्त बिजली योजना की सराहना की।

## अलग-अलग घटना में दो महिलाओं की मौत

चतरा (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग हुई वज्रपात की घटना में दो महिलाओं की मौत हो गयी। जिसमें लोवगड़ा गांव निवासी सुधीर सिंह की पत्नी अनिता देवी (35) की मौत हुई है। वह खेत में काम कर रही थी। अचानक तेज बारिश के बीच वज्रपात हो गया। जिससे उनकी मौत हो गयी। वज्रपात की घटना में एक अन्य महिला गीता देवी की भी मौत हो गयी है। दोनों का शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। वज्रपात की घटना से लोग सदमे में हैं।

### सीबीएसइ फुटबॉल टूर्नामेंट क्लस्टर-3 का चौथा दिन, कुल 16 मैच खेले गये

# जो टीम भावना को समझता है, वही असली विजेता बनता है : प्रियंका

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खेल मैदान और फुटबाल ग्राउंड रामगढ़ में चल रहे सीबीएसइ क्लस्टर-3 फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिन कुल 16 टीमों ने अपना जौहर दिखाया। मौके पर अतिथियों ने विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि फुटबॉल एक खेल है जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि यह टीम वर्क और अनुशासन की भावना भी सिखाता है।

संस्था सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि जो टीम भावना को समझता है वही असली जीवन में विजेता बनता है। जिसके बाद मुकाबला अंडर- 17 ग्रुप दूसरे राउंड में ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल, रांची और राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, रामगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल 4-0 गोल से विजय हासिल की। इसी के अंतर्गत विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल 5-1, काशीडीह हाई स्कूल 3-0 से विजयी रहे। अंडर -19 ग्रुप में टेंडर हर्ट स्कूल रांची 4-0 गोल से, मनन विद्या मंदिर स्कूल रांची 3-0 गोल से विजेता रहे। अंडर - 14 से दवावती मोदी स्कूल 4-0, जीबीआरसी बोधगया 1-0, विद्या विहार रेजिडेंशियल स्कूल पूर्णिया 3-0 गोल से विजयी रहे।



**रेफरी में प्रताप कुमार व नमन कुमार ने कमान संभाला :** प्रतियोगिता में उद्घोषक के रूप में शुभम सोनी और रंजीत गोप ने और रेफरी के रूप में प्रताप कुमार व नमन कुमार ने कमान संभाली। मौके पर राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, राधा गोविंद इंटर कॉलेज प्राचार्या डॉ सोमा पांडेय,डॉ अनिल कुमार, डॉ संजय सिंह, सभी शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

# प्रतिभाओं का सम्मान अगली पीढ़ी के लिए प्रेरणा : अनिल प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ, जगेसर-पतलानी परगना का प्रतिभा सम्मान समारोह रांचीरोड़ स्थित सत्या मैरिज हॉल में हुई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय महामंत्री कुलदीप प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद, केंद्रीय कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद शामिल रहे। आयोजित कार्यक्रम ग्राम कमिटी मरार के तत्वावधान में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम का संचालन संगठन सचिव अरविंद कुमार साहु, उमेश प्रसाद व मरार ग्राम अध्यक्ष बीरबल प्रसाद ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह आने वाले पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। निश्चित ही समाज के प्रतिभावान युवाओं के लिए संघ का पहला अनूठा पहल है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। इससे पूर्व, अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं व बोर्ड परीक्षा के सफल प्रतिभागियों को उनकी बेहतर उपलब्धियों के लिए मोमेंटो व प्रशस्ति प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया। जिसपर पर सम्मानित होने वाले युवाओं ने संघ का आभार प्रकट किया। तत्पश्चात केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्यों ने शौंडिक भवन निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। समारोह में संघ के पूर्व महामंत्री धनेश्वर प्रसाद, खोखेन्द्र साव, जिला परिषद सदस्य दयामंती देवी, ज्योतिंद्र प्रसाद साहु, महेंद्र प्रसाद, संजय प्रसाद, भीम प्रसाद साहु, उमेश साहु, दिगम्बर प्रसाद साहु, जैक बोर्ड सदस्य राधा रमण साहु, चतुर्भुज प्रसाद, प्रभु प्रसाद साहु, गुलाब प्रसाद साहु, मथुरा प्रसाद, दिनेश्वर साहु, लोचन प्रसाद, मनीष प्रसाद, सुनील प्रसाद, लखन प्रसाद, उमेश प्रसाद, दिलीप प्रसाद, गणेश प्रसाद साहु, सुरेश प्रसाद, बिनोद प्रसाद, जनक प्रसाद, महावीर प्रसाद, त्रिभुवन प्रसाद, मनोज प्रसाद, मुकेश प्रसाद, आनंद प्रसाद, राजदीप प्रसाद, शिव प्रसाद, परमेश्वर साहु, संदीप साहु, गोलू कुमार, रामाशंकर प्रसाद, आदित्य प्रसाद साहु, अमरजीत कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।



## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ नगर इकाई का पुनर्गठन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ नगर इकाई का पुनर्गठन डिवाइन ओंकार मिशन स्कूल किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित और स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग विभाग के विभाग संगठन मंत्री विक्रम राठौड़, जिला प्रमुख डॉ आशीष कुमार उपस्थित थे। मौके पर विक्रम राठौड़ ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही निरंतर छात्र हित, समाज हित, राष्ट्र हित के मुद्दे को लेकर समाज में एक अलग पहचान बनाई है। विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता ना सिर्फ कॉलेज कैंपस में बल्कि हर क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। चाहे देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की बात हो, एक देश एक संविधान को लेकर धारा 370 को हटाने की बात हो, कोरोना काल में सेवा देने की बात हो हर जगह पर विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए देश प्रथम की भावना से निरंतर कार्य करता आया है। डॉ आशीष कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक गैर राजनीतिक छात्र संगठन है और निःस्वार्थ भाव से छात्रों की सेवा निरंतर 77वर्षों से करते आ रही है। कॉलेज कैंपस में छात्रों का एकमात्र भरोसेमंद छात्र संगठन अभाविप है। अभाविप छात्र हित के साथ साथ सामाजिक कार्य भी करती है।

# बलात्कार का आरोपी मुखिया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता


चतरा। एक दलित महिला से बलात्कार के आरोपी गोढ़ाई पंचायत के मुखिया विजय सिंह को चतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व बीते शुक्रवार को अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति के बैनर तले जन आक्रोश रैली निकाल कर जोर प्रदर्शन किया गया था। जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने मुखिया की गिरफ्तारी की जोरदार मांग की थी। रैली सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय से निकला, जो पोस्ट ऑफिस, गुदरी बाजार, केशरी चौक, गंदौरी मंदिर, जतराहीबाग होते हुए समाहरणालय के मुख्य गेट तक पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। सदर अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, डीएसपी मुख्यालय अमिता लकड़ा, अंचल अधिकारी अनिल कुमार, थाना प्रभारी विपिन कुमार ने प्रदर्शनकारियों को आरोपी मुखिया को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था। विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस कप्तान सुमीत कुमार अग्रवाल द्वारा एक टीम का गठन कर आश्वासन के महज 48 घंटा में मुखिया विजय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी मुखिया पर एक दलित महिला द्वारा प्रधानमंत्री आवास का झांसा देकर लंबे समय से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। महिला का कहना था कि 11 जून 2025 की रात उसके घर में जबरन घुस कर बलात्कार किया और विरोध करने पर जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दिया है। इस संबंध में 15 जून को मुखिया के खिलाफ थाना कांड संख्या 212/25 के तहत बलात्कार, एससी-एसटी एक्ट और धमकी देने मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी दर्ज के एक माह हो गया था लेकिन अब तक मुखिया की गिरफ्तारी नहीं होने से भुइयां समाज के लोगों में नाराजगी थी। इस संदर्भ में गिरफ्तार मुखिया विजय सिंह ने बताया कि न्यायालय पर मुझे पूर्ण भरोसा है। मुझ पर षड्यंत्र कर झूठे मुकदमें में फसाया गया है।

# सीआइओ ने पर्यावरण अभियान के दौरान दस लाख पौधे लगाने का रखा लक्ष्य

जब एक पत्ता मुस्कुरायेगा, हर दिन हरियाली लायेगाः
सकीना खातून

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। चिल्ड्रन इस्लामिक ऑर्गनाईजेशन (सीआइओ) के तत्वावधान में मिट्टी में हाथ, दिल वतन के साथ के तहत पर्यावरण अभियान चल रही है। जिसका लक्ष्य 25 जून से 26 जुलाई के बीच देश भर में 10 लाख पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए बच्चों को प्रेरित करना है। उक्त बातें रविवार को सौदागर मोहल्ला स्थित इस्लामी अकेडमी में प्रेस कांफ्रेंस कर सीआइओ की संरक्षक सकीना खातून ने कही। उन्होंने कहा कि इस्लामी मूल्यों पर आधारित बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक राष्ट्र मंच है। मंच के द्वारा प्राकृतिक देखभाल बचपन से ही शुरू होनी चाहिए, और सही मार्गदर्शन मिलने पर बच्चे चीजों को बदल सकते हैं। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चों में प्राकृतिक के प्रति देखभाल, जिम्मेदारी और प्रेम की भावना पैदा करना है। साथ ही वृक्षारोपण को राष्ट्रीय सेवा का एक आनंदमय और उद्देश्यपूर्ण कार्य बनाना है।



**बच्चे इस प्रवृत्ति को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं :** उन्होंने कहा कि इस अभियान की पृष्ठभूमि पूर्णतया स्पष्ट है। पृथ्वी गर्म होते जा रही है पेड़ बहुत कम बचे हैं, और वायु की गुणवत्ता खराब होती जा रही है। वन लुप्त हो रहे हैं और इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध हमारी सुरक्षा भी लुप्त हो रही है। बच्चे इस प्रवृत्ति को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जब बच्चे पौधे लगाते हैं और उसका पालन पोषण करते हैं तो वह न केवल ग्रह की मदद कर रहे होते हैं वह अपना भविष्य सुरक्षित कर रहे होते हैं।

**बच्चे स्कूलों, मदरसों, मस्जिदों और आसपास में लगायें पौधे :** उन्होंने बताया कि इस पल के तहत बच्चे स्कूलों, मदरसों, मस्जिदों, पार्कों, घरों सहित अन्य स्थानों पर पौधे लगायेंगे। प्रत्येक बच्चों को अपने पौधे का नाम रखने, एक मित्र की तरह उसकी देखभाल करने और चित्र, शिल्प, कविता आदि के माध्यम से अपने अनुभव को दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। उन्होंने इस अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए, सीआइओ सरकारी विभागों के साथ मिलकर स्वस्थ पौधे उपलब्ध कराने के लिए सहयोग की अपेक्षा की है।

**प्रेस कांफ्रेंस में ये थे उपस्थित:** जिया-उल-हक, बलराम सिंह, मौलाना शमशाद, डॉ नुसरत परवीन, मोहम्मद इमरान, अरमान जमीर, मोहम्मद इरफान, शिफा परवीन, सादिया फातिमा आदि उपस्थित थे।

## इनर व्हील क्लब ने चलाया स्वच्छता अभियान



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। इनर व्हील क्लब रामगढ़ द्वारा रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित कुआं और नालियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। इस पहल का उद्देश्य बारिश के कारण जल से होने वाले संक्रमण दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप को कम करना है, जिससे डेंगू मलेरिया टाइफाइड व हैजा जैसी बीमारियों से लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। क्लब के सदस्यों ने सक्रिय रूप से विभिन्न स्थानों पर जाकर स्वच्छता का संदेश दिया और आम जन को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया। क्लब का यह अभियान हर साल नियमित रूप से वर्षा ऋतु में चलाया जाता है। ताकि समाज को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण प्रदान किया जा सके। क्लब की अध्यक्ष नमिता श्रॉफ ने बताया कि क्लब समाज हित में आगे भी इसी तरह की जन कल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा। मौके पर जानिशा वडेरा, मेघा बगड़िया, नीरू साहनी, अनुराधा श्रॉफ, नम्रता जैन, रंजू अरोड़ा, नीतू अग्रवाल, हरमीत कौर, रेनू मेवाड़ आदि उपस्थित थे।

## समाजसेवी विनोद जैन का निधन, शोक की लहर



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। श्री दिगंबर जैन समाज के पूर्व सचिव और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी विनोद जैन का निधन रविवार की सुबह हो गयी। वे प्रतिदिन की तरह रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर पहुंचकर मत्था टेक कर अपनी कार से जा रहे थे। इसी बीच अचानक उनकी गाड़ी एक बाइक सवार टकरा गया, जिससे वे हॉपलेस हो गये और उनका हृदय गति रुक जाने से गाड़ी में ही निधन हो गया। वहीं, समाज के लोगों ने उन्हें तुरंत नईसराय सीसीएल अस्पताल में भर्ती कराया, जांच चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर, उनके निधन की खबर फैलते ही विभिन्न समाज के लोग पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। बताया जाता है कि विनोद जैन ने जीवन भर निष्कलंक सेवा समर्पण और संस्कारों से समाज को जोड़ा। दिगंबर जैन समाज रामगढ़ के सचिव पद पर रहते हुए उन्होंने अपने कर्म विचार और सरलता से समाज को एक नई दिशा दी। जैन युवक संघ के सचिव के रूप में उन्होंने युवाओं के मन में सेवा और संस्कार की अलख जगाई। शोक व्यक्त करने वाले में मानिक चंद जैन, रमेश सेठी, नरेंद्र जैन, संजय जैन, अरविंद सेठी, राजू सेठी, नीरज सेठी, प्रदीप जैन, निशांत जैन, अशोक सेठी, जंबू जैन, ललित चूड़ीवाल, राजेंद्र जैन, अशोक सेठी, महावीर प्रसाद गंगवाल, सुभाष सेठी, राकेश जैन, मनोज काला, प्रदीप सिंह, मंजीत साहनी, संजय अग्रवाल, अनिल गर्ग, मानू चतुर्वेदी, जितेंद्र प्रसाद डब्लू, अनूप कुमार, मुरारीलाल अग्रवाल, महेंद्र प्रताप सिंह, पीके मिश्रा, अमित साहू, निलंजन दत्ता, गोविंद लाल अग्रवाल, पंकज बगड़िया आदि ने शोक व्यक्त किया।

## श्रावणी मेला आयोजन को लेकर विवाद



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा थाना मैदान में रविवार को स्थानीय और विस्थापितों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व पार्षद झरी मुंडा और संचालन संतोष मांझी ने किया। इसमें भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान और जवाहरनगर मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप मांझी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में वक्ताओं ने श्रावणी मेला को लेकर सीसीएल प्रबंधन की भूमिका पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बिना स्थानीय और विस्थापितों की सहमति के मेला आयोजन की अनुमति देना और कमेटी गठन करना गलत है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि श्रावणी मेला के नाम पर मनमाने ढंग से पैसे की वसूली की जा रही है और इसका विरोध हर हाल में किया जायेगा। स्थानीय लोगों ने स्पष्ट किया कि उन्हें मेला आयोजन से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन पारदर्शिता के साथ नया कमेटी गठित हो और मेला की आय का उपयोग थाना मैदान के विकास में किया जाए। लोगों ने सुझाव दिया कि डाक सिस्टम से मेला लगाया जाये ताकि राजस्व पारदर्शी ढंग से एकत्र हो और उसका सदुपयोग हो सके। बैठक की सूचना मिलने पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी पक्षों की बात सुनते हुए कहा कि सोमवार को सुबह 11 बजे भुरकुंडा ओपी में सीसीएल प्रबंधन, स्थानीय और विस्थापितों के साथ बैठक आयोजित की जायेगी, जिसमें बैठक बाद निर्णय लिया जायेगा। बैठक में रंजीत बेसरा, राणा सिंह, अनिल एक्का, हरिचरण करमाली, सुखदेव उरांव, राजेश महतो, राजेंद्र मुंडा, लक्खी राणा, संतोष उरांव, रोहित मुंडा, पिंटू कुमार, सूरज कुमार, नितेश कुमार, यदुनाथ प्रसाद, पंकज खरवार, राहुल यादव, रोहित कुमार, सुमित कुमार, मधेवर साव, बबीता कुमारी, अर्जुन बेदिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा चंद्रगुप्त इकाई की बैठक

टंडवा (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा चंद्रगुप्त इकाई की बैठक रविवार को नगर भवन में आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता शंकर प्रसाद, संचालन कर्ता अजय कुमार ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि आरबीएम केंद्रीय सचिव गुरुदयाल साव, श्रमिक संघ के जिला अक्ष्य जागेश्वर दास, आम्रपाली परियोजना अध्यक्ष निरंजन राणा उपस्थित थे। बैठक में परियोजना क्षेत्र में मूलभूत सुविधा नौकरी मुआवजा संबंधित विषयों पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि रैयत विस्थापित मोर्चा चंद्रगुप्त एरिया परियोजना के कमिटी गठन हेतु संयोजक मंडली का चयन किया गया। इसमें मुख्य संयोजक शंकर प्रसाद संयोजक अजय कुमार को बनाया गया। इस मौके पर संतोष कुमार, छोटेलाल कुमार, बसंत कुमार, दिवेश टोप्पो, सुनील उरांव, संजय मुंडा, विरेन्द्र कुमार, श्यामदेव प्रसाद, कमलेश मुण्डा, अनिल कुमार, रामवरित प्रासवान, अमृत साव, सागर कुमार उपस्थित थे।


## शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या 935 दिनांक 07.03. 2025 के अनुसार मैं, सुन्दर प्रसाद, पिता मानिकचंद महतो उम्र लगभग 44 वर्ष, धर्म हिन्दू पेशा-गृहणी, राष्ट्रीयता भारतीय निवासी ग्राम-शिव नगर, चिकोर, पो० भदानीनगर, थाना-पतरातू, जिला-रामगढ़ (झारखण्ड) शपथ पूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूँ कि :-

1. यह कि, मेरी पुत्री का सत्य व सही नाम रितिका रंजन (RITIKA RANJAN) है जो उसके शैक्षणिक प्रवेश पत्र मैट्रिक में दर्ज है जिसका रजि० नं०-27014-02313-21 और नामांकन पत्र संख्या 2224037 है।
2. यह कि, मेरी पुत्री के आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम शुबु कुमारी (SHUBU KUMARI) दर्ज है। जिसका आधार कार्ड संख्या 5588 6068 4081 है।
3. यह कि, रितिका रंजन (RITIKA RANIAN) एवं शुबु कुमारी (SHUBU KUMARI) दोनों नाम एक ही लड़की का है जो कि मेरी पुत्री है।
4. यह कि, यह शपथ-पत्र में संबंधित विभाग में देने हेतु निष्पादित कर रहा हूँ।
5. यह कि उपरोक्त कथन सत्य एवं सही है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 14 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# ‘शिक्षा के मंदिर’


अध्यापक ही बच्चों को सही शिक्षा देकर ज्ञानवान बनाते हैं, परंतु आज चंद अध्यापक-अध्यापिकाएं अपनी मयार्दा को भूल कर बच्चों पर अमानवीय अत्याचार कर रहे हैं। हद तो यह है कि कुछ स्कूलों में अध्यापक-अध्यापिकाएं तलाशी के नाम पर छात्राओं के कपड़े उतारने जैसे अमानवीय कृत्यों में संलिप्त पाये जा रहे हैं जिनके चंद उदाहरण इस प्रकार हैं। 12 जनवरी को धनबाद (झारखंड) के एक स्कूल के प्रिंसीपल ने स्कूल में एक समारोह के दौरान दसवीं कक्षा की 80 छात्राओं को अपनी शर्ट उतार कर केवल ब्लेजर में घर जाने को मजबूर किया जिस पर छात्राओं के परिजनों ने स्कूल में आकर भारी हंगामा किया। 12 मार्च को रायसेन (मध्य प्रदेश) के उदयपुरा में एक अध्यापिका ने 10वीं कक्षा की बोर्ड की परीक्षा देने आई एक छात्रा की तलाशी के नाम पर भरी क्लास में उसके कपड़े उतरवा दिये और छात्रा के विरोध करने पर उसे क्लास से बाहर निकाल दिया। घटना से स्तब्ध छात्रा स्कूल परिसर में ही गिर गयी और अपने पिता तथा भाई को फोन करके सूचित किया। 30 मार्च को अमेठी (उत्तर प्रदेश) में बहादुरपुर स्थित एक स्कूल में एक छात्र के 30 रुपये गुम हो जाने की शिकायत मिलने पर एक अध्यापिका द्वारा सातवीं कक्षा की एक छात्रा के कपड़े उतरवा कर तलाशी लेने और पैसे नहीं मिलने पर जातिसूचक गालियां देकर धमकाने से आहत पीड़िता डिप्रैशन में आ गयी और 2 दिनों तक डरी-सहमी रही। किसी तरह बच्ची की मां ने उसे दिलासा देकर उसकी खामोशी का कारण पूछा तो उसने अपनी मां को सारी बात बताई जिस पर बच्ची की मां ने पुलिस में स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई। और अब 9 जुलाई को ठाणे (महाराष्ट्र) स्थित एक निजी स्कूल की छात्राओं को मासिक धर्म हो रहा है या नहीं इसका पता लगाने के लिए 10 लड़कियों के कपड़े उतरवाने के आरोप में पुलिस ने स्कूल की प्रिंसीपल तथा एक अन्य कर्मचारी को गिरफ्तार करने के अलावा 4 अध्यापिकाओं व 2 ट्रस्टियों के विरुद्ध पोक्सो अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि स्कूल के कर्मचारियों ने 8 जुलाई को टायलैट में खून के धब्बे देख कर इसकी सूचना अध्यापिकाओं और प्रिंसीपल को दी थी। इसके पीछे कौन जिम्मेदार है यह जानने के लिए पांचवीं से दसवीं कक्षा तक की छात्राओं को बुला कर पूछा गया कि कौन-कौन मासिक धर्म में है। अध्यापिकाओं ने हाथ उठाने वाली छात्राओं के अंगूठे के निशान सहित सभी विवरण दर्ज किये और अन्य लड़कियों को टायलेट में ले जाकर उनके कपड़े उतरवा कर जांच की। तलाशी के नाम पर छात्राओं को इस प्रकार लज्जित करने के मामलों का सामने आना गंभीर चिंता का विषय है, जो अध्यापक-अध्यापिकाओं के एक वर्ग में घर कर गयी संवेदनहीनता का परिणाम है। इस तरह का आचरण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की तुरंत आवश्यकता है।

**तलाशी के नाम पर छात्राओं को इस प्रकार लज्जित करने के मामलों का सामने आना गंभीर चिंता का विषय है, जो अध्यापक-अध्यापिकाओं के एक वर्ग में घर कर गयी संवेदनहीनता का परिणाम है।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (इएलआइ) योजना देश की श्रमशक्ति के लिए एक स्वागत योग्य राहत है। एक मजदूर संगठन (ट्रेड यूनियन) के तौर पर, हम इसे एक ऐसे दीर्घकालिक मांग के रूप में देखते हैं, जोकि आखिरकार साकार हो रही है। यह एक ऐसी सक्रिय नीति है, जो रोजगार सृजन, कौशल विकास और औपचारिकीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। हम इस अनूठी पहल की शुरुआत करने के लिए सरकार की सराहना करते हैं।**

# अधिकारों और गरिमा से लैस श्रमशक्ति का निर्माण: इएलआइ योजना की भूमिका



**हिरण्मय पंड्या**



भारत सरकार द्वारा हाल ही में स्वीकृत की गयी बहुप्रतीक्षित रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (इएलआइ) योजना देश की श्रमशक्ति के लिए एक स्वागत योग्य राहत है। एक मजदूर संगठन (ट्रेड यूनियन) के तौर पर, हम इसे एक ऐसे दीर्घकालिक मांग के रूप में देखते हैं, जोकि आखिरकार साकार हो रही है। यह एक ऐसी सक्रिय नीति है, जो रोजगार सृजन, कौशल विकास और औपचारिकीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। हम इस अनूठी पहल की शुरुआत करने के लिए सरकार की सराहना करते हैं। इससे 3.5 करोड़ से अधिक श्रमिकों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इन श्रमिकों में 1.9 करोड़ से अधिक पहली बार काम करने वाले श्रमिक भी शामिल हैं। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) इस योजना को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में श्रमिकों को प्राथमिकता देने की सरकार के इरादे की पुष्टि के रूप में देखता है।

इएलआइ योजना एक ऐसे व्यापक रोजगार सहायता ढांचे का हिस्सा है, जो पिछले वर्ष शुरू की गयी सरकार की इंटर्नशिप एवं कौशल विकास योजनाओं जैसी मौजूदा पहलों का पूरक है। कुल मिला कर इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विशेष रूप से नौकरी की सुलभता और सामाजिक सुरक्षा कवरेज के मामले में ऐतिहासिक रूप से पिछड़े श्रेणी 2 और श्रेणी 3 वाले शहरों के युवाओं के लिए रोजगार क्षमता को बेहतर बनाना, औपचारिक रोजगार की राह तैयार करना तथा श्रम सुरक्षा को मजबूत करना है।

**इएलआइ योजना की एक प्रमुख विशेषता यह है कि यह भारत के कौशल एवं रोजगार के व्यापक ढांचे के अनुरूप ढली हुई है।**

कर्मचारियों के खातों में सीधे योगदान देकर, यह योजना नियोक्ताओं के लिए औपचारिकीकरण की लागत को कम करती है और युवाओं एवं पहली बार काम करने वाले कर्मियों को औपचारिक श्रमशक्ति का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करती है। इससे पेंशन, स्वास्थ्य सेवा और अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा लाभों की सुलभता सुनिश्चित होती है। इसके अलावा, मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमइ) को अतिरिक्त सहायता प्रदान करके, यह योजना रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के साथ-साथ सभी इलाकों और समुदायों में समान आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का वादा भी करती है।

यह योजना न केवल श्रमिकों के लिए एक नया अवसर पेश करती है, बल्कि सम्मानजनक, स्थिर और समावेशी रोजगार की दिशा में एक सार्थक बदलाव को भी दर्शाती है।

**श्रमशक्ति में प्रवेश और औद्योगिक संबंधों को ठोस बनाना**

इएलआइ योजना का सबसे सराहनीय पहलू यह है कि यह औपचारिक रोजगार और वित्तीय साक्षरता से जुड़े 15,000 रुपये तक के प्रत्यक्ष प्रोत्साहन के जरिए नौकरियों में प्रवेश करने वाले नये लोगों को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। कई लोगों के लिए, यह अनौपचारिक से हट कर अधिकार-आधारित व गरिमापूर्ण रोजगार की दिशा में बढ़ते हुए अनुबंधों, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल पर सुरक्षा से लैस कामकाज के व्यवस्थित माहौल से उनका पहला परिचय है।

बीएमएस लंबे समय से श्रमिकों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले ऐसे बदलावों की हिमायत करता रहा है।

औपचारिकीकरण केवल वेतन-भुगतान से संबंधित अनुपालनों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह नियोक्ता-कर्मचारी के बीच के संबंधों की प्रकृति को भी मौलिक रूप से बदल देता है। सुरक्षा और सम्मान पाने वाले कर्मचारी अधिक योगदान देते हैं, लंबे समय तक टिके रहते हैं और भरोसे का निर्माण करते हैं। यह कर्मचारियों के लिए पेंशन, चिकित्सा संबंधी लाभ, भविष्य निधि से जुड़ी बचत और जरूरत पड़ने पर कानूनी सहायता की सुलभता सुनिश्चित करता है।

यह योजना ट्रेड यूनियन के साथ सार्थक जुड़ाव, संस्थागत शिकायत निवारण और कार्यस्थल से जुड़े विवादों में कमी लाने की गुंजाइश बनाती है।

इस दृष्टि से इएलआइ योजना का आशय केवल रोजगार सृजन से ही नहीं है, बल्कि पारस्परिक सम्मान एवं साझा विकास पर आधारित एक अपेक्षाकृत अधिक न्यायसंगत एवं सहभागी कामकाज की दुनिया को आकार देने से भी है।

**कौशल निर्माण, गतिशीलता और सतत रोजगार**

इएलआइ योजना की एक प्रमुख विशेषता यह है कि यह भारत के कौशल एवं रोजगार के व्यापक ढांचे के अनुरूप ढली हुई है। इससे ऐसा रोजगार सुनिश्चित होता है, जो टिकाऊ और सशक्त दोनों हो। वित्तीय साक्षरता, अप्रेंटिसशिप कार्यक्रमों, आइटीआइ सुधारों और भर्ती से जुड़े कौशल (प्लेसमेंट लिंक्ड स्किलिंग) को जोड़ कर, यह योजना कौशल हासिल करने से लेकर गरिमापूर्ण काम पाने तक का एक स्पष्ट मार्ग प्रशस्त करती है। इसका ध्यान केवल नौकरी में प्रवेश तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आगे बढ़ने और करियर में प्रगति पर भी केंद्रित है। इससे युवा श्रमिकों को औपचारिक श्रम बाजारों के साथ जुड़े रहने में मदद मिलती है।

खासकर, महामारी के बाद की अनिश्चितताओं और तेजी से बदलते तकनीकी बदलावों की पृष्ठभूमि में। इससे दीर्घकालिक रोजगार और विकास सुनिश्चित होता है।

**राष्ट्रीय प्रगति की साझा जिम्मेदारी**

इएलआइ योजना सही साधन प्रदान करती है, लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि यूनियन, राज्य और अन्य संगठनों जैसे सभी हितधारक इसके साथ किस प्रकार जुड़ते हैं। यह योजना ट्रेड यूनियनों को नए औपचारिक श्रमिकों के साथ जुड़ाव बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और अपने कार्यस्थलों को आकार देने में सार्थक रूप से भाग ले सकें। रोजगार सृजन के साथ-साथ कार्यस्थल पर मजबूत लोकतंत्र, बेहतर श्रम-प्रबंधन संवाद और समस्याओं के समाधान में सहयोगात्मक रवैये को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

भविष्य में इएलआइ योजना भारत के विकास से जुड़े दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। जैसे-जैसे हम विकसित भारत@2047 के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, हमारा लक्ष्य विकास या औद्योगिक विस्तार से परे जाकर एक कुशल, संरक्षित, प्रेरित तथा अर्थव्यवस्था में औपचारिक रूप से समन्वित श्रमशक्ति का निर्माण करना होना चाहिए।

इएलआइ योजना इसी दृष्टिकोण के अनुरूप है और यह एक ऐसे भविष्य की नींव रखती है जहां युवा सशक्त और औद्योगिक संबंध सहयोगात्मक हों।

बीएमएस इस दूरदर्शी कदम की सराहना करता है और श्रमिकों एवं राष्ट्र की बेहतरी के लिए इसके प्रति अपना रचनात्मक समर्थन व्यक्त करता है।

**(लेखक : भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### जमशेदपुर में शेफाली जरीवाला को दी गयी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर में अभिनेत्री शेफाली जरीवाला की मौत पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जमशेदपुर कलाकार मंच के द्वारा कचहरी रोड स्थित आरती प्रसाद के आवास पर आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में कई लोग मौजूद थे। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन प्रदेश मंत्री सह प्रदेश प्रवक्ता सपना गुप्ता और कुमारी शिल्पा नामता के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर कई लोग मौजूद थे, जिन्होंने शेफाली जरीवाला को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में शकुंतला देवी बाग, सीमा नामता, वापी नामता, प्रिंस कुमार नामता, गायत्री नामता, रीना बत्ती, मनीषा बत्ती, रूबिनी भूमि, पुष्प लता वाला भूमिज, डिंपल जायसवाल, सीमा जयसवाल, पपाई चक्रवर्ती, सजना चक्रवर्ती, ज्योति दास, शिखा दुबे, रिया महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई जारी रखने की मांग पूरी होने पर निकाला विजय जुलूस




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** राज्यपाल के आदेश पर डिग्री कॉलेजों में 12वीं कक्षा को हटाने और 11वीं में नामांकन बंद करने के फैसले के खिलाफ चल रहे एक महीने लंबे छात्र आंदोलन को आंशिक सफलता मिली है। छात्रों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने 12वीं की पढ़ाई को यथास्थान जारी रखने की घोषणा की। रविवार को इंटरमीडिएट बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों छात्रों ने साकची आम बागान मैदान से साकची गोलचक्कर तक विजय जुलूस निकाला और सभा का आयोजन किया।विजय जुलूस में विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के साथ छात्र प्रतिनिधि भी शामिल रहे।सभा को संबोधित करते हुए समिति के सदस्य शुभम झा ने कहा ह्लयह आंदोलन की आंशिक जीत है। इसका श्रेय हर उस छात्र-छात्रा, अभिभावक, शिक्षक, बुद्धिजीवी और समाज के लोगों को जाता है जिन्होंने संघर्ष को समर्थन और सहयोग किया।उन्होंने कहा आगे भी अन्य मांगों को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर रिंकी बांसियार, अमन सिंह, सोनीसेन गुप्ता, झरना महतो, सबिता सोरेन, कामेश्वर प्रसाद, पूजा, दीपा गोराई, दीपन्निता आचार्य, ठाकुर प्रसाद बास्के, मनीषा, राखी, सीता, रोशनी, सचिन, अनुज, जयंत, समीर महतो सहित दर्जनों कॉलेजों से सैकड़ों छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### आशियाना अनंतारा में सावन महोत्सव,नेहा गुप्ता बनी क्वीन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के मानगो स्थित आशियाना अनंतारा सोसाइटी में महिलाओं ने हरे रंग की साड़ी और चूड़ियों के साथ पारंपरिक अंदाज में सावन महोत्सव मनाया।रविवार को कार्यक्रम में मेहंदी,चूड़ी पहनना, म्यूजिकल चेयर, सावन गीत और शिव वंदना जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। नेहा गुप्ता को ओवरऑल विजेता घोषित कर सावन क्वीन का खिताब दिया गया। कार्यक्रम में प्रियंका सिंह, चंचल कुमारी, सोना सिंह, पूजा सिंह, ज्योति गुप्ता, अंजलि गुप्ता, दीपा सिंह, हिना गुप्ता, सुमन देवी, माधवी वर्मा और खुशबू सिंह समेत कई महिलाएं शामिल रहीं।

# को-ऑपरेटिव कॉलेज में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का अभ्यास वर्ग संपन्न


**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** को-ऑपरेटिव महाविद्यालय में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास जमशेदपुर विभाग के द्वारा एक दिवसीय अभ्यास वर्ग आयोजित की गयी। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य आथिति डॉ पीके पाणी (कुलपति, नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय) विशिष्ट अतिथि डॉ अंगद तिवारी (उपकुलपति, अर्का जैन विश्वविद्यालय), सम्मानित अतिथियों में डॉ बीएन प्रसाद (पूर्व प्राध्यापक, एनआइटी), डॉ अमर सिंह (प्राचार्य, को-ऑपरेटिव महाविद्यालय), विद्यासागर लाभ (विभाग सह-कार्यवाह, आरएसएस), मनोज कुमार सिंह (पूर्व सदस्य, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग), डॉ राजीव कुमार (प्राध्यापक, भौतिकी विभाग को-ऑपरेटिव महाविद्यालय) सहित अन्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। डॉ कविता परमार ने सभी अतिथियों का परिचय कराए और डॉ अमर सिंह ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा अभ्यास वर्ग में नई शिक्षा नीति, भारतीय ज्ञान परंपरा और संगठन विस्तार पर सारगर्भित विचार रखे गये। मौके पर कोल्हान प्रमंडल के विभिन्न महाविद्यालयों से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता दी। मौके पर डॉ विजय कुमार सिंह, डॉ पियूष रंजन, महेन्द्र सिंह, डॉ रंजीत प्रसाद, डॉ कविता परमार,श्रीमन नारायण त्रिगुण, डॉ रागिनी भूषण ने अभ्यास वर्ग की गरिमा बढ़ाई। प्रथम सत्र की शुरूआत डॉ अमर सिंह के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार प्रकट की। तत्पश्चात डॉ रंजीत कर्ण ने विषय प्रवेश कराते हुए अभ्यास वर्ग की संकल्पना और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डॉ विजय कुमार सिंह ने न्यास की स्थापना यात्रा और 2004 के शिक्षा बचाओ आन्दोलन से 2007 में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की स्थापना तक की कथा साझा की।

# शिविर में 151 यूनिट रक्त संग्रह, दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति ने जताया आभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति के तत्वावधान में आमबगान स्थित बंगाल क्लब सभागार में एकदिवसीय महारक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को सुबह 9 बजे से संध्या 4 बजे तक चले शिविर में शहर के सैकड़ों रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कुल 151 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। शिविर में सैकड़ों रक्तदाताओं के साथ पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, सांसद विद्युत वरण महतो,पूर्व विधायक अरविंद सिंह व कुणाल षाड़ंगी, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिंहा, सदस्य डॉ परितोष सिंह व डॉ कविता परमार, समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कल्याणी शरण, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, नंदजी प्रसाद, दिनेश कुमार, कुलवंत सिंह बंटी, शिवशंकर सिंह, आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, रविंद्र झा,गुंजन यादव, संजीव कुमार,शंकर रेड्डी, भूतपूर्व सैनिक परिषद के प्रतिनिधि सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। रक्तदान शिविर में शहर की विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और सेवा कार्य को अपना समर्थन दिया। समिति की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। शिविर के सफल आयोजन में बंगाल क्लब, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन और जमशेदपुर ब्लड सेंटर का विशेष सहयोग रहा। मौके पर समिति के अध्यक्ष अचिंतम गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं, दुर्गा पूजा समिति के प्रतिनिधियों और शहरवासियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अचिंतम गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महासचिव आशुतोष सिंह, सचिव रामबाबू सिंह, वरीय उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह, उपाध्यक्ष नीरज सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, अशोक सिन्हा, गौतम प्रसाद, परमात्मा मिश्रा, संयोजक प्रमोद तिवारी, शंभू मुखी, सत्येंद्र कुमार, अंकेक्षक प्रदीप दास और अन्य मौजूद रहे।

### झामुमो नेता पर जमीन कब्जा करने का आरोप



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र के जमीन विवाद ने अब राजनीतिक रंग ले लिया। रविवार को नगीनापुर निवासी विवेक उपाध्याय ने झामुमो नेता गणेश महाली पर जबरन जमीन कब्जा करने और सीसीटीवी कैमरा तोड़ने का आरोप लगाया। विवेक का कहना है बीते 11 जुलाई को महाली ने अपने समर्थकों के साथ विवादित जमीन पर झामुमो का झंडा लगाकर बाउंड्री वॉल को रंगवा दिया। वही दूसरी ओर गणेश महाली ने जमीन को वैध बताते हुए सभी दस्तावेज थाना में पेश किए। उन्होंने आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया। जानकारी मिलने पर आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच करने की बात कही।

### सीपी समिति मध्य विद्यालय प्रबंधन समिति का विस्तार, पदाधिकारियों ने ली शपथ



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** केबुल बस्ती स्थित सीपी समिति मध्य विद्यालय प्रबंधन समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष दिनेश कुमार ने कमिटी विस्तार किया। रविवार को विधायक पूर्णिमा साहू और भूपेंद्र लोधी (चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर, आरकेएफएल) ने माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।मौके पर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा विद्यालय छत्तीसगढ़ी समाज की अमूल्य विरासत है। जिसे सहेजना सबकी जिम्मेदारी है।भूपेंद्र लोधी ने कहा शिक्षित समाज ही राष्ट्र निर्माण में सहायक है। संरक्षक खेमलाल चौधरी ने विद्यालय की गौरवशाली उपलब्धियां गिनायी। मौके पर अध्यक्ष दिनेश कुमार ने समाज से मिली जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। साथ ही सभी को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन महासचिव परमानंद कौशल और स्वागत भाषण प्रधानाध्यापक अमित कुमार सिंह ने दी। इस अवसर पर संरक्षक विधायक पूर्णिमा साहू, खेमलाल चौधरी समेत समाज के कई वरिष्ठजन, शिक्षकगण और सैकड़ों समाज के लोग उपस्थित रहे।

### कांवर यात्रा के लिए पंजीयन शुरू, 25 को एक हजार शिवभक्त सुल्तानगंज के लिए होंगे रवाना

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बाबा बैधनाथ सेवा संघ के बैनर तले इस वर्ष भी निशुल्क कांवर यात्रा का आयोजन किया गया। कांवर यात्रा के लिए पंजीयन की जारही है। संघ के विकास सिंह ने बताया कांवर यात्रा के लिए सोनारी, कदमा और मानगो के विभिन्न केंद्रों पर पंजीयन जारी है। 25 जुलाई को 1000 शिवभक्त जमशेदपुर से सुल्तानगंज के लिए रवाना होंगे। यात्रा में डॉक्टर, नर्स और एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गयी है। यात्रा पूरे आठ दिनों की होगी।

### संघर्ष और आंदोलन से ही विकास संभव : अभय सिंह



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम के श्यामसुंदरपुर प्रखंड में भाजपा नेता अभय सिंह के नेतृत में एक बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को बैठक में अभय सिंह ने कार्यकताओं संग जनजातीय क्षेत्र की समस्याओं और मौलिक सुविधाओं के अभाव पर चर्चा की। मौके पर उन्होंने कहा संघर्ष और आंदोलन के जरिए ही क्षेत्र में विकास संभव है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए नये कार्यकर्ताओं को जोड़ने की सलाह दी। इस दौरान कार्यकताओं में खासा उत्साह देंखने को मिला। मौके पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव, जिला सदस्यता प्रभारी लखन मार्डी समेत कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रारो गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी झड़प, आधा दर्जन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई ।** डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे से जमकर मारपीट हो गयी, जिसमें दोनों पक्ष के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक पक्ष के मंतु यादव प्रमोद यादव नन्हकी देवी मंती देवी कमोदा देवी तथा दूसरे पक्ष के उषा देवी सुखन यादव सहित कई का नाम शामिल है। एक पक्ष की रामाधार यादव ने बताया कि 44 डिसमिल जमीन को लेकर गांव के ही सुखन यादव मुखन यादव, लालमोहन यादव, नंदू यादव, नंदकुमार यादव, धर्मेंद्र यादव, कमला कुंवर, उषा देवी, मनिका देवी के द्वारा लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से हम लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। उसने बताया कि 44 डिसमिल जमीन में मेरा पूर्वजों के समय से ही जोत कोड होते आ रहा है और उसमें घर भी है। लोगों के द्वारा उक्त जमीन को अपना बताते हुए एक राय होकर लाठी डंडे से लैस होकर घर को तोड़ने के लिए दबाव बनाया गया। जब हम लोग घर नहीं तोड़ने का विरोध किया, तो उक्त लोग मारपीट कर हम लोगों को घायल कर दिया। तो वहीं दूसरा पक्ष के नंदकुमार यादव का कहना है कि 10 फीट लंबी हमारी जमीन को मंटू यादव, प्रमोद यादव वगैरह के द्वारा कब्जा किया जा रहा था, जिसको लेकर विवाद बढ़ी थी। जब हम लोग उसका विरोध किये, तो उक्त लोग मारपीट पर उतारू हो गये और हम लोगों को लाठी डांटे से जमकर मारपीट कर घायल कर दिया गया। न्याय को लेकर स्थानीय थाना में हम लोगों ने आवेदन दिया है। मामले में थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटी है, जिसमें एक तरफ के तीन और दूसरे तरफ के दो लोग घायल हुए हैं। घायलों का इंजरी काटकर इलाज के लिए भेज दिया गया है। वहीं दोनों तरफ से मामले को लेकर आवेदन मिला है।

# मंडल डैम से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास को लेकर उपायुक्त ने किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मंडल डैम परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास को लेकर प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम विश्रामपुर स्थित बरवाहा टोला में चिन्हित पुनर्वास स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंका शुभम बेला टोपनो तथा अंचल अधिकारी रंका शिवपूजन तिवारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त श्री यादव ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस स्थान को समग्र विकास की दृष्टि से विकसित किया जायेगा। यहां पुर्नस्थापित होने वाले परिवारों के साथ-साथ पहले से निवास कर रहे ग्रामीणों के लिए भी सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, स्वच्छता सहित अन्य मूलभूत एवं विकासपरक योजनाओं को सुनिश्चित किया जायेगा। उपायुक्त ने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसी को भी विस्थापन के कारण कठिनाई न हो और सभी को बेहतर जीवन-स्तर उपलब्ध कराया जाये। पुनर्वास स्थल पर समुचित आधारभूत संरचना विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

प्रशासन का यह प्रयास है कि मंडल डैम परियोजना के सफल क्रियान्वयन के साथ-साथ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित, सम्मानजनक और सुविधाजनक पुनर्वास मिले।

## आइटीआइ की वार्षिक परीक्षा को लेकर केंद्राधीक्षक एवं दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त

गढ़वा (आजाद सिपाही)। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड, रांची द्वारा राज्य के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षा (जुलाई 2025) के सफल एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु गढ़वा जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। परीक्षा 17 जुलाई से 22 जुलाई 2025 तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा के सफल संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव द्वारा जिले के सात परीक्षा केंद्रों-औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा; औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भंडरिया; औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगराटांड़; महिला प्राइवेट आईटीआई, कल्याणपुर; प्राइवेट आईटीआई, रंका खुर्द रंका; गांधीयन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, अचला नावाडीह, शाहपुर रोड, सोह; एवं ओम प्राइवेट आईटीआई, औरैया, मेराल में केंद्राधीक्षक एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गय है। परीक्षा की अवधि के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, रंका एवं श्रीबंशीधर नगर अपने-अपने क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था की निगरानी करते हुए प्रशासनिक सतर्कता बनाए रखेंगे।

## कसौधन वैश्य महिला मंच ने पौधरोपण किया




गढ़वा (आजाद सिपाही)। कसौधन वैश्य समाज महिला मंच गढ़वा के द्वारा समाज के उपाध्यक्ष सुरेंद्र कश्यप के चिनिया रोड स्थित चारदिवारी के अंदर वृक्षारोपण का कार्य किया गया। मौके पर महिला मंच के अध्यक्ष कंचन कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जा रहा है। यह कार्य अब लगातार किया जायेगा। महिला मंच के द्वारा हर वर्ष वृक्षारोपण का कार्य किया जाता है। हम लोग समाज के ही सदस्य के खाली पड़े बाउंड्री के अंदर वृक्षारोपण का कार्य करते हैं। जिससे पौधा लगाकर उस की देख भाल हो सके उसे बचाने का कार्य किया जाये। हम सभी महिलाओ से आग्रह करते है ।आप भी अपने घर के हर ऐक सदस्य के हाथों हाथो पौधारोपण कराये जिससे पर्यावरण संतुलित रहे। इस पुनीत कार्य में शामिल हो कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहभागी बने महिला मंच के संरक्षक शोभा कश्यप, सचिव अर्चना कश्यप, सदस्य विनीता कश्यप, प्रमिला कश्यप, उषा कश्यप, उन्नति, अनन्या, सिखा कुमारी उपस्थित थे।

## आजसू नेता की पत्नी का हृदयाघात से निधन

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत अरसली उतरी गांव निवासी सह आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य रविंद्रनाथ शर्मा की पत्नी किरण देवी (उम्र 41 वर्ष) का रविवार सुबह हृदयाघात से निधन हो गया। परिवारिक सूत्रों के अनुसार किरण देवी खेत से मुंग तोड़कर बटेदार के घर मे खटिया पर बैठीं थी, इसी दौरान अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर ले जाया गया, जहां डॉ. रंजन कुमार दास ने जांचोपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी असामयिक मृत्यु की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मुखिया प्रतिनिधि तासबीन अंसारी, समाजसेवी जयराम पासवान, अरुण गुप्ता, उदय गुप्ता, डोमन चंद्रवंशी, मुना शर्मा, जावेद अंसारी समेत कई गणमान्य लोग अस्पताल पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी।

## अज्ञात वाहन के धक्के से लक्कड़बग्घा घायल

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना पूर्वी वन क्षेत्र अंतर्गत संभवतः चुतरू मुख्य सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन के धक्के से लक्कड़बग्घा घायल हो गया। घायल होने की व्याकुलता में लक्कड़बग्घा गिरते पटकाते किसी तरह सड़क के किनारे स्थित एक नाले में जाकर रात भर बेसुध पड़ा रहा।सुबह में घुरते फिरते कुछ लोगों की नजर उस लक्कड़बग्घे पर पड़ी तो इसकी सूचना वन विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारियों को दी गई किन्तु खबर लिखे जाने तक किसी वन कर्मियों को खोज खबर लेने की सूचना नहीं है। इस लक्कड़बग्घे को देखने के लिए भीड़ लगी थी।

## दीदी बाड़ी योजना नहीं करें स्वीकृत : शुभम बेला तोपनो



रंका (आजाद सिपाही)। वषार्काल में मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित दीदी बाड़ी योजना को लेकर रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों ने मनरेगा कर्मियों को 11 जुलाई 2025 के बाद नये दीदी बाड़ी योजना स्वीकृत नहीं करने का आदेश दिया है। उप विकास आयुक्त के आदेश पत्र के आलोक में रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों ने कोई भी नयी दीदी बाड़ी योजना ओनगोइंग नहीं करने का आदेश सभी मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक को दिया है। जिसमें कहा है कि अब कोई भी दीदी बाड़ी योजना स्वीकृत नहीं करेंगे और नहीं नया वर्क कोड जेनरेट करेंगे।इसकी प्रतिलिपि कनिय अभियंता, सहायक अभियंता और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को भी दे दी गयी है।

## पीएलवी ने दिव्यांग को मुहैया कराया व्हीलचेयर और दिव्यांग प्रमाण पत्र



रंका (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के अंतर्गत रंका प्रखंड पीएलवी कृष्णानंद दुबे के नेतृत्व में विश्रामपुर पंचायत के पीएलवी राजेश कुमार चौधरी और मानपुर पंचायत के पीएलवी समाजसेवी अमरेन्द्र कुमार के संयुक्त प्रयास से 12 जुलाई 2025 को दिव्यांग जन खोज संपर्क अभियान चलाकर ग्राम रंकाकला के शिवनाला निवासी सकेन्द्र राम के दिव्यांग पुत्र यस कुमार (13 वर्ष) को व्हीलचेयर और दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर दिव्यांग के माता - पिता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## सगमा से दर्जनों कांवरियों का दल देवघर रवाना



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सगमा से पंचायत प्रतिनिधियों के नेतृत्व में दर्जनों कांवरिया दल देवघर के लिए प्रस्थान। सावन का महीना सुरु होते ही प्रखण्ड छेत्र से प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में भोले भंडारी के भक्त देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ पर जलाभिषेक करने जाते है इसी कड़ी में पहला कांवरिया दल हर हर महादेव बोल बम के उदघोष करते हुए सगमा पंचायत के मुखिया तेज लाल राम उप मुखिया मंगलेश यादव उप प्रमुख अर्जुन पासवान के नेतृत्व में नैद्यनाथ धाम के लिए प्रस्थान किया। उक्त कांवरिया दल में अन्य के अलावा मुख्यरूप से मुकेश बम, प्रमोद बम, हरिहर बम, कमलेश बम, राजा राम बम, रविरंजन बम, बिंदेस बम, धनंजय बम, अभिमोचन बम, फूलेंद्र बम का नाम शामिल है।

# प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर शुगर लेवल की जांच करानी चाहिए : डॉ पातंजली केशरी

**आरपी सेवा सदन में निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** लायंस क्लब गढ़वा के तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया । इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लगभग 120 मरीजों के शुगर जांच की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष जयशंकर ब्रेजियर ने कहा कि मधुमेह मेटाबॉलिक डिसऑर्डर है। जिसे शुगर एवं डायबिटीज के नाम से जानते हैं। शरीर में पर्याप्त इंसुलिन नहीं बन पाने के कारण यह बीमारी होती है। इंसुलिन रक्त में मिलकर ग्लूकोज के स्तर को नियंत्रित करता है। रक्त में मौजूद अतिरिक्त शुगर मधुमेह का रूप धारण कर लेता है। इसलिए मरीज की समय अनुसार जांच, दवा और उचित देखभाल की जरूरत है। जोन अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल ने कहा कि जो भी हम खाना खाते हैं उससे हमें ग्लूकोज मिलता है। इंसुलिन नामक हार्मोन ग्लूकोज को ब्लड के माध्यम से शरीर में पहुंचाता है। डायबिटीज किसी भी उम्र में हो सकता हैं। अतः अपने खान-पान और दिनचर्या के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर अपने शुगर लेवल की जांच कराते रहना चाहिए। इसके प्रति जागरूक रह कर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसमें जीवन शैली में बदलाव और दवा शामिल है। फास्ट फूड से परहेज करना चाहिए। सब्जी, फल और फाइबर वाले पौष्टिक भोजन का सेवन करना फायदेमंद है। उन्होंने नशा, चिंता तनाव से दूर रहने की सलाह दी। मौके पर चंदन केशरी, हर्ष अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, आनंद जायसवाल, नीरज कुमार, दीपाली अग्रवाल, विनिता आनंद, गीता ब्रेजियर, लियो अध्यक्ष अनमोल अग्रवाल, अनूप ठाकुर, अंकेश गुप्ता, सौम्या श्रेष्ठ, हिमांशु कुमार, शुभम जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मनरेगा मिट्टी मोरम कार्यों पर रोक के बावजूद डंडई में डोभा योजनाओं का हुआ भुगतान

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** डंडई प्रखंड में मनरेगा योजनाओं को लेकर जारी दिशा-निर्देशों की खुलेआम अवहेलना सामने आयी है। वरीय अधिकारियों के निर्देश के आलोक में डंडई प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली ने 15 जून 2025 से मनरेगा के तहत संचालित सभी मिट्टी और मोरम आधारित कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। इसके संबंध में बीडीओ ने एक आधिकारिक पत्र जारी कर प्रखंड क्षेत्र के सभी मुखिया, बीपीओ, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और मनरेगा ऑपरेटरों को स्पष्ट निर्देश दिये थे। उस पत्र में यह साफ तौर पर उल्लेख किया गया था कि अगले आदेश तक किसी भी प्रकार के मिट्टी-मोरम कार्य की स्वीकृति, ऑनलाइन डिमांड और भुगतान नहीं किया जायेगा। बीडीओ द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया था कि यदि कोई कर्मी इस आदेश की अवहेलना करता है, तो उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी। इन सख्त निर्देशों के बावजूद, तसरार पंचायत में मनरेगा नियमों की खुली अनदेखी सामने आई है। पंचायत निवासी लाभुक जैनुल बीबी के नाम से डोभा योजना संख्या 7080903732598 के अंतर्गत 20 जून को मिट्टी-मोरम से संबंधित कार्य का डिमांड मनरेगा पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया। इसके अलावा, लाभुक प्रमोद तुरिया (योजना सं. 7080901683628), प्यारी सिंह (योजना सं. 7080901544640), राजेश कुमार तिवारी (योजना सं. 7080903763176) और एस. कुमार यादव (योजना सं. 7080903716409) उक्त सभी योजनाओं में 15 जून के बाद डिमांड लगाया गया। इतना ही नहीं सभी का भुगतान भी कर दिया गया है। यह मामला न केवल बीडीओ के आदेश की खुली अवहेलना है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और सरकारी नियमों की अनदेखी का गंभीर मामला भी बन गया है। इस मामले के उजागर होने के बाद स्थानीय स्तर पर यह चर्चा का विषय बन गया है कि जब बीडीओ द्वारा स्पष्ट रूप से मिट्टी-मोरम कार्यों पर रोक का आदेश पहले ही जारी किया गया था, तो फिर संबंधित योजना का डिमांड किसके निर्देश पर लगाया गया और भुगतान कैसे स्वीकृत हुआ।

**पक्ष :** इधर इस मामले में पूछे जाने पर बीडीओ देवलाल करमाली ने कहा कि 15 जून के बाद मनरेगा के तहत मिट्टी-मोरम कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था। अगर इसके बावजूद डिमांड या भुगतान हुआ है, तो यह स्पष्ट रूप से आदेश की अवहेलना है। मामले की जांच की जा रही है, और जो भी कर्मी या पदाधिकारी दोषी पाए जायेंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** प्रखंड अंतर्गत बलिगढ़ मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों को रविवार को प्रखंड क्षेत्र के परसोडीह लउदर झरना के लिए शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। इस शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के शिक्षक नरेंद्र कुमार सिंह ने अपने निजी खर्च से किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर से की गयी, जहां मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस तरह की गतिविधियां छात्रों के समग्र विकास में सहायक होती हैं।

शिक्षक नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों को विद्यालय के पाठ्यक्रम के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक महत्व और सामाजिक अनुभव से जोड़ना जरूरी है। यह भ्रमण बच्चों के लिए सीखने और आनंद उठाने का एक सुनहरा अवसर है।छात्रों में भ्रमण को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। शिक्षकों और ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना की। शैक्षणिक भ्रमण में प्रधानाध्यापिका जागृति कुमारी रमेश राम समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** थाना पुलिस द्वारा शनिवार को एक चिट फंड कंपनी के नाम पर लाखों रुपये का ठगी करने वाला फरारी अभियुक्त के घर एवं सार्वजनिक स्थल पर इश्तेहार चिपकाए गया है। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि मेराल थाना कांड संख्या 421/ 2019 के नामजद अभियुक्त गुड्डू उर्फ फैजान अंसारी पिता उस्मान अंसारी बहुत दिन से फरार चल रहा है। पुलिस द्वारा लगातार दबिश देने बाद भी पुलिस के गिरफ्त में नहीं आने पर न्यायालय के आदेश पर उक्त अभियुक्त के घर तथा सार्वजनिक स्थल पर इश्तेहार चिपकाने की करवाई की गयी है। अगर निर्धारित समय सीमा के अंदर आरोपी पुलिस या न्यायालय के समक्ष पेश नहीं होता है तो अभियुक्त के खिलाफ कुर्की-जप्ती की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि मेराल थाना क्षेत्र के भीमखांड निवासी कीर्णानंद कुमार गौतम पिता निहोरा राम से आरोपी ने चिट फंड कंपनी आयाम मल्टी ट्रेड में 9 लाख 88 हजार 5 सौ रुपये जमा कराया था। पैसा जमा कराने के कुछ ही महीनो बाद कंपनी फरार हो गयी थी।

# अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण एक अनिवार्य कार्यक्रम : अलखनाथ

**डीपीएससीसी ने शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति (डीपीएससीसी) द्वारा रविवार को निजी विद्यालय के शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आरकेवीएस बीएड कॉलेज के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, सीबीएसई से आए प्रशिक्षक चीन्शु सिंह, केआरझा, समिति के सचिव एम पी केशरी अशोक विश्वकर्मा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सचिव एमपी केशरी ने कार्यक्रम में आये शिक्षकों और विद्यालय के निदेशकों को स्वागत करते हुए कहा कि जिले के सभी निजी विद्यालय शिक्षा के विकास के लिए भरपूर मेहनत कर रहे हैं। परिणाम और बेहतर हो इसी उद्देश्य से प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने कहा कि निजी विद्यालय का शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान है। राष्ट्रीय स्तर पर किए गये सर्वे भी इस बात को प्रमाणित करता है। श्री पांडे ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में पूरे जिले के से 52 विद्यालयों के करीब 260 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

सीबीएसई से आये प्रशिक्षक चींशु सिंह ने कहा कि समन्वय समिति शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का यह पहल प्रसंसनीय है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षित कर आज के वातावरण के हिसाब से ढाला जा रहा है तथा प्रशिक्षित शिक्षकों को अपग्रेड किया जा रहा है। शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के दौरान श्रीमती सिंह ने कहा कि शिक्षकों को ध्यान रखना चाहिए कि क्लास रूम का वातावरण भय मुक्त, तनाव मुक्त तथा आनंददायक हो, ताकि बच्चे जिज्ञासा के साथ शिक्षा ग्रहण कर सके। इसके लिए शिक्षकों को क्या करना चाहिए इसके बारे में उन्होंने विस्तार से जानकारी दी।

दूसरे प्रशिक्षक आरके झा ने कहा कि जब शिक्षक का व्यवहार निष्पक्ष हो और बच्चों को पढ़ाते समय समान व्यवहार हो तो बच्चे बेहतर तरीके से सीख पाते हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षकों का व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि विद्यार्थियों के आत्म सम्मान पर कोई ठेस भी न पहुंचे और वह बेहतर तरीके से शिक्षा ग्रहण कर सके। प्रशिक्षण का कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महेंद्र विश्वकर्मा सुधीर पाठक अशोक दुबे ललन साहू धर्मेंद्र देव पंकज कुमार आनंद मुजीबउद्दीन खान आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। मौके पर समिति के उपाध्यक्ष सिस्टर रोशना, सुशील केशरी, कोषाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, ब्रजेश मिश्रा, राहुल सिंह, अमरेंद्र पाठक, मोजीब खान, पवन तिवारी, तौहीद अंसारी, प्रदीप दुबे, रामानुज सिंह, संजय सोनी, यासीन मल्लिक, धर्मेंद्र देव, प्रमोद झा, संजय कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

# नवनिर्मित सड़क की जल्द मरम्मत नहीं करायी गयी तो क्षेत्रीय विधायक से करेंगे शिकायत : डॉ लालमोहन

**मार्च में 831.488 लाख से बनकर तैयार हुई सड़क तीन माह में ही गड्ढों में हुई तब्दील, पांच वर्ष की कैसी गारंटी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल ।** प्रखंड के पढुआ मोड़ से भंडार भाया पढुआ सिकनी पथ निर्माण के तीन महीना बाद ही कई जगह गड्ढों में तब्दील होने लगा है जिसको लेकर लोगों में रोष व्याप्त है। नयी चमचमाती दिखने वाली सड़क का हाल आगे पाठ पीछे सपाट वाली है। नवनिर्मित सड़क में उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहबरिया के समीप बने पुलिया के पास कालीकरण सड़क में काफी दूर तक पक्की सड़क में दरार पड़ने एवं टूटना बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है।

मेराल के विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने कहा है कि 831.488 लाख रुपये की लागत से बने नवनिर्मित सड़क कई जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के कहने पर रविवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों के साथ सड़क का निरीक्षण किया। सड़क का निर्माण ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के वित्त पोषित परियोजना द्वारा पारित 9.600 किलोमीटर का अनु लागत 831.488 लाख तथा 5 वर्ष तक सामान्य अनुरक्षण की लागत 48.194 लाख है। 6 सितंबर 2023 से प्रारंभ हुई निर्माण कार्य के पूर्ण होने की तिथि 5 मार्च 2025 था। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रशासन तथा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़क को जल्द ठीक नहीं कराया गया तो मामले को लेकर क्षेत्रीय विधायक से शिकायत की जायेगी।

## गुणवत्ता पूर्ण नहीं हुआ है कार्य : ग्रामीण

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं किया गया है जिसकी वजह से सड़क कई जगह गड्ढों में तब्दील हो रहा है तथा सड़क में दरार पड़ रहा है। लोगों ने कहा कि सड़क निर्माण में नई मिट्टी डालने के बाद ठीक से रोलर नहीं चलाया गया। ग्रोटिंग बाद ठीक से मिट्टी की सफाई किए बिना पिचिंग कर देने से सड़क पूरी तरह टूट रहा है। उस मौके पर मुखिया मनदीप सिंह भाजपा उत्तरी मंडल अध्यक्ष रूपू महतो, मनोज जायसवाल, रोहित कुमार, हरिहर मेहता, नथुनी चंद्रवंशी, जनकधारी चौधरी सहित कई ग्रामीण थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 14 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# पांच वर्ष से फरार माओवादी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर लातेहार पुलिस को नक्सल उन्मूलन अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। कई वर्षों से फरार चल रहे माओवादी उग्रवादी जगन लोहरा को लोहरदगा जिले के पेशरार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। उक्त जानकारी छिपादोहर थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ भरत राम ने दी है। गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी 32वीं बटालियन, बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह और लोहरदगा पुलिस के संयुक्त छापामारी दल द्वारा की गयी। गिरफ्तार जगन लोहरा (30 वर्ष), ग्राम रोरद (करंज टोली), थाना पेशरार, जिला लोहरदगा का निवासी है। वह वर्ष 2020 में हुए एक बड़े नक्सली हमले में शामिल था। यह हमला 3 अप्रैल 2020 को छिपादोहर थाना क्षेत्र के रमनदाग जंगल में माओवादी रिजनल कमांडर छोटू खेरवार और नकूल यादव के दस्ते द्वारा किया गया था। जिसमें माओवादियों और पुलिस बल के बीच मुठभेड़ हुई थी। लातेहार पुलिस के इस कार्रवाई को एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। और इससे नक्सली नेटवर्क पर गहरा असर पड़ने की उम्मीद जतायी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने अभियान में शामिल सभी अधिकारियों और जवानों की प्रशंसा की है।

## लोहरदगा में अंतरजिला मोटरसाइकिल चोर गिरोह का खुलासा

# सात मोटरसाइकिल के साथ चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस ने शनिवार की शाम एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अन्तरजिला मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। 12 जुलाई 2025 को संध्या करीब 4:00 बजे पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि लोहरदगा कृषि बाजार के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति चोरी की गई मोटरसाइकिलों की खरीद-बिक्री की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वरीय पदाधिकारियों को सूचित किया गया एवं थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन कर मौके पर कार्रवाई की गयी। छापामारी के क्रम में दो अभियुक्त अफराज अंसारी (उम्र 19 वर्ष) और साईदुल अंसारी (उम्र 24 वर्ष) दोनों साकिन पबिया, थाना सिसई, जिला गुमला को मौके पर दो मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि ये मोटरसाइकिलें चोरी की हैं और इन्हें बेचने के उद्देश्य से लोहरदगा लाये थे।

इनकी निशानदेही पर पुलिस ने गिरोह के अन्य दो सदस्यों मकबुल अंसारी (उम्र 22 वर्ष), अफताब अंसारी (उम्र 25 वर्ष) को गिरफ्तार किया तथा इनके ठिकानों से कुल सात मोटरसाइकिलें बरामद की गयी। प्राथमिक पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ है कि गिरोह के सदस्य बीते दो महीनों से रांची, गुमला और लोहरदगा जिलों के विभिन्न हाट-बाजार, मेला और पार्क क्षेत्रों से मोटरसाइकिलें चोरी कर रहे थे और उन्हें अलग-अलग स्थानों पर बेचने की योजना बना रहे थे। यह गिरोह अंतरजिला स्तर पर सक्रिय है। इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक लोहरदगा सादिक अनवर रिजवी द्वारा छापामारी टीम को बधाई दी गयी है। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गयी है कि वे अपने वाहन की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

छापामारी टीम में थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर के अलावा, पुअनि रविरंजन कुमार, संजय कुमार, मो. शारिक खां, सअनि चन्द्रदीप मेहता, अमरनाथ पांडेय, रमेश कुमार तिवारी, तकनीकी शाखा से नीरज मिश्रा व स्वर्ण साहू, चाआ मुकेश शर्मा, सत्य किशोर, निर्मल मार्शल मिंज और महिला आरक्षी पुष्पा देवी शामिल रहे।

### बरामद बाइकों का विवरण

**पुलिस द्वारा होरो सीडी डीलक्स नबर सीजी 14 एमएफ 1464 - सईदुल अंसारी से, पैशन प्रो (जेएच 01 बीई 6047) अफराज अंसारी, पैशन प्रो (जेएच 01 बीएफ -1180) - मकबुल के नानीघर, बसुआ से, पैशन प्रो (जेएच 01 डीडब्ल्यू 6977) - मकबुल के नानीघर, बसुआ से, स्प्लेंडर प्लस (जेएच 01 एएच 4904) - मकबुल के नानीघर, बसुआ से, स्प्लेंडर प्लस (जेएच 01 बी-9120) - अफताब के घर, सुरसा से व पैशन प्रो (जेएच 02 एस 9464) - ग्राम फोरी स्थित जनबाज खान के घर से बरामद किया गया है।**

# डीसी ने पावरगंज चौक से सदर अस्पताल तक नो-पार्किंग जोन बनाने का दिया निर्देश



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश की वजह से पथों में कीचड़ और जलजमाव की स्थिति को दूर करने को लेकर आज उपायुक्त डॉ ताराचंद ने पथ निर्माण से संबंधित सभी विभागों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न माध्यम से प्राप्त कीचड़मय एवं जलजमाव वाली सड़क की शिकायत की बिंदुवार समीक्षा की और सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंताओं को उन पथों में स्टोन-डस्ट व बालू भराव कर समतल करने का निर्देश दिया। वहीं प्रशासक नगर परिषद लोहरदगा को शहरी क्षेत्र में पावरगंज से बीएस कॉलेज स्टेडियम तक और पावरगंज से सदर अस्पताल तक के क्षेत्र को नो पार्किंग जोन बनाये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही, पावरगंज से सदर अस्पताल तक दोनों ओर नालियों को ढंके जाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि आमजनों को लगातार बारिश की वजह से पथों पर आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और इस पर त्वरित कोई ठोस कदम नहीं उठाना आपकी संवेदनहीनता को दर्शाता है। इसलिए संवेदनशील होकर कार्य करें और आमजनों को परेशानी से मुक्ति दिलाएं। बैठक में प्रशासक नगर परिषद, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ प्रमंडल लोहरदगा, ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल, एनएच आदि के अभियंतागण उपस्थित थे।

# घर से गहने समेत मोबाइल और नकदी की चोरी



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पहड़तली के पास स्थित उमेश चंद्रवंशी, उम्र 42 वर्ष पिता स्वर्गीय रामचंद्र चंद्रवंशी के घर बीती रात लगभग 2 बजे अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने घर में घुसकर लाखों रुपये मूल्य के गहने, मोबाइल और नकदी चुरा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिस कमरे से चोरी की गयी वहां उमेश चंद्रवंशी की दो छोटी बच्चियां सो रही थीं। जबकि बगल के कमरे में स्वयं उमेश चंद्रवंशी और उनकी पत्नी सो रहे थे। चोरों ने बड़ी ही चतुराई से बच्चों के पास से कीमती सामान चोरी कर लिया, जिससे घरवाले दहशत में हैं। घटना के बाद कुछ सामान घर से थोड़ी दूरी पर रेलवे लाइन के समीप बिखरा हुआ मिला। जिससे अंदेशा है कि चोरी के दौरान कुछ सामान गिर गया होगा या छोड़ दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के निर्देश पर बरवाडीह थाना के एसआइ अनवर और पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

# 7.75 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**छापेमारी में एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और नकदी बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुडू / लोहरदगा।** कुडू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कुल 7.750 किलोग्राम अवैध गांजा, एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन एवं नकद 1350 बरामद किये गये हैं। उक्त आशय की जानकारी रविवार को कूडू थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम लापुर निवासी मो खुर्शीद अपने मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन संख्या बीआर 14 जे 7891 की डिक्की में अवैध गांजा छिपाकर ग्राम पण्डरा स्थित अजय ढाबा के पास सड़क किनारे खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस कप्तान सादिक अहमद रिजवी के निर्देश पर एक टीम गठित की गयी। टीम में शामिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, थाना प्रभारी मनोज कुमार, पुअनि दिनेश कुमार, कुंदन कुमार रवानी, सअनि प्रेम प्रकाश एवं कुडू थाना के सशस्त्र बल द्वारा मौके पर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान लापुर गांव निवासी मो खुर्शीद की मोटरसाइकिल से 1.050 किग्रा गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि यह गांजा सुजीत कुमार, निवासी कुडू बाजार टांड़, का है। तत्पश्चात पुलिस ने सुजीत कुमार के घर पर छापा मारा, जहां से 6.700 किग्रा गांजा बरामद किया गया। 7.750 किग्रा गांजा, एक मोटरसाइकिल बीआर 14 जे 7891, दो मोबाइल फोन और 1350 रु नकद बरामद हुआ है। दोनों आरोपियों के खिलाफ कांड संख्या 78/25 एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(सी)/29 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# आइसा ने हरिजन आवासीय विद्यालय में छात्र पर हुए हमले की निंदा की, कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका/ लातेहार।** 13 जुलाई को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने मनिका प्रखंड स्थित पचफेड़ी चौक पर एक जोरदार प्रतिवाद प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन हरिजन आवासीय विद्यालय, होटवाग में पिछले महीने 10 जून को कक्षा छठी के छात्र विवेक कुमार के साथ हुई बर्बर मारपीट के विरोध में था। विवेक को गाय का गोबर हटाने से मना करने पर अमानवीय तरीके से पीटा गया, जिसके परिणामस्वरूप उसकी तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ गयी। घायल विवेक कुमार को आनन-फानन में डाल्टनगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्यवश, अभी भी उसकी हालत में कोई सुधार नहीं है। आइसा छात्रनेताओं ने इस घटना को संस्थानिक भेदभाव और शोषण का एक घिनौना उदाहरण बताया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि विवेक कुमार पर हमला करने वाले दोषियों के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई नहीं की गयी, तो आइसा एक तीव्र आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगा। आइसा ने मांग की है कि विवेक कुमार पर हमला करने वाले सभी दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाये। विद्यालय प्रशासन की लापरवाही की गहन जांच की जाये और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो। घायल छात्र विवेक कुमार के इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करे और उसे उचित मुआवजा दिया जाये। मौके पर जिला सचिव नागेंद्र राम, कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य उपाध्यक्ष रंजीत सिंह चेरो, पलामू जिला सचिव गौतम दांगी, शिवशंकर उरांव, राजकुमार उरांव, चंदन कुमार, जय प्रकाश भुइयां, विजय कुमार, विशाल कुमार सिंह समेत अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# फुलसुरी में वज्रपात से दो की मौत, एक गंभीर

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड के ककरगढ़ पंचायत अंतर्गत फुलसुरी बैठा टोली मे दो अलग-अलग स्थानों पर वज्रपात की घटनाएं हुईं, जिसमें दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में एक की पहचान बैठा टोली निवासी जितेश्वर बैठा, पिता तुलसी बैठा, के रूप में हुई है, वहीं महिला की पहचान रांची जिले के बुढ़मू प्रखण्ड अंतर्गत उमेदंडा कदली गांव निवासी धनिया महतो की 45 वर्षीय पत्नी सुमित्रा देवी के रूप में हुई है। मृतक महिला गांव के ही शिवधन बैठा की सास थी। जबकि घटना में दुबराज बैठा गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे प्राथमिक उपचार के लिए चान्हो अस्पताल ले जाया गया। हालत नाजुक होने के कारण उन्हें तत्परता से रिम्स रांची रेफर किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, जितेश्वर बैठा अपने खेत में कार्यरत थे, जबकि गांव के ही दुबराज बैठा और सुमित्रा देवी पास के खेत में लगभग 500 मीटर की दूरी पर काम कर रहे थे। तभी अचानक हुई तेज बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से तीनों इसकी चपेट में आ गये।

# बिजली चोरी मामले में तीन पर प्राथमिकी

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के चुरकु गांव में बिजली चोरी के मामले में बिजली विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन उपभोक्ताओं के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। विभाग की विशेष टीम द्वारा छापेमारी अभियान चलाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए उपभोक्ताओं को रंगेहाथ पकड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अलौदी पंचायत अंतर्गत चुरकु गांव निवासी केश्वर उरांव (पिता चैतू उरांव, उम्र 27 वर्ष), संदीप उरांव (पिता स्व बहुरन उरांव, उम्र 25 वर्ष) व गन्दरु उरांव (पिता स्व. सुधराम उरांव, उम्र 45 वर्ष) के विरुद्ध सेन्हा थाना कांड संख्या 67/25 के तहत भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135/137 के तहत मामला दर्ज किया गया है। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों द्वारा एलटी तार से टोका लगाकर तथा मीटर से पहले सर्विस लाइन में टैपिंग कर अवैध रूप से बिजली की खपत की जा रही थी, जिससे विभाग को कुल 34,753 रुपये की क्षति हुई है। बिजली विभाग के विद्युत अभियंता अजु कच्छप ने बताया कि यह छापेमारी अभियान विभाग के निर्देश पर चलाया गया, जिसमें फिरोज अख्तर, करमचंद उरांव, विकास गोप, प्रमोद उरांव सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

# टूढामू में बिजली व्यवस्था दयनीय उपप्रमुख ने डीसी को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड अंतर्गत अलौदीया पंचायत के टूढामू ग्राम में बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए चंदवा के उप प्रमुख सह अलौदीया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अश्विनी मिश्र ने लातेहार के उपयुक्त को एक पत्र लिखा है। पत्र में श्री मिश्रा ने टूढामू ग्राम के विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने से संबंधित आग्रह किया है। इस बाबत बात करने पर अश्विनी मिश्र ने बताया कि टूढामु ग्राम में विद्युत के पोल, तार और उससे जुड़े ब्रैकेट आदि की स्थिति बेहद दयनीय है और एक पल से दूसरे पल की दूरी भी बहुत ज्यादा है जिसके कारण तीव्र विद्युत प्रवाह वाले तार जमीन के नजदीक झूलते रहते हैं जो बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं। यहां यह बताना महत्वपूर्ण है कि विगत कुछ महीनो में इस लचर विद्युत प्रबंधन के कारण एक महिला तथा कई मवेशियों की जान तीव्र विद्युत प्रवाह वाले तारों के संपर्क में आने से हो गयी है जिससे ग्रामीणों में खास रोष है। अश्विनी मिश्र ने कहा कि टूढामू ग्राम चंदवा के विद्युत फिटर से नजदीक है और इसे तत्काल चंदवा फीडर से जोड़ने की आवश्यकता है और यहां के पोल, तार और इससे संबंधित व्यवस्थाओं को यथाशीघ्र दुरुस्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त के ध्यानाकर्षण और इस समस्या के तुरंत निष्पादन हेतु उन्होंने यह पत्र लिखा है क्योंकि विगत कुछ दिनों से लगातार उन्हें ग्रामीणों से शिकायत प्राप्त हो रही थी। उपप्रमुख ने विश्वास जताया लातेहार उपायुक्त जनसंबंधी विषयों पर संजीदा है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि जल्दी ही समुचित कार्यवाही की दिशा में कदम उठाए जायेंगे।

# शिक्षा विभाग के प्रभारी बीपीओ को जान से मारने की धमकी मिली, सुरक्षा की लगायी गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह के शिक्षा विभाग के प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा ने सरकारी स्कूलों के सप्लायर राम अवतार चौधरी के खिलाफ बरवाडीह थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए थाना प्रभारी से सुरक्षा की गुहार लगाई है। दिये गे आवेदन में जितेंद्र सिन्हा ने बताया है कि सप्लायर राम अवतार चौधरी द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी है। उन्होंने आगे बताया कि जिला के वरीय अधिकारियों को सूचना मिली थी कि राम अवतार चौधरी द्वारा कई वर्षों से व्हाट्सप पर ग्रुप बनाकर सभी शिक्षकों पर दबाव बनाया जाता है कि स्कूल का कोई भी समान ड्रेस से लेकर पेन पेंसिल और अन्य सामग्री तक वह उनसे ही खरीदे। इसपर शिक्षकों को कमीशन का लालच देकर जबरन पैसे देने का दबाव बनाया जाता है जिसकी जानकारी अखबारों के माध्यम से वरीय अधिकारियों को प्राप्त हुई थी। जिसके आलोक में हमें आदेश दिया गया था कि शिक्षकों को उस ग्रुप से बाहर निकलने की सूचना दे दी जाये। ताकि समिति बनाकर ही विद्यालय प्रबंधन खरीदारी करें। इसी को लेकर हमने शिक्षा विभाग के एक व्हास्ट्सप ग्रुप के माध्यम से सभी शिक्षकों को सूचना दी थी। जिसकी जानकारी किसी शिक्षक द्वारा राम अवतार चौधरी को दे दी गयी। शनिवार की शाम मैं बाजार आया था वह मुझे देखकर धमकी और गंदी-गंदी गालियां देने लगे। हमने पूछा कि आप गाली किसको दे रहे है तो उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग किसी की बपौती नहीं है हम ही सब स्कूलों में समान देंगे और बीच में कोई रोक टोक किये तो जान से मरवा देंगे।

**मामले में होगी कार्रवाई :** इधर थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस अग्रेतर कारवाई में जुट गयी है। उन्होंने पीड़ित कर्मी को आश्वस्त किया है कि मामले में निश्चित रूप से कार्रवाई की जायेगी।

### जबरन स्कूलों में करता है सप्लाई

**उन्होंने आवेदन में बताया है कि सप्लायर का अपराधियों के साथ सांठ गांठ है और अपराधियों के बल पर ही शिक्षकों को धमका कर उन्हें सामान जबरन सप्लाई करता है। कहता है कि मैने ऐसे ही बिजनेस खड़ा नहीं किया। शिक्षा विभाग से लेकर अपराध जगत तक मेरी पकड़ है। तुमलोग हमको सप्लाई करने से रोकोगे। तुम्हारा अंतिम समय आ गया है।**

### पहले भी हो चुकी है राम अवतार पर कार्रवाई

**उन्होंने बताया कि राम अवतार चौधरी कभी भी मुझे मार या मरवा सकता हैं, मेरे घर में मेरी पत्नी और एक छोटा बेटा है। मुझे और मेरे परिवार को डर है कि सप्लायर राम अवतार चौधरी कभी भी अपराधिक घटना को अंजाम दे सकता है। बता दें कि पूर्व में भी राम अवतार चौधरी के खिलाफ वाट्सअप सिंडिगेट के जरिए शिक्षकों पर जबरन दबाव बनाने और ड्रेस सप्लाई में भ्रष्टाचार का मामला सुर्खियों में आ चुका है। जिसे लेकर तीन वर्ष पूर्व शिक्षा विभाग द्वारा घटिया पोशाक आपूर्ति मामले में 26 जून 2021 को सप्लायर राम अवतार चौधरी पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। लेकिन कारवाई के नाम पर खानापूर्ति होने से आज भी इनका मनोबल बढ़ा हुआ है।**

# समाजसेवी सुधीर अग्रवाल की बारहवीं पर श्रद्धांजलि देनेवालों का तांता

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक संस्थाओं से गहराई से जुड़े रहे स्व सुधीर कुमार अग्रवाल की बारहवीं के अवसर पर रविवार को लोहरदगा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, जशपुर (छत्तीसगढ़), पलामू, रांची सहित कई जिलों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। विभिन्न राजनीतिक दलों, धर्म-संप्रदायों, जातियों व संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत एवं गुमला के सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी ने कहा कि खून के रिश्ते से भी बड़ा रिश्ता दोस्ती का होता है, जिसमें इंसान अपना दुख-दर्द साझा करता है। सुधीर जी का जाना हमारे लिए व्यक्तिगत क्षति है, उन्होंने हमें जीवन भर का दर्द दे दिया। जिसके पास सच्चा मित्र होता है, वह सबसे बड़ा धनवान होता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत एवं भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि सुधीर अग्रवाल वर्षों से समाजसेवा में जुटे एक बहुआयामी और सकारात्मक सोच रखने वाले व्यक्तित्व थे। उनका अचानक जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। श्रद्धांजलि सभा में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ गणेश प्रसाद, आरएसएस के प्रांत संचालक सच्चिदा अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि निशित जायसवाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत, वरीय अधिवक्ता मुनींद्र वर्मा व कृपा शंकर पांडे, अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद 'बेलू', मजदूर नेता राजवंश सिंह, रामचंद्र गोप, प्रांत प्रचारक गोपाल प्रसाद, रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम, प्रो राजेश कुजूर, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी प्रसाद, नगर अध्यक्ष सचिन कुमार, पतंजलि प्रमुख शिव शंकर सिंह, शांति आश्रम प्रमुख शरद चंद्र आर्य, संजय बर्मन, दिनेश अग्रवाल, एंतन एक्का, खेमजी पटेल समेत कई गणमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

# स्वास्थ्य शिविर में 29 लोगों ने करायी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 161वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 29 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी,वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही की जाती है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि बारिश के मौसम पर काफी विषैले जीव जंतु निकलते हैं सांप, बिच्छू आदि विषैला जीव जंतु काटने या कुत्ते के काटने पर तुरंत डॉक्टर से मिले या नजदीक हॉस्पिटल या सदर हॉस्पिटल में इलाज कराये। कभी भी भूल कर भी झाड़ फूंक कराने के चक्कर में समय को बर्बाद ना करें, इससे शरीर को भारी नुकसान हो सकता है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की अभी के मौसम पर स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है। बाहर के तेल मसाले से बने खाना को खाने से बचे और अपने घरों के आसपास गंदगी ना होने दें जिससे कि मच्छर का प्रकोप ना हो। कहा कि स्वास्थ्य से संबंधित और भी बेहतर सुविधा मुहैया करायी जायेगी। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सुबोध महतो ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप करवा कर अपने उक्त बीमारियों का यहां डॉक्टर से इलाज करवाते हुए उनकी सलाह से स्वस्थ हो रहे हैं। शिविर में अतुल सर्राफ, संध्या देवी, अंजली सर्राफ, शंभू सिंह, सचिता अग्रवाल, मोतीलाल, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, शांति देवी, अरुण कुमार, निशा देवी, अशोक अग्रवाल, नितेश कुमार शर्मा,रमेश शर्मा, राजकुमार ठाकुर, विष्णु गुप्ता, तपेश्वर प्रसाद,प्रभु दयाल साहू, प्रतिमा चौधरी, रामजी प्रसाद, सामर्थ चौधरी आदि उपस्थित थे।

# लगातार बारिश से चितरी में मिट्टी का घर गिरा



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त होता जा रहा है। बरसात के मौसम में कई कच्चे मकान गिरकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, जिससे प्रभावित परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में चितरी डांडू पंचायत अंतर्गत चितरी गांव निवासी स्व. विरेंद्र सिंह के पुत्र जितेंद्र सिंह का मिट्टी का बना मकान भारी वर्षा के कारण धराशायी हो गया। हालांकि मकान गिरने की घटना में किसी प्रकार की कोई जानमाल की हानि नहीं हुई है, लेकिन घर में रखा आवश्यक सामान पूरी तरह से नष्ट हो गया है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है। परिजनों ने बताया कि सरकारी सहायता नहीं मिलने की स्थिति में उनके समक्ष बड़ी कठिनाई खड़ी हो गई है। स्थानीय प्रशासन एवं प्रखंड आपदा प्रबंधन विभाग से पीड़ित परिवार ने तत्काल आवास सहायता एवं राहत सामग्री प्रदान करने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से अपील की है कि बारिश से प्रभावित परिवारों का सर्वे कर उन्हें यथाशीघ्र मुआवजा एवं आवास सुविधा मुहैया करायी जायी, ताकि वे सुरक्षित जीवनयापन कर सकें।

# अपहरणकर्ताओं के चंगुल से पुलिस ने युवक को छुड़ाया, एक गिरफ्तार

## साइबर ठग के भ्रम में किया गया था बिहार के युवक का अपहरण, जांच जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** थाना क्षेत्र के पंम्पू तलाब रोड के समीप से शनिवार को बिहार के अरवल निवासी विकास कुमार का अपहरण कर लिया था। जिसकी गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुए अपहरण के 10 घंटे के भीतर ही अपहरणकर्ताओं के गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान करीम अंसारी उर्फ राका के रूप में हुई है। पुलिस ने अपहरणकर्ताओं के चंगुल से विकास कुमार भी छुड़ा लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नौकरी की तलाश में विकास मधुपुर आया था। वहां से टेपों में सवार होकर बावन बीघा की ओर जा रहा था। तभी अपहरणकर्ताओं ने धोखे से विकास का अपहरण कर लिया। हालांकि बाद में खुलासा हुआ कि अपहरणकर्ता किसी साइबर अपराधी की तलाश में थे। उधर, अपहरण की घटना प्रकाश में आते ही पुलिस सक्रिय हो गयी और एक आरोपित को गिरफ्तार करते हुए अपहरणकर्ताओं के चंगुल से युवक को छुड़वा लिया। बतातें चलें कि साइबर अपराधियों का अपहरण कर मोटी रकम वसुलने वाला गिरोह मधुपुर में इन दिनों सक्रिय है। इसी भ्रम में साइबर अपराधी समझ अपहरणकर्ताओं ने विकास का अपहरण किया था। बाद में पुलिस दबिस के कारण उसे बोगैया के समीप छोड़ दिया।



अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार एवं युवक को छुड़ाकर ले जाती पुलिस।

# हैदरनगर में 2822 कार्डधारियों ने छह माह से पांच वर्ष तक नहीं उठाया राशन, न ही करायी इ केवाइसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदरनगर/पलामू।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत आच्छादित राशन कार्ड लाभुकों की ओर से विगत छह माह से लेकर पांच वर्ष से भी अधिक समय से खाद्यान्न आदि का उठाव नहीं किया जा रहा है। ना ही ई केवाईसी ही कराया जा सका है। जिसका विवरण प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने सार्वजनिक किया है। बताया कि विभागीय और सरकार के गाइडलाइन को पूरा नहीं किए जाने की स्थिति में इसके लाभ से वंचित किया जाना तय है। बताया कि हैदरनगर प्रखंड में विगत छह माह से खाद्यान्न नहीं उठाने वाले लाभुकों की संख्या 1103 है। जबकि उनका राशन कार्ड नौ माह पहले ही जारी किये गये हैं। वहीं 12 माह से खाद्यान्न नहीं उठाने वाले लाभुकों की संख्या 688 है। इनका राशन कार्ड 15 माह पूर्व जारी हुआ है। तीन वर्षों से खाद्यान्न नहीं उठाने वाले लाभुकों की संख्या 554 है, जिनका राशन कार्ड बने 39 महीना बीत गये हैं। वहीं, पांच वर्षों से खाद्यान्न नहीं उठाने वाले लाभुकों की संख्या 477 बताई गई है। इनका राशन कार्ड बने 5 वर्ष 3 माह पूर्व हो गए। यह स्थिति न केवल योजनाओं की जरूरतहीनता को दर्शाती है, बल्कि इतने राशन कार्ड की आवश्यकता नहीं रहने के भी संकेत देती है कि जरूरतमंदों की जगह कई ऐसे लोगों को भी कार्ड निर्गत किए गए, जिन्हें इसकी आवश्यकता ही नहीं है। इसे लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि मेरी ओर से लगातार हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी वास्तविक, पात्र और जरूरतमंद लाभुक योजना से वंचित न हो। ऐसे कार्डों की तत्काल समीक्षा, जांच एवं निरस्तीकरण की आवश्यकता है। जिससे अपात्र लाभुकों को हटाकर योग्य और जरुरतमंद परिवारों को इस योजना का लाभ से लाभान्वित सुनिश्चित किया जा सके।



अमरेश कुमार।

# देशी कट्टा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान सुभाष कुमार चौधरी (20) के रूप में हुई है। वह हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चनकार कस्तुरी का रहने वाला है। उसके पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और मोबाइल फोन बरामद किया गया। इसकी जानकारी थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने दी। वे रविवार को थाना परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पथरा टांड ग्राम के पास एक युवक अवैध हथियार के साथ अपने एस्बेस्टस के मकान में मौजूद है। सूचना मिलते ही विशेष छापामारी दल का गठन त्वरित कार्रवाई की गयी। पुलिस ने उक्त मकान की घेराबंदी करने के बाद छापामारी की। हालांकि पुलिस को देखते ही य्सुभाष मौके से भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस के सशस्त्र बलों ने उसे पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर कमर से एक देशी कट्टा, जेब से दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना में भादवि की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं, छापामारी दल में एसआई मुकेश सिंह, कमल किशोर पांडेय, सौरभ चौबे, रमन यादव, नर्वदेश्वर सिंह, कालिका राम आदि शामिल थे।


# श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा बाबाधाम मंदिर एवं टॉवर चौक पर लेजर मैपिंग लाईट

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला 2025 कई मायनों में खास है। इस कड़ी में डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर सूचना जनसंपर्क विभाग की ओर से बाबा मंदिर एवं टॉवर चौक पर लेजर मेपिंग लाईट के माध्यम से श्रद्धालुओं को एक नई अनुभूति प्रदान किया जा रहा है। बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर आने वाले श्रद्धालुओं के भक्तिमय मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा लेजर शो का आयोजन मेला क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को एक बेहतर अनुभूति हो सके। इसी कड़ी में बाबा मंदिर एवं टॉवर चौक पर लेजर मेपिंग लाईट के माध्यम से बाबा बैद्यनाथ के कई रंग-रूप को दर्शाया जा रहा है। इस औलोकीक लेजर शॉ का प्रसारण श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक का केंद्र बना हुआ है।



## शिवगंगा सरोवर में लेजर शो से दिखाया जा रहा बाबा बैद्यनाथ मंदिर से जुड़ा इतिहास



देवघर राजकीय श्रावणी मेला कई मायनों में खास है। आधुनिक तकनीकों के उपयोग के साथ मेले में श्रद्धालुओं की सुख-सुविधा का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस कड़ी में शिवगंगा सरोवर में वाटर प्रोजक्टर द्वारा आयोजन किया जा रहा है, जहां बाबा मंदिर से जुड़े इतिहास के साथ ही बाबा मंदिर, शिवलिंग की स्थापना और देवघर से जुड़े इतिहास को दर्शाया जा रहा है। इस औलोकीक लेजर शॉ का प्रसारण श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक का केन्द्र बना हुआ है, जिसका आनंद साम को देवघर आनेवाले श्रद्धालु ले रहे हैं।

# मधुपुर आरपीएफ ने धनबाद-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से बरामद किया बियर-शराब



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** आरपीएफ ने ऑपरेशन सतर्कता के तहत ट्रेन संख्या 13331 अप धनबाद-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से प्लेटफार्म संख्या दो पर जांच के दौरान, कॉरिडोर में संदिग्ध अवस्था में दो ट्रॉली बैग बरामद किया। यात्रियों से पूछने पर किसी ने बैग पर दावेदारी पेश नहीं की। जिसके बाद दोनों ट्रॉली बैग को मधुपुर स्टेशन पर उतार गया। उसकी जांच करने पर उसमें से कैन बियर के साथ ही अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। आरपीएफ इंस्पेक्टर हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन संख्या 13331 अप धनबाद-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन मधुपुर पहुंची तो उसकी जांच के दौरान दो ट्रॉली बैग में कैन बियर और अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। हालांकि इस दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। आरपीएफ पोस्ट मधुपुर के सब इंस्पेक्टर श्याम सुंदर कुमार ने उपलब्ध गवाहों की उपस्थिति में उचित जब्ती सूची के तहत उक्त बरामद शराब को जब्त कर लिया। जिसे आगे की कार्रवाई के लिए देवघर उत्पाद विभागको भेजा जाएगा।

# शशिरंजन प्रखंड अध्यक्ष और मुख्तार बने सचिव



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में रविवार को अखिल भारतीय धोबी महासंघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुख्तार बैठा और संचालन बबन कुमार रजक ने किया। इसका मुख्य उद्देश्य अखिल भारतीय धोबी महासंघ हुसैनाबाद प्रखंड कमेटी का गठन करना था। चुनाव प्रवेक्षक के रूप में अखिल भारतीय धोबी महासंघ पलामू के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा मौजूद रहे। इस दौरान सर्वसम्मति से कमेटी गठित की गयी। जिसमें अध्यक्ष शशिरंजन, उपाध्यक्ष रमेश कुमार रजक, सचिव मुख्तार बैठा, कोषाध्यक्ष जनेश्वर बैठा, संगठन सचिव गुलशन रजक, मीडिया प्रभारी चंदन रजक, संरक्षक जयश्री बैठा, मुरारी बैठा, जगदीश बैठा, छेदी बैठा, वीरेंद्र रजक, कार्यकारणी सदस्य बबन कुमार रजक, सत्यम रजक, रवि कुमार रजक, संजय बैठा मनोनीत किये गये। इस मौके पर प्रमोद रजक, गुड्डू रजक, रामनाथ बैठा, छोटू रजक, रविकांत रजक, बबलू रजक, उमेश बैठा, दीपक कुमार, जितेंद्र रजक, संजय बैठा, कमलेश और विनोद रजक आदि मौजूद थे।

# 15 दिनों में सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं करवाने पर आंदोलन की चेतावनी



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के दोबटीया मोड़ एनएच 139 से जपला जाने वाली पीडब्ल्यूडी सड़क की दुर्दशा को लेकर हुसैनाबाद विस के पूर्व प्रत्याशी और समाजवादी पार्टी के नेता कमलेश कुमार यादव ने रविवार को सांकेतिक रूप से सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। उन्होंने डीसी और संबंधित विभाग को 15 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर सड़क का निर्माण जल्द शुरू नहीं हुआ तो बड़े वाहनों का आवागमन ठप करते हुए सड़क पर धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। कमलेश यादव ने कहा कि सड़क की दुर्दशा के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाए। अगर प्रशासन उनकी मांगों को अनदेखा करती है तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। कहा कि उनकी मांगें जायज है और प्रशासन को उनका समाधान करना चाहिए। चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। इस मौके रेखा यादव, पप्पू यादव, बंटी सिंह, अमित चंद्रवंशी, राजकुमार यादव, रघुपत सिंह, सुरेंद्र पासवान, सुनील सिंह, मनोज यादव, कृष्ण यादव, संतोष गिरी, दिनेश्वर पासवान, दीपक सिंह, कुणाल सिंह, रामस्वरूप पासवान, धर्मेंद्र शर्मा, भैरव गुप्ता, रक्षया राम, विनय प्रसाद, अजय यादव और संजय यादव आदि उपस्थित रहे।

# सेविका की मनमानी से आंगनबाड़ी केंद्र प्रभावित : ग्रामीण

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर प्रखंड के भैसाखांड पंचायत अंतर्गत आदिवासी टोला में विगत कई वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा था। पूर्व सेविका की सेवा समाप्ति के बाद नव-नियुक्त सेविका नीरजा देवी पर आरोप है कि उन्होंने मनमानी करते हुए केंद्र को अपने गांव कुमियाही स्थित आवास में चला रही हैं, जो उक्त टोला से लगभग तीन किलोमीटर दूर है। ग्रामीणों का कहना है कि सेविका नियुक्ति के बाद आज तक टोला में नहीं गई हैं, जिससे बच्चों और महिलाओं को पोषाहार का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नियुक्ति प्रक्रिया में भी अनियमितता का आरोप लगाया गया है, जिसके विरुद्ध पलामू डीसी को भी शिकायत दी गई है। ग्रामीणों ने छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर वर्तमान सेविका के विरुद्ध जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं मुखिया उमेश यादव ने भी नियुक्ति को गलत बताते हुए सभी लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केंद्र की सुविधा नियमित रूप से दिलाने की मांग की है। आवेदन देने वाले में बैजनाथ सिंह, महेंद्र सिंह, अशोक सिंह, प्रमोद उरांव, सरिता देवी, दुखनि देवी, पूनम देवी सहित 43 ग्रामीणों के हस्ताक्षर है।

# विहिप एवं उसके आयामों का जिला स्तरीय अभ्यास वर्ग संपन्न




**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप), बजरंग दल एवं महिला शाखा मातृशक्ति-दुर्गा वाहिनी, पलामू के तत्वावधान में जिला स्तरीय एक दिवसीय अभ्यास वर्ग रविवार को छतरपुर के सड़मा स्थित गुलाब चंद्र कॉलेज में संपन्न हुआ। इस अभ्यास वर्ग में जिले भर से लगभग 200 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रांत से आए वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में यह वर्ग संचालित किया गया। प्रथम उद्घाटन सत्र में सर्वप्रथम राम दरबार एवं भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। इसके बाद ओंकार मंत्र, एकता मंत्र एवं विजय महामंत्र के साथ सत्र का शुभारंभ हुआ। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत कार्यकर्ताओं ने विहिप की स्थापना, उद्देश्य एवं अब तक की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। द्वितीय सत्र में सभी कार्यकर्ताओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शारीरिक प्रशिक्षण के विभिन्न अभ्यास कराए गए एवं उन्हें नियमित रूप से ऐसे अभ्यास जारी रखने को प्रेरित किया गया। तृतीय सत्र में दीप प्रज्वलन मंत्र, एकता मंत्र एवं विजय महामंत्र के साथ समापन जयघोष का अभ्यास कराया गया। अंत में आगामी कार्यक्रमों पर बौद्धिक सत्र के साथ अभ्यास वर्ग का सफलतापूर्वक समापन हुआ। वहीं, इस दिन के अभ्यास वर्ग में प्रांत बजरंग दल संयोजक रंगनाथ महतो, प्रांत विश्व हिंदू परिषद सेवा टोली सदस्य सह पलामू जिला पालक दामोदर मिश्र, विभाग मंत्री महेंद्र नाथ, विभाग संगठन मंत्री विजय यादव, विभाग बजरंग दल संयोजक सूरज, जिला उपाध्यक्ष अनामिका सिंह, जिला मंत्री अमित तिवारी, सह मंत्री पप्पू सिंह, जिला संगठन मंत्री संतोष यादव, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, सोनू सिंह, हिमांशु पांडेय, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका कामिनी सिंह, बलोपासना प्रमुख विकास कुमार कश्यप, साप्ताहिक मिलन प्रमुख अभिराज गुप्ता आदि मौजूद थे।

# सरकार की कार्यप्रणाली से पंचायत प्रतिनिधियों में रोष, 15 को प्रदर्शन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के कृष्णा नगर स्थित प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी के आवास परिसर में रविवार को पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक हुई। जिसमें प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, पंसस एवं विभिन्न वार्ड सदस्य शामिल हुए। इस दौरान सभी सदस्यों में राज्य सरकार की कार्यप्रणाली के प्रति रोष दिखा। उनका कहना था कि स्थानीय प्रतिनिधियों को सरकार ने आज हासिये पर लाकर खड़ा कर दिया है। सरकार ने वर्त्तमान में 15वीं वित्त आयोग से जन कल्याणकारी विकास कार्यों का आवंटन बंद कर दिया है। पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मान जनक मानदेय भी नहीं मिलता है। इसे लेकर सबने सरकार की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 15 जुलाई को प्रखंड कार्यालय परिसर में विरोध मार्च निकालनेका निर्णय लिया। प्रखंड प्रमुख ने बताया कि अपने हक और अधिकार के लिए क्षेत्र के सभी पंचायत प्रतिनिधि उक्त धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे। इस मौके पर उप प्रमुख इंदु देवी, मुखिया सरिता कुमारी, विजय राम, सुदामा यादव, आत्मेश कुमार सिंह, अमरेंद्र ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य अरबिंद मेहता, धनंजय यादव, राजवंश यादव, रमेश पासवान और मिंटू मेहता आदि मौजूद थे।

# धोबी मोहल्ला में जल जमाव से लोग बेहाल



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत अंतर्गत धोबी मोहल्ला में बरसात के पानी से उत्पन्न हुए जल जमाव की की समस्या ने लोग बेहत परेशान हैं। उनका घर से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं, गंदे पानी से मोहल्ले में दुर्गंध फैल रही और मच्छड़ों का प्रकोप बढ़ गया है। मोहल्लेवासी नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। वे इस समस्या से बीते आठ सालों से हर बरसात के समय जूझ रहे हैं। पानी निकासी के लिए नाली निर्माण को लेकर कई बार प्रशासन से मांग की गयी, लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं हुई है। धोबी मोहल्ले के कुछ लोगों ने बताया कि 2022-23 में करीब आठ लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य के लिए टेंडर भी हुआ था, लेकिन बिचौलियों ने दूसरी जगह नाली बनवा दिया। जल जमाव के कारण मोहल्ले में संक्रामक फैलने का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने नगर प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# दो सगे भाइयों को पीटकर किया घायल

**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)। हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही गांव निवासी अयोध्या पासवान के दो पुत्र सिद्धू पासवान और जितेंद्र पासवान को शनिवार की रात आठ बजे गांव के ही विसुनदेव तांतो के पुत्र सोनू तांतो, संजीत तांतो, धीरज तांतो ने लाठी डंडा और धारदार हथियार से सिर में मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने दोनों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लाया, जहां दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय अस्पताल रेफर कर दिया।**

## श्राद्ध कर्म में शामिल हुए पर्यावरणविद, मृतक के नाम किया पौधरोपण

# पर्यावरण धर्म के तहत मृतक की आत्मा की शांति के लिए पौधा-पानी देने का है विधान : डॉ कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के मनहु गांव में शनिवार को विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु एवं वनराखी मूवमेंट के प्रणेता एवं पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने दिवंगत गणेश यादव के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ उनके नाम पर थाईलैंड प्रजाति के आम के पौधा का रोपण कर वहां उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मुल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। लगे हाथ ग्रामीणों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया। ट्री मैन डॉ कौशल ने कहा कि घर में अभिभावक के सिर से साया हट जाए तो उनके नाम का पौधा लगाकर उसे बचाने से उनकी छाया से बहुत से समस्याओं का निदान हो जाएगा। क्योंकि एक पेड़ 10 तरह के काम करते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत मृतक की आत्मा की शांति के लिए पिंड पानी देने का विधान है। पर्यावरण धर्म में धरती मां की धधकती आत्मा की शांति के लिए धरती मां को पौधा पानी देने का विधान है। पर्यावरणविद हमेशा से समाज के लोगों से श्राद्ध में सेजिया दान के साथ पौधा दान करने की अपील करते आ रहे हैं। ताकि आने वाले पीढ़ी को शुद्ध व स्वस्थ वातावरण मिल सके।

श्राद्ध कर्म में शामिल ग्राम पंचायत डाली बाजार के पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी,जुबेर अंसारी, बाबूराम, बसंत विश्वकर्मा, स्व गणेश यादव की धर्मपत्नी सुगिया देवी, पुत्र महेश यादव, अमरेश यादव, पुत्री सविता देवी, अनीता देवी दामाद अवधेश यादव, शीतल यादव, कर्मदेव यादव, ननकू यादव, तारकेश्वर यादव, अंकित, अभिषेक, सत्या सिंह सहित कई लोग शामिल थे।



पौधों का वितरण एवं रोपण करते वनराखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन कौशल किशोर।

# सुलतानी घाटी में अनियंत्रित हाइवा पलटा, दो घायल

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा थाना क्षेत्र के सुलतानी घाटी के समीप एनएच 139 पर रविवार को छतरपुर से हरिहरगंज की तरफ जा रही एक हाइवा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में चालक और सह चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संघ के जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने तत्काल एंबुलेंस को फोन कर ग्रामीणों की मदद से घायलों को हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। उनकी पहचान बिहार के जहानाबाद जिले के नवादा गांव निवासी मंटू कुमार (25) और रवि कुमार (22) के रूप मे हुई है।

## ऑटो पलटने से तीन घायल, चालक गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला रायडीह मार्ग स्थित मिल मिली मोड में ऑटो के पलटने से ऑटो चालक गुमला के बड़ाइक मोहल्ला निवासी कारण दुबे उसका एक साथी व रायडीह की एक युवती घायल हो गये। तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद ऑटो चालक और उसके साथी को सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक ऑटो चालक गुमला से रायडीह जा रहा था ऑटो में कई लोग सवार थे सभी रास्ते में ही अपने गंतव्य पर उतर गये। एक को रायडीह जाना था वह ऑटो में बैठी थी। तभी मिल मिली फुल के मोड में ऑटो में ब्रेक नहीं लगा और ऑटो सड़क पर ही पलट गया। घटना में युवती को पैर चालक को सर में चोट लगी साथ ही चालक का एक पैर भी टूट गया। चालक के साथी को पैर में चोट लगी है।

# चटकपुर में मवेशी लदे पिकअप को ग्रामीणों ने पकड़ा, चालक फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत कोंडरा पंचायत के रामरेखा धाम रोड स्थित चटकपुर गांव के समीप रविवार की अहले सुबह 4 बजे पिकअप वाहन पर 13 गोवंशीय पशुओं को ठूंस ठूंस कर वध हेतु ले जा रहे वाहन को ग्रामीणों ने घेराबंदी कर पकड़ा। ग्रामीणों को सूचना मिली थी कि एक पिकअप में गोवंशीय पशुओं को लोड कर छत्तीसगढ़ से लोहरदगा तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। ग्रामीण जब रामरेखा धाम रोड पर अवरोधक लगाकर जमा हुए। तब चालक भीड़ देखकर वाहन मोड़ने लगा लेकिन ग्रामीण सड़क के दोनों ओर घेराबंदी कर चुके थे। जिससे पिकअप चालक सड़क के बीच में ही वाहन को छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गया। ग्रामीणों ने सुरसांग थाना को फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर थाना से पुलिस घटना स्थल पहुंची पिकअप और 13 पशुओं को जप्त कर लिया। वही आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी पशुओं को ग्रामीणों के बीच जिम्मेनामा पर वितरण कर दिया गया। सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश टुडू ने कहा किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी की सूचना थाना को दे त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

# रंगदारी मांगने के मामले का फरार अभियुक्त गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला थाना की पुलिस ने पीएलएफआइ के सदस्य वारंटी व फरार अभियुक्त सिमडेगा जिला के फरसा बेड़ा निवासी 33 वर्षीय अनिल बाड़ा पिता कल्याण बाड़ा को रविवार की अपराह्न 3 बजे गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। अभियुक्त के विरुद्ध 2023 में गुमला थाना में रंगदारी मांगने के आरोप में केस दर्ज था। इस कांड में कुल पांच लोग शामिल थे। जिसमें बसिया के दो व सिमडेगा जिला के तीन अभियुक्त थे।सभी को 2023 में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। अनिल बाड़ा जमानत पर जेल से बाहर आया था। लेकिन लंबे समय से कोर्ट में गवाही के लिए उपस्थित नहीं हो रहा था। जिसके बाद कोर्ट द्वारा वारंट निर्गत किया गया था। पांच अपराधियों ने गुमला के एक व्यवसायी से 5 लाख की लेवी की मांग की थी। अनिल बाड़ा 2012 में पीएलएफआई के लिए काम करने के आरोप में जेल जा चुका है।

## बिनोद कुमार बने अग्रहरि वैश्य समाज के अध्यक्ष





**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के छतरपुर सामुदायिक भवन मे अग्रहरि वैश्य समाज की बैठक समाज के कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमे समाज के लोगों ने सर्व सहमति से विनोद गुप्ता को अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष मोतीलाल प्रसाद अग्रहरि एव उप कोषाध्यक्ष के रूप मे कोमता प्रसाद अग्रहरि को मनोनीत किया गया। बताते चले की अग्रहरि वैश्य समाज रायडीह के अध्यक्ष प्रेम प्रसाद अग्रहरि के निधन के बाद से समाज का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद कुमार अग्रहरि के नेतृत्व मे किया जा रहा था।जिसे समाज ने बैठक कर सर्व सहमति से श्री अग्रहरि गुप्ता को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी।वही अध्यक्ष बनने के श्री अग्रहरि ने कहा कि वे समाज को नई ऊचाईयों मे लें जाने मे अपना योगदान देंगे साथ ही उन्होंने कहा की उनकी टीम की पूरी कोशिश रहेगी की युवाओं को नशा से दूर रखते हुए शिक्षा एव स्व रोजगार के क्षेत्र मे आगे बढ़ाये जिससे की अग्रहरि वैश्य समाज उन्नति के पथ पर चले सके।

## भरनो में अलग-अलग जगहों पर वज्रपात से एक की मौत, चार घायल

**भरनो (आजाद सिपाही)।** अलग अलग गांव में रविवार की सुबह 10 बजे बारिश के दौरान आसमानी बिजली गिरा। पहली घटना जौली करंज थाना अंतर्गत जौली गांव में घटी। यहां कुछ लोग धान रोपाई कर रहे थे। इस दौरान बारिश हुई और अचानक वज्रपात हुआ। जिससे 45 वर्षीय सुका उरांव एवं 50 वर्षीय गंदूर मुंडा बुरी तरह झुलस गये। परिजनों ने दोनों घायलों को सिसई अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सदर अस्पताल गुमला रेफर किया गया। परंतु रास्ते में सुका उरांव की मौत हो गयी। जबकि गंदूर मुंडा का इलाज सदर अस्पताल गुमला में चल रहा है। इधर दूसरी घटना भरनो थाना क्षेत्र के कुम्हरों,भगतटोली गांव में हुई। यहां इस गांव के सूरज महली 22 वर्ष वज्रपात से घायल हुआ। वह बारिश के दौरान पड़ोसी जगरे उरांव के घर में था। इस दौरान वज्रपात हुआ जिससे घर के अंदर ही सूरज महली को तगड़ा झटका लगा। जगरे उरांव को भी हल्का झटका लगा। परिजनों ने उसे भरनो अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर किया गया। वहीं तीसरी घटना भरनो के खरवागढ़ा में हुई। यहां खेत पर धान रोपाई करने के दौरान वज्रपात से बीरेंद्र उरांव की 10 वर्षीय बेटी अंकिता घायल हो गयी। उसके एक पैर में झटका लगा। उसे भी भरनो अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## गुमला लायंस क्लब ने डायबिटीज और बीपी जांच शिविर का किया आयोजन




**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब गुमला द्वारा आयोजित डायबिटीज और बीपी जांच शिविर अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर रांची के पूर्व जिला पाल कमल जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करायी। लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया। शिविर में लगभग 32 व्यक्तियों का ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गयी और उन्हें स्वास्थ्य सलाह प्रदान की गयी। मुख्य अतिथि कमल जैन ने अपने संबोधन में लायंस क्लब गुमला की प्रशंसा करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला पाल शंकर लाल जाजोदिया को बैनर पैच और अवार्ड प्रदान किया गया। अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद ने सभी को बधाई दी, और रीजन चेयरपर्सन अशोक कुमार जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद, सचिव योगेंद्र प्रसाद साहू, रीजन चेयरपर्सन अशोक कुमार जायसवाल, जॉन चेयरपर्सन शंकर लाल जाजोदिया, राजकुमार अग्रवाल, पवन कुमार अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता, दामोदर कसेरा, अशोक आनंद, अनिल अग्रवाल, ब्रजकिशोर फोगला, राजलक्ष्मी आनंद, मनोरमा प्रसाद और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सचिव ला. योगेंद्र प्रसाद साहू ने सफलतापूर्वक कार्यक्रम का संचालन किया। लायंस क्लब गुमला का यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज सेवा के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

# पीठ पर बच्चे, सिर पर राशन... मंगरुताला की महिलाएं आज भी जंगल के पथरीले रास्तों से चलने को मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** झारखंड के गुमला जिले के जारी प्रखंड अंतर्गत जरडा पंचायत का सुदूरवर्ती गांव मंगरुताला आज भी विकास की धारा से कोसों दूर है। यह गांव चारों ओर से जंगल और पहाड़ों से घिरा हुआ है, जहां लगभग 25-30 परिवार रहते हैं।लेकिन आज तक गांव में पक्की सड़क,बिजली, पीने का स्वच्छ पानी और स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं पहुंची हैं।

**राशन लाने में जान का खतरा:** यहां की महिलाएं हर महीने राशन लाने के लिए पीठ पर अपने छोटे बच्चों को बांधकर और सिर पर राशन लादकर, कई किलोमीटर दूर सरकारी राशन केंद्र तक फिसलन भरे, पथरीले और जोखिमभरे जंगलों के रास्तों से होकर जाती हैं। वही पीठ पर बच्चा और सिर पर राशन लिए कार्मिला कुमारी ने बताती है कि हमें हर बार इसी रास्ते से जाना पड़ता है।कई बार गिरते हैं, चोट लगती है।लेकिन कोई ध्यान नहीं देता। यह वही क्षेत्र है जहां 1971 के युद्ध नायक शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का और आदिवासी समाजसेवी डॉ. सोना झरिया जैसे महापुरुषों का जन्म हुआ। लेकिन यह वीरभूमि आज भी एक पक्की सड़क और मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। गांव में बिजली के खंभे और तार वर्षों पहले लगाए गए, लेकिन आज तक एक भी बल्ब नहीं जला। रात होते ही गांव घुप अंधेरे में डूब जाता है।गांव में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है।ग्रामीण जानवरों द्वारा खोदे गए गड्ढों और गंदे जलस्रोतों से पानी भरते हैं। नल,हैंडपंप या टंकी जैसी कोई सुविधा नहीं है।

### परसा में सड़क नहीं बनने से पैदल चलना भी मुश्किल

गुमला। रायडीह प्रखंड के हजारो की आबादी वाला ग्राम परसा जो गुमला हेडक्वार्टर के करमटोली रोड से महज आठ किलोमीटर की दूरी पर है। वहां गांव घुसने वाला मुख्य सड़क में दो पहिया - चार पहिया गाड़ी घुसना तो दूर लोगों को पैदल चलना मुश्किल है। लोग कहते है कि पिछले बीस वर्षों से इस सड़क का निर्माण के लिए आमसभा कर जनप्रतिनिधि के माध्यम से प्रखंड और जिला प्रशासन तक गुहार लगायी गयी लेकिन अब तक करमटोली - चैनपुर जाने वाला मुख्य पक्की सड़क से परसा गांव घुसने वाला सड़क नहीं बना जिससे बरसात में ग्रामीणो को भारी दिक्कत होती है। एक ग्रामीण आनंद उरांव ने बताया कि पिछले वर्ष इस गांव का सड़क बनने के लिए ग्राम सड़क योजना के तहत योजनां स्वीकृत हुई लेकिन ठेका लेने में गांव वालों का आपसी तु तु मैं मैं के कारण सड़क नहीं बना और फंड की राशि वापस हो गया।

## लाबावार में खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** लाबावार गांव के आर्मी जवान हेरमन एक्का ने छूटी में घर आने पर रविवार को बच्चों के उत्साह हेतु खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें बिस्किट रेस, 100, 200 मीटर दौड़, सुई धागा रेस, बुजुर्गों के लिए मटका फूड,महिला पुरुष के लिए फुटबॉल, बम गिरा रेस प्रतियोगिता खेलाया गया सभी विजेताओं को अलग अलग पुरस्कार दिया गया। इसके पश्चात खेल के महत्व के बारे में बताया कि युवाओ को अभी से ही खेलकूद में शामिल होना चाहिए जिससे शारीरिक और मानसिक विकास के बहुत आवश्यकता है। मौके पर तेरेस एक्का, सुरेन्द्र बड़ाइक सहित ग्राम के लोगो उपस्थित थे।

## गुमला बाजार टांड़ में वन विभाग और बज्म-ए-रब्बानी ने किया पौधरोपण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के बाजार टांड़ में लगने वाली हाट में आए सब्जी विक्रेताओं, व्यापारियों और बाजार में खरीददारी करने वालों को भीषण गर्मी और धूप से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बज्मे रब्बानी ट्रस्ट ने वन विभाग के द्वारा प्रदत पौधा लगवाया। पिछले एक साल से पेड़ लगवाने के लिए प्रयासरत थी और अंततः रविवार को ट्रस्ट का सपना पूरा हुआ और ट्रस्ट के संरक्षक गौसिया मोती मस्जिद के ईमाम हाफिज जाहिद रब्बानी, इब्राहिम रब्बानी और पत्रकार अमरनाथ कश्यप ने संयुक्त रूप से पेड़ लगाकर इसकी शुरूआत की। वहीं ट्रस्ट के खजांची तहसीन रब्बानी ने बताया पूरे बाजार टांड़ परिसर में रब्बानी ट्रस्ट के पहल पर वन विभाग के द्वारा कुल तीन सौ फलदार और छायादार पेड़ लगाये जाने की योजना है। उन्होंने यह भी बताया पेड़ की देखभाल बज्मे रब्बानी ट्रस्ट करेगी क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि हजारों हजार पेड़ लगाए जाते हैं लेकिन बहुत कम संख्या में पेड़ सही सलामत रहते हैं। इसका एक मात्र वजह है कि आमजन सरकारी संपति को अपना संपति मानते ही नहीं। लेकिन बाजार टांड़ में लगाए गए पेड़ो की निगरानी ट्रस्ट के दो सौ युवक करेंगे ताकि कोई पेड़ को क्षति न पहुंचा पाएं चाहे वह इंसान हो या जानवर दोनो से बचाने के बाद ही पेड़ सुरक्षित रह सकता है। वहीं नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष कलीम अख्तर,अंजुमन इस्लामियां के नाजिम ए आला खलील अशर्फी समेत कई लोगों ने अपने हाथों से पेड़ लगाये। इधर ट्रस्ट के राज्य सचिव शादाब रब्बानी (गुलाब)ने बताया कि बहुत जल्द बाजार टांड़ में प्याऊ की शुरूआत की जायेगी जो फिलवक्त निर्माणाधीन है। उक्त प्याऊ से ठंडा और गरम दोनों तरह के पानी निःशुल्क मिलेंगे। मौके पर सदर पप्पू रब्बानी,रिंकू रब्बानी,शाहजहां रब्बानी, साजिद रब्बानी, रागिब रब्बानी, साबिर रब्बानी,उबैद रब्बानी,मो.कौसर आलम,शादाब रब्बानी, पिंटू रब्बानी, मुजाहिद रब्बानी, सादिक रब्बानी, सरफरज हाफिज साहब, खलील अशरफी, मिनहाज खान, सोनू रब्बानी, नियाज रब्बानी, सैफ खान रब्बानी, डब्लू कुरैशी रब्बानी, कौशर प्रेस समेत कमेटी के दर्जनों लोग पौधा रोपण किये।

## परिजनों ने युवक की खोजबीन की लगायी गुहार



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव बुरुहातू आमटोली निवासी पवन दास उम्र 17 वर्ष नामक एक युवक विगत 27 जून से है लापता। परिजनों ने कामडारा थाना मे कराया गुमशुदगी का मामला दर्ज। लापता युवक के पिता महादेव दास ने बताया कि उसका पुत्र पवन दास विगत 27 जून को घर मे बताया था कि वह रथ मेला देखने पकरा जा रहा है। परंतु देर रात तक वापस घर नहीं लौटा। उसके बाद आसपास मे सभी सगे संबंधी व रिश्तेदारों के घर पर भी खोजबीन की गयी। लेकिन आज तक पता नहीं चल पाया है। वहीं लापता युवक के पास एक मोबाइल भी है। जिसका नं 9234984105 है। लेकिन वह भी स्वीच्ड ऑफ बता रहा है। घर से निकलते वक्त लापता पवन दास काला रंग का फूलपैंट और काला टी शर्ट पहना हुआ था।

# सोलह दिवसीय हैंडबॉल प्रशिक्षण के लिए स्पोर्ट्स एकेडमी के दीपक कुमार का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने पुनः अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। जुन्नु रैन स्पोटर्स एकेडमी गुमला के होनहार युवा नेशनल हैंडबॉल खिलाड़ी दीपक कुमार का चयन देश के प्रसिद्ध खेल प्रशिक्षण केंद्र पटियाला (पंजाब) में सोलह दिवसीय हैंडवाल प्रशिक्षण के लिए हुए हैं। पूर्वाहन गुमला से पटियाला (पंजाब) जाने के क्रम में स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रशिक्षु खिलाडियों और समाज सेवियों ने फूलमाला और मिठाई खिलाकर गर्म जोशी के साथ विदाई दिया। इस मौके पर स्पोर्ट्स एकेडमी गुमला के मशहूर क्रिकेटर अशर आब्दीन बेडमिंटन के नेशनल खिलाड़ी अरिब अब्दीन, समाज सेवी निर्मल गोयल, मांगू उरांव के साथ -साथ एकेडमी के प्रशिक्ष खिलाडी उपस्थित थे। इस मोके पर एकेडमी के संस्थापक सैयद जुन्नू रेन 'जो आल इंडिया फुटबाल के गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी रहे है' ने कहा वर्तमान में हमें अपने खिलाडियों पर गर्व है कि खेल के क्षेत्र में जिला, राज्य और राष्ट्रिय स्तर पर विभिन्न खेलों में गुमला का नाम रौशन करते हुए अब ये देश के क्रिडा संस्थानों में प्रशिक्षण दे रहे है और प्रशिक्षण करा भी रहे है और राष्ट्रिय स्तर के हैंडबाल खेलों में अम्पायरिंग (रेफरी) की भूमिका को अंजाम दे रहे है। जैसे प्रमोद कुमार साहू, बीएचयू (बनारस) जवकि निशीकांत भगत महाराष्ट्र, श्वेता कुमारी (छत्तीसगढ़ ) सभी हैंडबाल, अमित महतो, पटियाला (पंजाब) कुश्ती (पहलवानी) में एनआइएस प्रशिक्षण में गये हुए है। गायत्व्य हो कि इन्हीं प्रतिभावान खिलाड़ियों में नवीन असुर बिशनपुर, वायु सेना, अमित कुमार कमांडो, विक्रानी कुमारी, इनामुल अंसारी आदि अनेकों खिलाड़ी सेना, आर्मी एवं बड़ी तादाद में झारखंड पुलिस में अपनी सेवा दे रहे हैं। इस पर जुन्नु रेन ने कहा कि बच्चों का आत्म निर्भारता ही हमारे जीवन का संतुष्टि का प्रतीक है।

## आरंगी में वज्रपात से मवेशी की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के आरंगी गांव में वज्रपात से शिवपूजन गोप के एक मवेशी की मौत हो गयी। वही पीड़ित शिवपूजन गोपन आंचल प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। वही पीड़ित शिवपूजन गोप ने बताया कि शनिवार की देर रात बारिश के साथ वज्रपात हुई। जिससे घर के बाहर मवेशी घर में बंधे एक बैल की मौत हो गयी। वही घटना की सूचना मिलने पर पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र उरांव पीड़ित से मिले। अंचल प्रशासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। साथ उन्होंने कहा कि शिवपूजन किस है। उसकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है।

## श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर देवाकी बाबा धाम मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में थाना प्रभारी पुनीत कुमार मिंज ने प्रबंधन समिति के साथ तैयारी का जायजा लिया। बैठक में मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा श्रावणी मेला की तैयारी की समीक्षा की। मंदिर परिसर में विधि व्यवस्था, साफ सफाई, पार्किंग, सुरक्षा संबंधित कई जानकारी थाना प्रभारी ने लिया। इस क्रम में सदस्यों ने प्रत्येक सोमवार को अत्यधिक भीड़ भाड़ होने की बात कही। जिसे लेकर सुरक्षा और भीड़ भाड़ पर नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन की उपस्थिति और चौकीदार को ड्यूटी में लगाए जाने का बात कही। जिसपर थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। भीड़-भाड़ नियंत्रण को लेकर पुलिस टीम रहेगा। मौके पर एसआई उपेंद्र पाठक, दिलीप साहू, बिपिन बिहारी सिंह, प्रदीप प्रसाद, विजय कुमार साहू, प्रेम जैसवाल, शिव सिंह, किशोर जायसवाल, अजय जायसवाल, आजाद साहू, संजय शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## टोल प्लाजा पर हो रही है मनमानी का चेंबर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने किया विरोध

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने टोल प्लाजा पर हो रही मनमानी के विरुद्ध तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बिना सड़क के पूर्ण निर्माण किए ही टोल टैक्स लेना कहीं से भी उचित नहीं है। नगड़ी टोल प्लाजा में 35 रूपए टैक्स लिया जाता है। जबकि यहां 105 रूपए की वसूली की जा रही है। जो सरासर गलत है। अभी भी रोड का निर्माण पूरा नहीं किया गया है। किंतु एजेंसी को लाभ पहुंचाने के लिए वसूली आरंभ कर दी गयी है। डीसी इसपर हस्तक्षेप करें अन्यथा आंदोलन किया जायेगा।

## पकरा में वृद्ध ने लगायी फांसी

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव पकरा निवासी बालचंद लोहरा उम्र 60 वर्ष रविवार को दोपहर में दिन के लगभग दो बजे के आसपास फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।बताया जा रहा कि मृतक बालचंद लोहरा का मानसिक स्थित कुछ दिन खराब था।वह रविवार की सुबह में चुपचाप गांव के आसपास घुम रहा था। इसी बीच दोपहर मे वह अचानक पकरा पहाड़ व वन क्षेत्र की ओर घुमने चला गया और एक पेड़ मे रस्सी के सहारे फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

### स्पोर्ट्स



डॉ संजय जैन को बेस्ट प्लेयर के खिताब से नवाजा गया। रनरअप प्लेयर रहे पंकज साबू व रनरअप टीम रही रोशन और जया मोदी की टीम सुपर शटलर।

# जेसी बैडमिंटन प्रीमियर लीग सीजन 2 का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जेसीआई रांची ने रविवार 13 जुलाई को ठाकुर विश्वनाथ सहदेव इनडोर स्टेडियम, खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, खेलगांव में आयोजित किया जेसी बैडमिंटन प्रीमियर लीग सीजन 2। इस बैडमिंटन प्रतियोगिता में कुल 12 टीम व कुल 60 लोगों ने हिस्सा लिया। इस एक दिवसीय आयोजन में सिंगल्स और डबल्स के कई बैडमिंटन मुकाबले हुए जिसमें सृजन हेतंसरिया की टीम म्यूचुअल स्मैशर्स ने प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। डॉ संजय जैन को बेस्ट प्लेयर के खिताब से नवाजा गया। रनरअप प्लेयर रहे पंकज साबू व रनरअप टीम रही रोशन और जया मोदी की टीम सुपर शटलर। डबल्स गेम के विजेता रहे ऋषभ जालान व विभोर चौधरी की टीम रही। महिला सिंगलस गेम में प्रिशा जैन विजेता रही और मधु जालान रनरअप रही।

इस कार्यक्रम का संचालन जेसी डॉ संजय जैन की अगुवाई में जेसी ऋषभ जैन, ऋषभ जालान, विभोर चौधरी और अग्निश मित्रा ने सफलता पूर्वक किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतीक जैन, मोहित वर्मा, आनंद धानुका, विजय पटेल, सौरभ साबू, सिद्धार्थ जयसवाल, अभिषेक जालान, तरुण अग्रवाल, अभिषेक जैन, साकेत अग्रवाल, संकेत सरावगी और अन्य उपस्थित थे।

## सरकार की गलत नीति का परिणाम है टोल प्लाजा पर मनमानी टैक्स वसूली : जेएनडी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल ने कहा है कि गुमला फोरलेन के नागफेनी में बने टोल प्लाजा में मनमाने टैक्स सूली को लूट बताते हुए कहा है कि केंद्र सरकार की मनमानी रवैया के कारण इस तरह से भारी भरकम टैक्स के नाम पर लूट मची हुई है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दल ने यह भी कहा है कि टोल टैक्स के नाम पर लोगों से भारी भरकम राशि लूटी जा जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों से भी पास बनने पर सालाना करीब 4200 की वसूली सीधे तौर पर डकैती है। केंद्र व राज्य सरकार इस मसले का हल जल्द नहीं निकालती है तो झारखंड नवनिर्माण दल बहुत जल्द इस मामले को लेकर आंदोलन की रणनीति बनायेगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संकुल स्तरीय कार्यशाला में शिक्षा में नवाचार पर जोर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में आयोजित एक भव्य संकुल स्तरीय कार्यशाला ने शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए। इस कार्यशाला में संकुल के विद्यालयों में सरस्वती विद्या मंदिर गुमला, रंजीत नारायण सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुदरा, सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भरनो, सरस्वती शिशु मंदिर मुर्गों, सरस्वती शिशु मंदिर ठेठईटाँगर तथा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बसिया के आचार्यो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन का प्राथमिक लक्ष्य आचार्य को आधुनिक शिक्षण तकनीकों से लैस करना और विद्यार्थियों के लिए अधिक प्रभावी व प्रेरणादायक सीखने का माहौल तैयार करना था। कार्यशाला का शुभारंभ विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, सह सचिव,कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंहा ने दीप प्रज्वलन कर किया। आचार्य को संबोधित करते हुए विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने कहा कि एकाग्रता और गतिविधि आधारित शिक्षण बालकों के विकास में सहायक है। उन्होंने अपने संबोधन में बुद्धि, मन और चित्त की एकाग्रता पर विशेष जोर दिया तथा कहा कि शिक्षण केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं है, बल्कि यह भैया बहनों के सर्वांगीण विकास की नींव रखना है।

# बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

## धनबाद से चोरी की छह बाइक बरामद, गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** वाहन जांच अभियान के दौरान पकड़े गए एक आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से चोरी की छह बाइक भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर हरला थाना क्षेत्र के बसंती मोड पर 12 एवं 13 जुलाई की रात लगाए गए जांच अभियान के क्रम में भागते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उसकी निशानदेही पर एसपी हरविंदर सिंह द्वारा गठित विशेष टीम ने धनबाद के गोंदूडीह ओपी क्षेत्र में छापामारी कर चोरी की छह बाइक बरामद की। सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि वाहन जांच के क्रम में पकड़े गए आरोपी सहित कुल चार लोग पुलिस के हत्थे चढ़े है। उनकी पहचान अविनाश कुमार पांडेय उर्फ जट्टा, प्रकाश कुमार पासी उर्फ सबूमा, अंकित कुमार उर्फ चंगु और कुंदन यादव के रूप में हुई है। पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि चोरी की बाईकों का उपयोग कोयले की अवैध ढुलाई में किया जाता था।



बाइक गिरोह के पकड़े गये सदस्यों की जानकारी देती पुलिस।



चोरों के पास से जब्त की गयी बाइक।

# धनबाद राउंड टेबल 342 के नये चेयरमैन बने सूरज सारिया



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद राउंड टेबल 342 का छठवां वार्षिक आमसभा रविवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन के नए कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई और औपचारिक रूप से उन्हें पदभार सौंपे गये। सूरज सारिया को वर्ष 2025-26 के लिए चेयरमैन नियुक्त किया गया। सामाजिक कार्यों और संगठनात्मक नेतृत्व में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सूरज अब टेबल की कमान संभालेंगे। वहीं, नयी कार्यकारिणी में रोहित अग्रवाल को वाइस चेयरमैन, अभिषेक गुप्ता को सचिव, अंकित उपाध्याय को कोषाध्यक्ष (ट्रेजरर) और अनूप गोयल को इमीडिएट पास्ट चेयरमैन घोषित किया गया। अनूप गोयल को उनके पिछले कार्यकाल में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए धन्यवाद एवं सम्मान दिया गया। एजीएम के दौरान सदस्यों और उनके परिवारों ने एक साथ मिलकर संगठन की उपलब्धियों को साझा किया और आने वाले वर्ष के लिए योजनाएं बनाईं। नई टीम ने शिक्षा के माध्यम से स्वतंत्रता के मूल उद्देश्य को आगे बढ़ाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

# मारवाड़ी महिला समिति की सरायढेला शाखा ने आयोजित किया सावन मेला



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की सरायढेला शाखा ने रविवार को हीरापुर अग्रसेन भवन में सावन मेला आयोजित किया। समिति की अध्यक्ष नीलिमा अग्रवाल ने बताया कि यह मेला पिछले 10 वर्षों से आयोजित हो रहा है। इसमें राखी, कपड़े, गिफ्ट्स, होम डेकोरेशन, खाने पीने के समान एवं खेल कूद के कुल 20 स्टाल लगाए गए हैं। श्रावण माह के साथ ही तीज और राखी पर्व आने वाले हैं। जिसे देखते हुए महिलाएं जमकर खरीददारी करती है। इसी को देखते हुए यह मेला लगाया गया है, ताकि उन्हें एक ही छत के नीचे सभी सामान उपलब्ध हो सके। इस मेले के आयोजन के पीछे मकसद नारी शक्ति को बढ़ावा देना है। सबसे खास बात यह है कि इस मेले से जो भी कमाई होती है उसे गरीबों-जरूरतमंदों की सहायता में खर्च किया जाता है जिसमें वृद्धाश्रम, अनाथ आश्रम, गौशाला आदि शामिल है। मारवाड़ी महिला समिति की सदस्यों का कहन है कि गरीब कन्या के विवाह में भी आर्थिक मदद के अलावा लोगों को नेत्रदान और अंगदान के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं। इस मौके पर नीलिमा अग्रवाल, मीतू तुलस्यान, एकता गांगेसरिया, रंजू गोयल, ज्योति अग्रवाल, बिना भरतीया, मंजू सांवरिया, आशा, संध्या, उर्मिला, श्वेता, रेखा, निशा, संगीता, सुमन, चेरी, बीना, पूनम, किरण, नीला, शशि, अनीता, उपासना, ललिता, मीनू आदि मौजूद थीं।

# रेलवे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए डिब्बों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

- बेहतर सुरक्षा के लिए सभी 74,000 डिब्बों और 15,000 इंजन में सीसीटीवी कैमरे
- रेलवे प्रत्येक डिब्बे में चार सीसीटीवी कैमरे और लोकोमोटिव में छह कैमरे लगायेगा
- 100 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति और कम रोशनी में भी उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी फुटेज सुनिश्चित किये जायेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** यात्री डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रायोगिक परिणाम के सकारात्मक परिणाम के आधार पर, रेलवे ने सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। इस कदम से यात्री सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा। बदमाश और संगठित गिरोह भोले-भाले यात्रियों का फायदा उठाते हैं। कैमरे लगने से ऐसी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। यात्रियों की निजता बनाए रखने के लिए, दरवाजों के पास सामान्य आवागमन क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह बिट्टू ने इंजनों और डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रगति की समीक्षा की। शनिवार 12 जुलाई, 2025 को आयोजित बैठक में रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

### 360-डिग्री व्यापक कवरेज

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि उत्तर रेलवे के लोको इंजन और डिब्बों में सफल परीक्षण किए जा चुके हैं। केंद्रीय रेल मंत्री ने सभी 74,000 डिब्बों और 15,000 इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमति दे दी है। प्रत्येक रेलवे डिब्बे में 4 डोम सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे - प्रत्येक प्रवेश मार्ग पर 2 और प्रत्येक लोकोमोटिव में 6 सीसीटीवी कैमरे होंगे। इनमें लोकोमोटिव के आगे, पीछे और दोनों तरफ 1-1 कैमरा शामिल होंगे। प्रत्येक कैब (आगे और पीछे) में 1 डोम सीसीटीवी कैमरा और डेस्क पर 2 माइक्रोफोन लगाये जाएंगे।

### समस्याओं के लिए आधुनिक निगरानी

अधिकारियों ने साझा किया कि सीसीटीवी कैमरे नवीनतम मानकों वाले होंगे और एसटीक्यूसी प्रमाणित होंगे। केंद्रीय रेल मंत्री ने सर्वश्रेष्ठ उपकरणों को इस्तेमाल करने पर जोर दिया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि 100 किमी प्रति घंटे से अधिक गति और कम रोशनी की स्थिति में चलने वाली ट्रेनों के उच्च गुणवत्ता वाले फुटेज उपलब्ध हों। केंद्रीय रेल मंत्री ने अधिकारियों को इंडियाएआई मिशन के सहयोग से सीसीटीवी कैमरों द्वारा लिए गए डेटा पर एआई के उपयोग का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### डेटा गोपनीयता मूल में

डिब्बों के सामान्य आवागमन क्षेत्रों में कैमरे लगाने का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा में सुधार लाना है। निजता का ध्यान रखते हुए, ये कैमरे शरारती तत्वों की पहचान करने में भी मदद करेंगे। भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण के प्रयास, सुरक्षित, संरक्षित और यात्री-अनुकूल यात्रा अनुभव के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# आज सदर अस्पताल के मेडिसिन में रहेंगे डॉ पीपी पांडेय, फिजियोथेरेपी में डॉ दीपाली रॉय

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी आदित्य रंजन के निर्देश पर सदर अस्पताल में सोमवार को सदर अस्पताल के मेडिसिन विभाग में डॉ पीपी पांडेय और डॉ शीला रहेंगे। जबकि हड्डी रोग में डॉ मुकेश प्रसाद, सर्जरी में डॉ संजीव गोलाश, नेत्र में डॉ सरोजिनी मुर्मू, दंत रोग में डॉ अनुपमा, शिशु रोग में डॉ पल्लवी, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में डॉ रूमा प्रसाद और फिजियोथेरेपी में डॉ दीपाली रॉय रहेंगे। वहीं, गायनी इमर्जेंसी में सुबह 8 बजे से दोपहर दो बजे तक डॉ सुमन, दोपहर दो बजे से रात 8 बजे तक डॉ सुरभि और रात 8 बजे से मंगलवार सुबह आठ बजे तक डॉ अपूर्व दत्ता रहेंगे। जनरल इमर्जेंसी में सुबह नौ बजे से अपराह्न तीन बजे तक डॉ मंगेश, उसके बाद से रात नौ बजे तक डॉ नीलम बाला और रात नौ बजे से अगले दिन मंगलवार सुबह 9 बजे तक डॉ राकेश रंजन रहेंगे।

# निर्दोष ग्रामीणों पर लाठीचार्ज करने वाले दोषी अधिकारियों पर हो कड़ी कार्रवाईः अनुपमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/जोरापोखर।** आसनबनी गांव में जमीन अधिग्रहण के दौरान रैयतों पर सेल के संवेदक केटीएमपीएल कंपनी के इशारे पर अधिकारियों एवं केटीएमपीएल के लठैतों द्वारा किये गये लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उक्त बातें कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जिस प्रकार से घसीट कर मारा पीटा गया वह अति निंदनीय ही नहीं, बल्कि मानवता को शर्मसार करने वाला है। बारिश के इस मौसम में कृषि भूमि योग्य जमीन में रैयत अपने पूरे वर्ष की धान की फसल उगाकर अपना भरण पोषण करते हैं। ऐसे में बिना सभी रैयतों से जमीन के बदले उन्हें उचित मुआवजा एवं सूचना दिए इतनी बड़ी संख्या में सेल प्रबंधन की ओर से पुलिस मंगवाकर ग्रामीणों की फसल को रौंदा गया। यह नहीं से स्वीकार योग्य नहीं है। खेती और घरों को उजाड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने संयम बनाए रखा अन्यथा बहुत बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर तासरा प्रोजेक्ट के विस्थापितों के लिए रिहैबिलिटेशन की ओर से 41 एकड़ जमीन की आड़ में बलपूर्वक दबाने की कोशिश की जा रही है। उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। जिन ग्रामीण रैयतो को मुआवजा नहीं दिया गया उनकी जमीन भी जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। कहा कि अभी मैं दिल्ली में हूं। यहां से लौटने पर बलियापुर के आसनबनी के पीड़ितों से मिलकर प्रशासन से दोषियों के खिलाफ उजित कार्वाई की मांग करूंगी।

# बरनवाल युवा मंच महिला समिति ने धूमधाम से मनाया सावन महोत्सव




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बरनवाल युवा मंच महिला समिति की ओर से रविवार को सावन महोत्सव का आयोजन जोड़ा फाटक रोड स्थित होटल कृतिमान में धूमधाम से किया गया। इसमें समाज की सैकड़ों महिलाए उपस्थित रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं महिला समिति की कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से सर्वप्रथम अहिवरन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद मुख्य अतिथि सुभद्रा गुप्ता को भगवत गीता, बुके,मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी कार्यकारिणी की महिला सदस्यों ने शानदार आयोजन किया जिसमें महिलाओं के लिए झूले, डांस, सोलो डांस, हाऊजी गेम्स, फ्लोर डांस, क्विज प्रतियोगिता के साथ ही नाश्ता और खाने का आयोजन किया गया था। प्रतिभा कुमारी ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनीता बरनवाल, रजनी बरनवाल, रंजना बरनवाल, प्रतिभा कुमारी और प्रियंका बरनवाल ने किया। वहीं, सावन महोत्सव को सफल बनाने में सुनीता बरनवाल, रंजना बरनवाल, सरिता बरनवाल, कंचन बरनवाल, लवली बरनवाल, रूबी बरनवाल, सुमन बरनवाल, सुषमा बरनवाल, रूबी कुमारी आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। धन्यवाद ज्ञापन सुनीता बरनवाल ने किया।

# सामाजिक कार्यों के लिए उदय प्रताप सिंह सम्मानित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** श्रीराम शोभा यात्रा कमेटी की ओर से श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह को सामाजिक कार्यों के लिए उनके आवासीय कार्यालय में रविवार को अंग वस्त्र ओढाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उदय प्रताप सिंह ने कहा कि समाज में श्रीराम शोभायात्रा जैसा संगठन बहुत जरूरी है, क्योंकि संगठन लोगों में बहुत ही भव्य श्रीराम यात्रा निकालकर धार्मिक संस्कारिक जागरूकता लाती है। जिसका सीधा सकारात्मक लाभ हमारे युवाओं पर पड़ता है। लोगों के हर दुख और सुख में यह संगठन खड़ा रहता है। मैं इस सम्मान के लिए उनका आभार प्रकट करता हूं। इस मौके पर आयुष तिवारी, अंकित पांडेय, नीरज निखिल, स्वेतभा सिंह, अजय पांडे थे।

# जागृत मंदिर से निकली विशाल कलश शोभायात्रा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** चिरागोड़ा जागृत मंदिर में रविवार की सुबह सात बजे विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। तीन दिवसीय (13 से 16 जुलाई) तक आयोजित होने वाले प्रथम प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ उत्सव को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। इसकी जानकारी देते हुए समिति के सह सचिव बिल्लू गुप्ता ने बताया कि यज्ञ के प्रथम चरण में रविवार कजली तृतीया के दिन विशाल कलश शोभा यात्रा जागृत मंदिर परिसर से नगर भ्रमण को निकाली गयी। श्रावण माह के 14 जुलाई को पहली सोमवारी पर आचार्य सुबोध पांडेय की ओर से देवता अर्चन, पूजन, बेदी पूजन, रुद्राभिषेक एवं संध्या में 101 महिलाओं द्वारा सुंदर कांड पाठ एवं भजन कीर्तन किया जाएगा। 15 जुलाई को सुबह से आचार्य सुबोध पांडे के नेतृत्व में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा चंडीपाठ, वेदी पूजन एवं हवन होगी। इसी दिन रात नौ बजे से विशाल भगवती जागरण का आयोजन होगा जिसमें आकर्षक झांकी पेश की जाएगी। जबकि 16 जुलाई को विशाल भंडारा होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता अयोध्या प्रसाद (मुनमुन बाबू), अमरेंदर सहाय, मनोज मालाकार, विजय तिवारी, आशिष कुमार, संतोष मिश्रा, आशीष आनंद, कुणाल सिंह, अध्यक्ष रविंद्र कुमार, उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिन्हा, अजय कुमार भट्ट, महासचिव राजेश कुमार सिन्हा, सह सचिव बिल्लू कुमार गुप्ता, अनूप कुमार सहाय, कोषाध्यक्ष कुमार अरविंद, राजमणी देवी, कार्यकारिणी सदस्य अरुण दुबे, सुबोध कुमार, नीतीश सिंह, रंजीत साहू आदि जुटे हुए हैं।

# नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस ने कसा शिकंजा

## 18 किलो गांजा और विदेशी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** नशा के गोरख धंधे में शामिल तस्करों-कारोबारियों के खिलाफ पुलिस की दबिश लगातार जारी है। इसी कड़ी में बीएस सिटी पुलिस ने गांजा की बड़ी खेप जब्त की है। साथ ही 192 बोतल अवैध विदेशी शराब भी बरामद की है। लगे हाथ दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। उनके पास से 18 किलो गांजा,103 बोतल बीयर, 89 बोतल विदेशी शराब, एक कार एवं दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। उक्त कारवाई एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने की। जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दुग्गल गेट इलाके में छापामारी की। इस दौरान एक कार में छिपाकर ले जाये जा रहे नौ किलो गांजा एवं शराब की बोतलों को बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से ही आरोपी अनिल यादव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि यह गांजा उसे मिथिलेश यादव ने बेचने के लिए दिया था। इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर मिथिलेश को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मिथिलेश की निशानदेही पर चास थाना क्षेत्र स्थित प्रभात कॉलोनी में टिकू उर्फ. सुनील महतो के किराए के मकान से नौ किलो गांजा एवं विदेशी शराब की बोतलें जब्त की। एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बोकारो में अवैध गांजा एवं शराब की तस्करी का नेटवर्क सक्रिय हो रहा है। इसी सूचना पर कार्रवाई की गई। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी अनिल यादव पर अवैध शराब बिक्री के तीन मामले बीएस सिटी थाना में पहले से ही दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस नशे के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए कृतसंकल्प है।

# झारखंड वन श्रमिक यूनियन ने दी धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** झारखंड वन श्रमिक यूनियन की बैठक रविवार को बेतला मे की गई। जिसकी अध्यक्षता वन यूनियन के अध्यक्षता सिद्धार्थ झा ने की। बैठक में श्रमिक यूनियनों की समस्या पर चर्चा की गई। इस दौरान यूनियन के अध्यक्ष सिद्धिनाथ झा ने कहा कि 10 जुलाई को बैठक कर अपनी समस्या का 6 सूत्री मांग पत्र मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेश पलामू व्याघ्र परियोजना कार्यालय डालटनगंज में सौंपा गया था पर हमारी मांगों पर अब तक अधिकारी द्वारा कोई मंतव्य नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में निर्णय लिया है कि अधिकारियों को दिए गए मांग पत्र पर 28 जुलाई तक हमारी मांग पुरी नही होती है।


तो सभी झारखंड वन श्रमिक यूनियन 29 जुलाई को मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेश पलामू व्याघ्र परियोजना डालटनगंज के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेवारी विभाग के अधिकारियों की होगी। बैठक में झारखंड वन श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष सिद्धिनाथ झा, उपाध्यक्ष सुधीर कुमार तिवारी, संयुक्त सचिव मुकुट स्टेफन तिर्की, क्षेत्रीय मंत्री छिपादोहर बेनेदिक लकड़ा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र मेहता, सदस्य ललित उरांव, क्षेत्रीय मंत्री कुटकू मनोज कुमार पासवान, क्षेत्रीय अध्यक्ष जीतवाहन सिंह, सदस्य फैज अंसारी अशोक सिंह सुनिता देवी निर्मल सिंह सुरेंद्र कुमार समेत यूनियन के कई लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 14 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# तमिलनाडु में मालगाड़ी पटरी से उतरी, 18 बोगियां जली

**52 बोगियों में डीजल था, 40 अलग की गयी**

**तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन का इलाका खाली कराया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**तिरुवल्लूर।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास मनाली से जोलारपेट होते हुए कर्नाटक जा रही एक डीजल मालगाड़ी पटरी से उतर गयी। इसके बाद उसमें आग लग गयी। शुरुआत में पांच बोगियों में आग लगी। बाद में यह 18 बोगियां आग की चपेट में आ गयीं। घटना रविवार सुबह 5.30 बजे हुई। मालगाड़ी में 52 बोगियां थीं।

जिला कलेक्टर एम प्रताप ने बताया कि 40 बोगियों को जलती हुई ट्रेन से अलग कर लिया गया है। वहीं, रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है।

फायर ब्रिगेड की कई टीमें बुलायी गयीं। दोपहर तक मिली जानकारी के मुताबिक 10 गाड़ियों की मदद से आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। इधर, रेलवे और पुलिस घटना वाली जगह से 100 मीटर दूर पटरी पर मिली दरार की भी जांच कर रहे हैं।

**रेलवे का बयान- तीसरे डिब्बे में सबसे पहले लगी थी आग :** रेलवे ने एक बयान में बताया कि मालगाड़ी के तीसरे डिब्बे में आग लगने की खबर मिलते ही, लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाये। तिरुवल्लूर के स्टेशन मास्टर ने ओवरहेड (ओएचइ) बिजली आपूर्ति बंद रोक दी। हालांकि, जब तक ट्रेन रोकी गयी, आग 19वें डिब्बे तक फैल गयी थी। इस हादसे के कारण चेन्नई को बैंगलोर, केरल और रेणुगुंटा/तिरुपति से जोड़ने वाले चेन्नई अरकोणम सेक्शन में रेल परिचालन स्थगित करना पड़ा। चेन्नई सेंट्रल से शुरू होने वाली या वहां तक जाने वाली 12 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया, और कई अन्य ट्रेनों का या तो रूट बदल दिया गया या उन्हें बीच में ही रोक दिया गया।

### आग की घटना से ट्रेनों के समय में हुआ बदलाव

ट्रेन हादसे के कारण डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल स्टेशन से रवाना होने वाली ट्रेनों सहित कई ट्रेनें रद्द कर दी गयीं या प्रभावित हुईं। दक्षिण रेलवे ने एक बयान में कहा कि तिरुवल्लूर के पास आग लगने की घटना के कारण सुरक्षा उपाय के तौर पर ओवरहेड पावर बंद कर दिया गया है। इसके कारण ट्रेनों के समय में बदलाव किये गये हैं।

# शुभांशु समेत चारों अंतरिक्ष यात्रियों की आइएसएस से विदाई की तैयारी शुरू

**अंतरराष्ट्रीय भोज संपन्न, आज शुरू होगी वापसी की यात्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अंतरिक्ष में 18 दिनों तक वैज्ञानिक प्रयोग करने के बाद अब भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और उनके तीन अन्य साथी पृथ्वी पर वापस आने की तैयारी में जुट गये हैं। इनकी वापसी यात्रा सोमवार को शुरू होगी।

एक्सिओम-4 मिशन में कुल चार अंतरिक्ष यात्री हैं। इनमें क्रू कमांडर पेगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु शुक्ला, पोलैंड के निवासी और मिशन विशेषज्ञ स्लावोस्ज उज्नांस्की-विस्निवस्की, हंगरी के निवासी और मिशन विशेषज्ञ टिबोर कापु शामिल हैं। यह दल सोमवार को भारतीय समयानुसार शाम 4:35 बजे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) से रवाना होगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि



एक्सिओम-4 दल 15 जुलाई को दोपहर तीन बजे (भारतीय समयानुसार) समुद्र में उतरेगा। शुक्रवार और शनिवार को सभी अंतरिक्ष यात्रियों ने मिलकर विदाई से पहले आइएसएस में एक विशेष भोज का आयोजन किया।

**अंतरिक्ष में अंतरराष्ट्रीय भोज :** अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री जॉनी किम ने एक्स पर लिखा कि उन्होंने एक्सिओम-4 दल के साथ जो भोजन किया, वह सबसे यादगार शामों में से एक थी। इस भोज में रिहाइड्रेटेड झींगा कॉकटेल और क्रैकर्स स्टार्टर के तौर पर था, वहीं मुख्य व्यंजन में चिकन और बीफ फजिटास, जबकि मिठाई के तौर पर ब्रेड, गाढ़ा दूध और अखरोट से बनी केक दी गयी थी। बता दें कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने साथ आमरस और गाजर का हलवा ले गये थे, वहीं पोलिश यात्री स्लावोस्ज ने पिएरोगी (मशरूम और पत्तागोभी से भरी डिश) साझा की।

**अंतरिक्ष में किये गये वैज्ञानिक प्रयोग :** शुभांशु ने अंतरिक्ष में माइक्रोएल्गी प्रयोग किया। माइक्रोएल्गी (सूक्ष्म शैवाल) भविष्य में अंतरिक्ष यात्राओं के लिए खाद्य, ऑक्सीजन और बायोफ्यूल का स्रोत बन सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने कई शोधों में भाग लिया, जिसमें स्पेससूट की जांच और मरम्मत, एक्सरसाइज अनुसंधान, आंखों की गतिविधि और समन्वय, मस्तिष्क पर अंतरिक्ष के असर, संज्ञानात्मक क्षमता और सीखने की जांच, मस्तिष्क की तरंगों और रक्त प्रवाह की निगरानी और रेडिएशन डोज की गणना शामिल है।

### अंतरिक्ष यान की वापसी प्रक्रिया

एक्सिओम-4 के अंतरिक्ष यात्री सोमवार दोपहर 2:25 बजे (भारतीय समयानुसार) अपने स्पेससूट पहन कर ड्रैगन अंतरिक्ष यान में बैठेंगे। फिर यान आइएसएस से स्वत: अलग होकर धीरे-धीरे पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करेगा और अंत में अमेरिका के कैलिफोर्निया तट पर समुद्र में उतरेगा। नासा ने बताया कि ड्रैगन यान में 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों के डेटा और लगभग 580 पाउंड सामग्री के साथ वापसी होगी।

### वापसी के बाद क्या होगा

इसरो के अनुसार शुभांशु शुक्ला की वापसी के बाद उन्हें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में फिर से ढलने के लिए लगभग सात दिन का पुनर्वास कार्यक्रम दिया जायेगा, जिसे फ्लाइट सर्जन की देखरेख में किया जायेगा। इस मिशन के लिए इसरो ने करीब 550 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। यह अनुभव भारत के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' (2027 में प्रस्तावित) की योजना और तैयारी में मदद करेगा।











































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**